फा. सं. 6/15/2023-डीजीटीआर
भारत सरकार
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
वाणिज्य विभाग
व्यापार उपचार महानिदेशालय
जीवन तारा बिल्डिंग, संसद मार्ग, नई दिल्ली- 110001

दिनांक 14 अगस्त, 2024

अंतिम जांच परिणाम
मामला सं. - AD(OI)- 14/2023

विषय: चीन जन. गण., कोरिया गणराज्य और थाईलैंड के मूल के अथवा वहां से निर्यातित "एपिक्लोरोहाइड्रिन" के आयातों से संबंधित पाटनरोधी जांच ।

क. मामले की पृष्ठभूमि

1. समय-समय पर यथासंशोधित सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 (जिसे आगे अधिनियम भी कहा गया है) और उसकी समय-समय पर यथासंशोधित सीमा शुल्क टैरिफ (पाटित वस्तुओं की पहचान उन पर पाटनरोधी शुल्क का आकलन और संग्रहण तथा क्षति निर्धारण) नियमावली,1995 (जिसे आगे पाटनरोधी नियमावली या नियमावली भी कहा गया है) को ध्यान में रखते हुए: एपिग्रल लिमिटेड (जिसे पूर्व में मेघमनि फाइनकेम लिमिटेड रूप में जाना जाता था) (जिसे आगे आवेदक या घरेलू उद्योग कहा गया है) में निर्दिष्ट प्राधिकारी (जिन्हें आगे प्राधिकारी भी कहा गया है) के समक्ष एक आवेदन दायर किया है जिसमें चीन जन. गण., कोरिया गणराज्य, ताईवान और थाईलैंड से एपिक्लोरोहाइड्रिन (जिसे आगे विचारधीन उत्पाद या संबद्ध वस्तु या ईसीएच भी कहा गया है) के आयात से संबंधित पाटनरोधी जांच की शुरूआत करने का अनुरोध किया गया है।

2. प्राधिकारी ने आवेदक द्वारा प्रस्तुत प्रथमदृष्ट्या साक्ष्य के आधार पर पाटनरोधी नियमावली के नियम 5 के अनुसार चीन जन. गण., कोरिया गणराज्य और थाईलैंड (जिन्हें आगे संबद्ध

देश कहा गया है) से विचाराधीन उत्पाद के आयात के संबंध में पाटनरोधी जांच की शुरूआत करते हुए भारत के राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना फा. संख्या 6/15/2023-डीजीटीआर, दिनांक 26 सितंबर, 2023 के माध्यम से एक सार्वजनिक सूचना जारी की ताकि संबद्ध वस्तु के किसी कथित पाटन की मौजूदगी, मात्रा और प्रभाव का निर्धारण किया जा सके और पाटनरोधी शुल्क की ऐसी राशि की सिफारिश की जा सके जिसे यदि लगाया जाए तो वह घरेलू उद्योग को हुई कथित क्षति को समाप्त करने के लिए पर्याप्त होगी। तथापि, ताईवान से विचाराधीन उत्पाद के पाटन के प्रथमदृष्ट्या साक्ष्य के अभाव में प्राधिकारी ने ताईवान से आयातों की जांच की शुरूआत करना उचित नहीं समझा ।

ख. <u>प्रक्रिया</u>

3. इस जांच के संबंध में नीचे वर्णित प्रक्रिया का पालन किया गया है:

क. प्राधिकारी ने पाटनरोधी नियमावली के नियम 5(5) के अनुसार जांच की शुरूआत करने से पहले वर्तमान पाटनरोधी आवेदन की प्राप्ति के बारे में भारत में संबद्ध देशों के दूतावास को सूचित किया।

ख. प्राधिकारी ने संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तु के आयातों से संबंधित पाटनरोधी जांच की शुरूआत करते हुए भारत के राजपत्र असाधारण में दिनांक 26 सितंबर 2023 को प्रकाशित एक सार्वजनिक सूचना जारी की।

ग. प्राधिकारी ने दिनांक 26 सितंबर 2023 की जांच शुरूआत अधिसूचना की एक प्रति भारत में संबद्ध देशों के दूतावासों के जरिए उनकी सरकारों, संबद्ध देशों के ज्ञात उत्पादकों और निर्यातकों, ज्ञात आयातकों और प्रयोक्ताओं तथा अन्य हितबद्ध पक्षकारों को आवेदक द्वारा उपलब्ध कराए गए पतों के अनुसार भेजी थी और उनसे विहित समय सीमा के भीतर लिखित में अपने विचारों से अवगत कराने का अनुरोध किया था।

घ. प्राधिकारी ने आवेदन के अगोपनीय अंश की एक प्रति पाटनरोधी नियम 6(3) के अनुसार संबद्ध देश के ज्ञात उत्पादकों / निर्यातकों और भारत में उनके दूतावासों के

जरिए उनकी सरकारों को भेजी थी। आवेदन के अगोपनीय अंश की एक प्रति अनुरोध किए जाने पर अन्य हितबद्ध पक्षकरों को उपलब्ध कराई गई थी।

ड. प्राधिकारी ने संबद्ध देश से ज्ञात उत्पादकों / निर्यातकों, भारत में ज्ञात आयातकों / प्रयोक्ताओं, आवेदक द्वारा उपलब्ध कराए गए पतों के अनुसार अन्य भारतीय उत्पादकों और घरेलू उद्योग को सूचना की एक प्रति भेजी थी और उनसे जांच शुरूआत अधिसूचना के तीस दिनों के भीतर लिखित में अपने विचारों से अवगत कराने का अनुरोध किया था। प्राधिकारी ने नियमावली के 6(4) के अनुसार संबद्ध देशों में निम्नलिखित ज्ञात उत्पादकों / निर्यातकों को प्रश्नावली भेजी थी:

i. डोंगयिंग रिच केमिकल कंपनी लिमिटेड, चीन जन. गण.
ii. फार्मासिनो फार्मास्यूटिकल्स (जिआंगसू) कंपनी लिमिटेड, चीन जन. गण.
iii. इन्फोर्क इंटरनेशनल कंपनी लिमिटेड, चीन जन. गण.
iv. नानजिंग बेइनुओ फार्मास्यूटिकल कंपनी लिमिटेड, चीन जन. गण.
v. सिंकेम इंटरनेशनल कंपनी लिमिटेड, चीन जन. गण.
vi. जिबो फेयुआन केमिकल कंपनी लिमिटेड, चीन जन. गण.
vii. आदित्य बिड़ला केमिकल्स (थाईलैंड) लिमिटेड, एडवांस्ड मैटेरियल्स, थाईलैंड
viii. एडवांस्ड बायोकेमिकल्स (थाईलैंड) कंपनी लिमिटेड, थाईलैंड
ix. सैमसंग फाइन केमिकल्स कंपनी लिमिटेड, कोरिया गणराज्य

च. जांच शुरूआत अधिसूचना के उत्तर में संबद्ध देशों से निम्नलिखित उत्पादकों / निर्यातकों ने प्रश्नावली का उत्तर प्रस्तुत किया:

i. जियांग्सू रुईजियांग केमिकल कंपनी लिमिटेड ("रुईजियांग"), चीन जन. गण.
ii. निंगबो हुआनयांग न्यू मटेरियल कंपनी लिमिटेड ("हुआनयांग"), चीन जन. गण.
iii. कैनको मार्केटिंग, इंक. कोरिया गणराज्य
iv. एवरलाइट कोरिया कंपनी लिमिटेड, कोरिया गणराज्य
v. हनवा कॉर्पोरेशन, कोरिया गणराज्य
vi. हनवा सॉल्यूशंस कॉर्पोरेशन, कोरिया गणराज्य
vii. लोटे फाइन केमिकल, कोरिया गणराज्य
viii. मिंजिन कॉर्पोरेशन, कोरिया गणराज्य
ix. एजीसी विनीथाई पब्लिक कंपनी लिमिटेड, थाईलैंड

x. सैमसंग सीएंडटी (थाईलैंड) कंपनी लिमिटेड, थाईलैंड

छ. भारत में संबद्ध देशों के दूतावासों से उनके देश के निर्यातकों / उत्पादकों को विहित समय सीमा के भीतर प्रश्नावली का उत्तर देने की सलाह देने का अनुरोध किया गया था।

ज. प्राधिकारी ने नियमावली के नियम 6(4) के अनुसार आवश्यक सूचना मंगाने के लिए भारत में संबद्ध वस्तु के निम्नलिखित ज्ञात आयातकों को आयातक / प्रयोक्ता प्रश्नावली भेजी:

i. अतुल लिमिटेड
ii. कार्डोलाइट स्पेशियलिटी केमिकल्स इंडिया एलएलपी
iii. एंडोक लाइफकेयर प्राइवेट लिमिटेड
iv. मेसर्स ग्रैन्यूल्स इंडिया लिमिटेड सिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड
v. ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड मेसर्स कार्डोलाइट स्पेशियलिटी केमिकल्स इंडिया एलएलपी
vi. हिंदुस्तान स्पेशियलिटी केमिकल्स लिमिटेड
vii. आईपीसीए लैब्स
viii. कृष्णा एंटीऑक्सीडेंट
ix. पारीचेम रिसोर्सेज एलएलपी
x. प्रफुल वेंचर
xi. रेजिन और प्लास्टिक
xii. ऋषभ मेटल
xiii. सिंथोकेम लैब्स
xiv. यूनिड्रग्स लिमिटेड

झ. जांच शुरूआत अधिसूचना के उत्तर में निम्नलिखित आयातकों / प्रयोक्ताओं ने प्रश्नावली का उत्तर प्रस्तुत किया है:

i. अतुल लिमिटेड
ii. कार्डोलाइट स्पेशियलिटी केमिकल्स इंडिया एलएलपी
iii. ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड

iv. हिंदुस्तान स्पेशियलिटी केमिकल्स लिमिटेड

ञ. इसके अतिरिक्त, निम्नलिखित पक्षकारों ने स्वयं को हितबद्ध पक्षकार के रूप में पंजीकृत किया या जांच की प्रक्रिया के दौरान अनुरोध किए:

i. ट्रेड, लीगल अफेयर्स एंड प्लोनिंग डिवीजन, मिनिस्ट्री ऑफ ट्रेड, इंडस्ट्री एंड एनर्जी, कोरिया सरकार
ii. ट्रेड इंटरेस्ट एंड रेमिडीज डिवीजन,डिपार्टमेंट ऑफ फॉरेन ट्रेड, थाईलैंड सरकार
iii. चीन क्लोर-अल्काली इंडस्ट्री एसोसिएशन, चीन जन. गण.
iv. ऋषभ मेटल्स एंड केमिकल्स प्राइवेट लिमिटेड
v. संदीप ऑर्गेनिक्स प्राइवेट लिमिटेड

ट. जांच शुरूआत अधिसूचना की एक प्रति और आवेदन का अगोपनीय अंश 5 अक्टूबर, 2023 को निम्नलिखित एसोसिएशनों को भेजा गया था:

i. एफआईईओ
ii. एफआईसीओ
iii. एएसएसओसीएचएएम
iv. सीआईआई

ठ. जांच शुरूआत अधिसूचना की एक प्रति और आवेदन का अगोपनीय अंश तथा आर्थिक हित प्रश्नावली की एक प्रति 5 अक्टूबर, 2023 को निम्नलिखित मंत्रालय को भेजी गई थी। तथापि, प्राधिकारी को कोई टिप्पणियां प्राप्त नहीं हुईं।

i. रसायन और पेट्रोरसायन विभाग, रसायन और उर्वरक मंत्रालय

ड. उक्त के अलावा, डीसीएम श्रीराम लिमिटेड जो संबद्ध वस्तु का आगामी उत्पादक है और जो अपनी उत्पादन सुविधाएं स्थापित करने की प्रक्रिया में है, ने घरेलू उद्योग द्वारा किए गए आवेदन के समर्थन में एक पत्र प्रस्तुत किया ।

ढ. प्राधिकारी ने विभिन्न हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध के अगोपनीय अंश को उपलब्ध कराया था। सभी हितबद्ध पक्षकारों की एक सूची इस अनुरोध के साथ

डीजीटीआर की वेबसाइट पर अपलोड की गई थी कि वे अपने अनुरोधों का अगोपनीय अंश सभी अन्य हितबद्ध पक्षकारों को ई-मेल कर दें।

ण. डीजी सिस्टम्स से क्षति अवधि के लिए और जांच अवधि के लिए भी संबद्ध वस्तु के आयातों के सौदावार ब्यौरे प्रदान करने का अनुरोध किया गया था। प्राधिकारी ने सौदों की आवश्यक जांच के बाद आयातों की मात्रा की गणना और अपेक्षित विश्लेषण के लिए डीजी सिस्टम्स के आंकड़ों पर भरोसा किया है।

त. क्षति रहित कीमत (जिसे आगे एनआईपी कहा गया है) को सामान्यत: स्वीकृत लेखांकन सिद्धातों (जीएएपी) और एडी नियमावली 1995 के अनुबंध III के आधार पर घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत सूचना के अनुसार भारत में संबद्ध वस्तु की उत्पादन लागत और नियोजित पूंजी पर तर्कसंगत आय के आधार पर निर्धारित किया गया है ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या पाटन मार्जिन से कमतर पाटनरोधी शुल्क घरेलू उद्योग को हुई क्षति को समाप्त करने के लिए पर्याप्त होगा।

थ. वर्तमान जांच के प्रयोजनार्थ जांच की अवधि (पीओआई) 1 अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2023 (12 महीने) की है। क्षति अवधि में जांच अवधि तथा पूर्ववर्ती तीन वित्तीय वर्षों 2019-20, 2020-21 और 2021-22 की अवधि शामिल होगी। इसके अलावा, चूंकि यह आवेदक केवल जांच अवधि के दौरान प्रचालनरत रहा था। इसलिए आंकड़ों को (क) जांच अवधि को तिमाही में विभाजित करके; (ख) परियोजना रिपोर्ट के अनुसार और (ग) 80 प्रतिशत क्षमता पर विचार करते हुए विश्लेषित किया गया है।

द. प्राधिकारी ने केंद्र सरकार को अंतिम सिफारिश करने के लिए विचाराधीन अनिवार्य सभी तथ्यों वाले प्रकटन विवरण को 12 जुलाई 2024 को सभी हितबद्ध पक्षकारों को परिचालित किया। प्राधिकारी ने इन अंतिम जांच परिणामों में हितबद्ध पक्षकारों द्वारा की गई सभी प्रकटन पश्चात टिप्पणियों की संगत समझी गई सीमा तक जांच की है। पूर्ववर्ती अनुरोध को केवल पुन: प्रस्तुत करने वाले किसी अनुरोध और जिसकी प्राधिकारी ने पर्याप्त रूप से जांच की थी, को संक्षिप्तता के कारण दोहराया नहीं गया है।

ध. इस जांच के दौरान हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों पर साक्ष्य द्वारा उनके समर्थकों ने और वर्तमान जांच से संगत समझे जाने पर इस अंतिम जांच परिणाम में प्राधिकारी द्वारा उचित ढंग से विचार किया गया है।

न. प्राधिकारी ने आवश्यक समझी गई सीमा तक आवेदक से अतिरिक्त सूचना मांगी थी। घरेलू उद्योग द्वारा प्रदत्त आंकड़ों का सत्यापन वर्तमान जांच के प्रयोजनार्थ आवश्यक समझी गई सीमा तक किया गया था। प्राधिकारी ने वर्तमान मामले के अपने विश्लेषण में घरेलू उद्योग के सत्यापित आंकड़ों पर भरोसा किया है।

प. प्राधिकारी ने आवश्यक समझी गई सीमा तक अन्य हितबद्ध पक्षकारों से अतिरिक्त सूचना मांगी थी। अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रदत्त आंकड़ों का सत्यापन वर्तमान जांच के प्रयोजनार्थ आवश्यक समझी गई सीमा तक किया गया था।

फ. नियमावली के नियम 6(6) के अनुसार प्राधिकारी ने हितबद्ध पक्षकारों को 8 फरवरी 2024 को हुई सार्वजनिक सुनवाई में अपने विचार मौखिक रूप से प्रस्तुत करने का अवसर दिया। मौखिक सुनवाई में अपने विचार प्रस्तुत करने वाले पक्षकारों को मौखिक रूप से व्यक्त विचारों के लिखित अनुरोध और बाद में खंडन अनुरोध प्रस्तुत करने का अनुरोध किया था।

ब. हितबद्ध पक्षकार द्वारा गोपनीय आधार पर प्रस्तुत सूचना की गोपनीयता के दावों के पर्याप्तता के संबंध में जांच की गई थी। संतुष्ट होने पर प्राधिकारी ने जहां आवश्यक हो, गोपनीयता के दावों को स्वीकार किया है और ऐसी सूचना को गापेनीय माना है तथा अन्य हितबद्ध पक्षकारों को उसका प्रकटन नहीं किया है, जहां कहीं संभव हो, गोपनीय आधार पर सूचना देने वाले पक्षकारों को गोपनीय आधार पर उनके द्वारा प्रस्तुत सूचना का पर्याप्त अगोपनीय अंश प्रस्तुत करने का निदेश दिया गया था।

भ. जहां कहीं भी किसी हितबद्ध पक्षकार ने वर्तमान जांच की प्रक्रिया के दौरान आवश्यक सूचना देने से मना किया या अन्यथा उसे प्रदान नहीं किया है अथवा जांच में अत्यधिक बाधा डाली है, वहां प्राधिकारी ने ऐसे पक्षकारों को असहयोगी माना है और उपलब्ध तथ्यों के आधार पर विचार / अवलोकन दर्ज किए हैं।

म. प्राधिकारी ने इस स्तर पर सभी हितबद्ध पक्षकारों द्वारा दिए गए सभी तर्कों और सूचना पर उनके साक्ष्य द्वारा समर्पित होने और वर्तमान जांच से संगत होने की सीमा तक विचार किया है।

य. इस अंतिम जांच परिणाम में '***' किसी हितबद्ध पक्षकार द्वारा गोपनीय आधार पर प्रस्तुत की गई और नियमावली के अंतर्गत प्राधिकारी द्वारा गोपनीय मानी गई सूचना को दर्शाता है।

कक. संबद्ध जांच के लिए प्राधिकारी द्वारा अपनाई गई विनमय दर 1 अमेरिकी डॉलर = 81.06 रुपए है।

खख. इस दस्तावेज में निम्नलिखित शब्द-संक्षेप का प्रयोग किया गया है:

i. ईसीएच = एपिक्लोरोहाइड्रिन
ii. एनआईपी = क्षतिरहित कीमत
iii. पीओआई = जांच की अवधि
iv. पीयूसी = विचाराधीन उत्पाद

ग. <u>विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु</u>

4. जांच शुरूआत के स्तर पर विचाराधीन उत्पाद को निम्नानुसार परिभाषित किया गया था:

"3. वर्तमान जांच में विचाराधीन उत्पाद एपीक्लोरोहाइड्रीन, संक्षिप्त रूप में ईसीएच है । इस उत्पाद, जिसे सीमा शुल्क वर्गीकरण में भी प्रयुक्त किया गया है, का रासायनिक नाम 1-क्लोरो-2,3- एक्पोक्सीप्रोपेन है । इसका रसायन फार्मूला C_3H_5ClO है ।

4. यह एक तीखी लहसुन जैसी महक वाला रंगहीन तरल है जो जल में मामूली रूप से विलेय है, जिसे आम तौर पर 99 प्रतिशत से अधिक की शुद्धता के साथ उत्पादिंत किया जाता है । यह एक तीखी लहसुन जैसी महक वाला रंगहीन तरल है जो जल में मामूली रूप से विलेय है, जिसे आम तौर पर 99 प्रतिशत से अधिक की शुद्धता के साथ उत्पादिंत किया जाता है । इसका अधिकांशत: एपोक्सीरेजिन बनाने में प्रयोग होता है जो इसकी खपत

का लगभग 80 प्रतिशत बनता है । इसे भेषज एपीआई, जल उपचार, कागज रसायन, सिंथेटिक रबड़, सर्फेक्टेंट, अधेसिव, इलेस्टोमर्स, प्लास्टिक तथा रबड़ और कांगज में मजबूतीवर्धक के रूप में भी प्रयोग किया जाता है । इस उत्पाद को प्रोपलीन तथा ग्लेसरीन प्रयोग द्वारा उत्पादित किया जा सकता है ।

5. विचाराधीन उत्पाद को पारंपरिक रूप से प्रोपीलीन के प्रयोग द्वारा उत्पादित किया जाता है जहां एलाइन क्लोराइड के उत्पादन हेतु उच्च तापमान पर प्रोपीलीन का क्लोरीनेशन होता है । एलाइल क्लोराइड पृथक होने और एलाइल क्लोराइड के हाइड्रोक्लोरीनेशन के बाद भी डीक्लोरोहाइडाइन उत्पादित होता है और एलीक्लोराइड प्राप्त होता है । डीक्लोरोहाइडाइन ईसीएच के उत्पादन हेतु साबुनीकरण से गुजरती है जिसे बाद में शुद्धीकृत किया जाता है । तथापि, इस उत्पाद प्रक्रिया से अत्यधिक अपशिष्ट उत्पन्न होता है और इस प्रकार निपटान हेतु उच्च पूंजीगत व्यय अपेक्षित है । इन चुनौतियों से निपटने के लिए अब ईसीएच को जैव आधारित ग्लाइसीरीन के प्रयोग से उत्पादित किया जा रहा है जो एक पर्यावरण अनुकूल उत्पादन प्रक्रिया है ।

6. संबद्ध वस्तु को सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम के अध्याय 29 के शीर्ष 2910 के उपशीर्ष 2910 30 00 के तहत वर्गीकृत किया जाता है । सीमा शुल्क वर्गीकरण केवल सांकेतिक है और विचाराधीन उत्पाद के दायरे पर बाध्यकारी नहीं है।

ग.1 <u>अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध</u>

5. समान वस्तु के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने बताया है कि संबद्ध आयातों के विश्लेषण प्रमाण पत्र की घरेलू उद्योग के प्रमाण पत्र से तुलना की जानी चाहिए। इसके अलावा, अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने निम्नलिखित अनुरोध भी किए हैं:

क. इपोक्सी उद्योग में प्रयोग के लिए बेचे गए ईसीएच को बल्क में और आईएसओ टंकियों में बेचा जाता है जबकि एपीआई में प्रयोग के लिए भेजे गए ईसीएच को कमतर मात्राओं और ड्रम पैंकिंग में बेचा जाता है जिनकी कीमत अधिक होती है। अत: संबद्ध वस्तु के अंतिम प्रयोग के परिणामस्वरूप कीमत निर्धारण में अंतरों के आधार पर उत्पाद के लिए पीसीएन पर विचार करने की जरूरत है।

ग.2 <u>घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध</u>

6. घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि उसने आयातित विचाराधीन उत्पाद की समान वस्तु का उत्पादन किया है। घरेलू उद्योग ने अपनी विनिर्देशन शीट भी प्रस्तुत की है।

ग.3 <u>प्राधिकारी द्वारा जांच</u>

7. वर्तमान जांच में विचाराधीन उत्पाद एपीक्लोरोहाइड्रीन या ईसीएच है । जिसका रासायनिक नाम 1-क्लोरो-2,3- एक्पोक्सीप्रोपेन है । इसका रसायन फार्मूला C_3H_5ClO है । यह एक तीखी लहसुन जैसी महक वाला रंगहीन तरल है जो जल में मामूली रूप से विलेय है, जिसे आम तौर पर 99 प्रतिशत से अधिक की शुद्धता के साथ उत्पादिंत किया जाता है । इसका प्रयोग भेषज एपीआई, जल उपचार, कागज रसायन, सिंथेटिक रबड़, सर्फेक्टेंट, इलेस्टोमर्स, अधेसिव तथा रबड़ में भी किया जाता है इसे कागज में मजबूतीवर्धक के रूप में भी प्रयोग किया जाता है ।

8. ईसीएच को सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम की अनुसूची-I के अध्याय 29 के शीर्ष 2910 के टैरिफ कोड 2910 30 00 के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाता है । सीमा शुल्क वर्गीकरण केवल सांकेतिक है और विचाराधीन उत्पाद के दायरे पर बाध्यकारी नहीं है।

9. किसी भी हितबद्ध पक्षकार ने विचाराधीन उत्पाद के दायरे के संबंध में कोई अनुरोध नहीं किया है। तदनुसार, प्राधिकारी ने अंतिम जांच परिणाम के प्रयोजनार्थ जांच शुरूआत सूचना में यथापरिभाषित विचाराधीन उत्पाद के समान दायरे पर विचार किया है।

10. प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग ने यह दावा कि है कि उसके द्वारा उत्पादित वस्तु संबद्ध देशों के मूल की अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध वस्तु के समान वस्तु है। संबद्ध वस्तु को दो तरीकों से उत्पादित किया जा सकता है - प्रोपलीन के प्रयोग द्वारा या ग्लीसरीन की डिस्टॉक पद्धति के प्रयोग द्वारा । घरेलू उद्योग ने ग्लीसरीन की डिस्टॉक की पद्धति के प्रयोग से ईसीएच का उत्पादन किया है। तथापि, घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि प्रोपलीन के प्रयोग से उत्पादित संबद्ध वस्तु, यदि कोई हो, में कोई अंतर नहीं है और ग्लीसरीन के प्रयोग से समान वस्तु निर्मित होती है। दोनों तरीकों से उत्पादित ईसीएच में समान तकनीकी और भौतिक विशेषताएं, अनुप्रयोग, कीमत निर्धारण और उपभोक्ता होते हैं। किसी भी अन्य हितबद्ध पक्षकार ने प्रोपलीन या ग्लीसरीन पद्धति से

उत्पादित संबद्ध वस्तु में किसी अंतर का दावा नहीं किया है। प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि चीन और थाईलैंड में उत्पादकों ने भी ग्लीसरीन के द्वारा संबद्ध वस्तु का उत्पादन किया है। इस प्रकार प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित और संबद्ध देशों से आयातित संबद्ध वस्तु भौतिक और रासायनिक विशेषताओं, कार्य और प्रयोग, उत्पाद विनिर्देशन, कीमत निर्धारण, वितरण और विपणन तथा वस्तुओं के टैरिफ वर्गीकरण जैसी विशेषताओं की दृष्टि से तुलनीय हैं। ये दोनों तकनीकी और वाणिज्यिक रूप से प्रतिस्थापनीय हैं। उपभोक्ता इन दोनों का एक दूसरे के स्थान पर प्रयोग कर रहे हैं। इसके मद्देनजर प्राधिकारी का निष्कर्ष है कि घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित संबद्ध वस्तु संबद्ध देशों से आयातित विचाराधीन उत्पाद के समान वस्तु है।

11. कोरिया की सरकार द्वारा पीसीएन पर विचार करने के संबंध में दिए गए तर्क के बारे में यह नोट किया जाता है कि पक्षकार जांच शुरूआत अधिसूचना में प्राधिकारी द्वारा विहित समय सीमा के भीतर ऐसे तर्क देने में विफल रहा है। इस प्रकार जांच के अंतिम स्तर पर किए गए अनुरोध पर विचार नहीं किया जा सकता है। किसी भी तरह कोरिया गणराज्य सहित किसी भी अन्य प्रतिवादी उत्पादक / निर्यातक ने ऐसे आधारों पर पीसीएन के सृजन का अनुरोध नहीं किया है। इस प्रकार ऐसे किसी तर्क को स्वीकार नहीं किया जा सकता है।

घ. <u>घरेलू उद्योग का दायरा और उसकी स्थिति</u>

घ.1 <u>अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध</u>

12. घरेलू उद्योग की मौजूदगी और स्थिति के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा कोई अनुरोध नहीं किया गया है।

घ.2 <u>घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध</u>

13. घरेलू उद्योग और उसकी स्थिति के बारे में आवेदक द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

क. आवेदक देश में संबद्ध वस्तु का एक मात्र उत्पादक है जिसने जून 2022 में उत्पादन शुरू किया था।

ख. डीसीएम श्रीराम लिमिटेड और ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड भी ईसीएच का विनिर्माण करने वाली उत्पादन सुविधाओं की स्थापना की प्रक्रिया में हैं।

ग. आवेदक ने अनुरोध किया है कि उसने संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तु का आयात नहीं किया है और वह कथित पाटित वस्तु के किसी निर्यातक या आयातक से संबंधित नहीं है।

घ.3 <u>प्राधिकारी द्वारा जांच</u>

14. पाटनरोधी नियमावली का 2(ख) घरेलू उद्योग को निम्नानुसार परिभाषित करता है: -

"(ख) "घरेलू उद्योग" का तात्पर्य ऐसे समग्र घरेलू उत्पादकों से है जो समान वस्तु के विनिर्माण और उससे जुड़े किसी कार्यकलाप में संलग्न हैं अथवा उन उत्पादकों से है, जिनका उक्त वस्तु का सामूहिक उत्पादन उक्त वस्तु के कुल घरेलू उत्पादन का एक बड़ा हिस्सा बनता है, परन्तु जब ऐसे उत्पादक कथित पाटित वस्तु के निर्यातकों या आयातकों से संबंधित होते हैं या वे स्वयं उसके आयातक होते हैं। ऐसे मामले "घरेलू उद्योग" शेष उत्पादकों को समझा जाएगा।"

15. वर्तमान आवेदन एपिग्रल लिमिटेड (जिसे पहले मेघमनि फाइनकेम लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) द्वारा दायर किया गया था। वर्तमान में एपिग्रल लिमिटेड भारत में समान वस्तु का एक मात्र उत्पादक है। इस प्रकार आवेदक का उत्पादन भारत में ईसीएच से कुल उत्पादन का 100 प्रतिशत बनता है। आवेदक कथित पाटित वस्तु के किसी निर्यातक या आयातक से संबंधित नहीं है और उसने ऐसी किसी वस्तु का आयात नहीं किया है। इस प्रकार प्राधिकारी मानते हैं कि नियमावली के नियम 2(ख) के अंतर्गत एपिग्रल लिमिटेड घरेलू उद्योग है और आवेदन नियमावली के नियम 5(3) की अपेक्षाओं को पूरा करता है।

ड. <u>गोपनीयता</u>

ड.1 <u>अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध</u>

16. गोपनीयता के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

क. आवेदक ने व्यापार सूचना 10/2018 के उल्लंघन में अत्यधिक गोपनीयता का दावा किया है।

ख. घरेलू उद्योग ने अत्यधिक गोपनीयता का दावा किया है और अगोपनीय सारांश प्रदान किए बिना याचिका और लिखित अनुरोधों में गोपनीयता आंकड़ों पर भरोसा किया है जिससे अन्य हितबद्ध पक्षकारों को नुकसान हुआ है।

ग. आवेदक ने परियोजना व्यवहार्यता रिपोर्ट का अगोपनीय अंश नहीं दिया है जिससे अन्य हितबद्ध पक्षकार उत्तर बनाने के अवसर से वंचित हो गए हैं और इस प्रकार ऐसे अनुमानों से संबंधित कोई अनुरोध निराधार है।

घ. आवेदक ने प्रपत्र IVक में जांच अवधि के लिए गलत सूचीबद्ध आंकड़े दिए हैं जो प्रत्येक तिमाही के लिए सभी सूचीबद्ध संख्याओं का योग होना चाहिए।

ड. आवेदक ने उत्पादन प्रक्रिया में अपने फ्लो चार्ट के संबंध में गोपनीयता का दावा किया है।

च. आवेदक ने अत्यधिक गोपनीयता का दावा किया है और कच्ची सामग्री की लागत, निवेश पर आय और शट डाउन के दिनों की संख्या संबंधी रूझान भी नहीं बताए हैं। इसके अलावा, सामान्य मूल्य, क्षति मार्जिन और कीमत कटौती की गणना के भी गोपनीय होने का दावा किया गया है।

छ. आवेदक की दलीलों के उत्तर में यह अनुरोध किया गया था कि शुल्क के प्रभाव की गणना लागत संरचना और प्रयोक्ता के इनपुट खर्च के आधार पर की गई है जो व्यावसायिक रूप से संवेदनशील हैं। प्रयोक्ता उद्योग के लिए वास्तविक सूचना देना अपेक्षित नहीं है और उसके लिए संभव सीमा तक केवल तर्कसंगत सारांश देना अपेक्षित है।

ज. ग्रासिम द्वारा क्षमता विस्तार के संबंध में विस्तृत पहलू और शामिल लागत व्यापार संवेदनशील सूचना है। आवेदक द्वारा शेयर की गई सार्वजनिक सूचना केवल एक

सामान्य विवरण है और उसने कुल व्यय और क्षमता खपत के लिए समायोजन पर विचार नहीं किया गया है।

झ. प्रयोक्ताओं और आपूर्तिकर्ताओं के बीच दीर्घावधिक संविदा के ब्यौरे अत्यधिक व्यापार संवेदनशील हैं।

ञ. वितरण की श्रृंख्ला और निर्यात कीमत में समायोजन के दावे की पद्धति वाणिज्यिक रूप से अत्यधिक संवदेनशील सूचना है।

ड.2 <u>घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध</u>

17. गोपनीयता के संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

क. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने अत्यधिक गोपनीयता का दावा किया है और पाटनरोधी नियमावली के नियम 7 तथा व्यापार सूचना संख्या 10/2018 के उल्लंघन में पूरे उत्तरों का गोपनीय होने का दावा किया है। इसके अलावा, पक्षकार व्यापार सूचना संख्या 1/2013 के अंतर्गत विहित प्रपत्र के अनुसार कारणों का विवरण देने में विफल रहे हैं।

ख. एजीसी विनयथाई पब्लिक कंपनी लिमिटेड ने सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत के लिए समायोजन, वितरण श्रृंखला विनिर्माण प्रक्रिया के लेखन, प्रयुक्त कच्ची सामग्री और बीजक पश्चात छूटों के संबंध में अत्यधिक गोपनीयता का दावा किया है।

ग. एजीसी विनयथाई पब्लिक कंपनी लिमिटेड ने ऐसी सूचना प्रदान की है जो सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध है जैसे कि संबंधित पक्षकारों से खरीदी गई कच्ची सामग्री और इनपुट के ब्यौरे, कंपनी की स्वामित्व संरचना और स्थापित क्षमताएं ।

घ. प्रयोक्ताओं ने शुल्क के कथित प्रभाव, कथित पाटन या सब्सिडीकरण के घरेलू उद्योग पर प्रभाव, प्रचलित कीमतों, घरेलू उद्योग को क्षति के अन्य कारण, दीर्घावधिक संविदाओं की मौजूदगी आदि के संबंध में पूरी गोपनीयता का दावा किया है।

ड. ग्रासिम लिमिटेड द्वारा प्रस्तावित क्षमता विस्तार और कार्डोलाइट स्पेशियलिटी केमिकल्स इंडिया एलएलपी द्वारा बेचे गए उत्पादों की सूची जैसी सूचना जो सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध है, के संबंधित प्रयोक्ताओं द्वारा गोपनीय होने का दावा किया है।

च. हनव्हा कॉर्पोरेशन, हनव्हा सॉल्यूशंस, लोटे फाइनकेम और सैमसंग सीएंडटी ने संबद्ध वस्तु की बिक्री और उत्पादन में शामिल संबंधित पक्षकारों के ब्यौरे नहीं दिए हैं जो व्यापार सूचना 10/2018 की अपेक्षाओं का उल्लंघन है। इसके अलावा, ऐसे निर्यातकों ने शेयरधारिता के ढांचे संबंध में गोपनीयता का दावा किया है जो सार्वजनिक रूप से उपलब्ध है।

छ. लोट्टे फाइनकेम और सैमसंग सीएंडटी ने विनिर्माण प्रक्रिया के लेखन, कच्ची सामग्री और बेची गई संबद्ध वस्तु के विवरण के संबंध में गोपनीयता का दावा किया है।

ज. लोट्टे फाइनकेम ने एक उत्पादक के रूप में इस दावे के बावजूद परिशिष्ट 10 के अंतर्गत सूचना प्रस्तुत नहीं करते हुए अधूरा उत्तर प्रस्तुत किया है कि उसने ईसीएच में प्रयोग के लिए आबद्ध रूप से इनपुट का उत्पादन किया है।

झ. निंग्बो इंगबो हुआयांग और जियांग्सू रूइजियांग ने ईसीएच के उत्पादन और बिक्री में शामिल संबंधित पक्षकारों विनिर्माण प्रक्रिया के लेखों, प्रयुक्त कच्ची सामग्री, बेची गई संबद्ध वस्तु के विवरण, वितरण के चैनल और निर्यात कीमत तुलनीयता के लिए सभी समायोजनों के संबंध में अत्यधिक गोपनीयता का दावा किया है।

ञ. निगबो हुआयांग और जियांग्सू रूइजियांग ने असंगत उत्तर प्रस्तुत किए हैं और उत्तर के विभिन्न भागों में अलग-अलग सूचना दी है।

ट. अन्य पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत टिप्पणियों के उत्तर में यह बताया गया था कि टिप्पणियां समय के बाद दी गई थीं जिन्हें जांच शुरूआत अधिसूचना में अधिसूचित समय सीमा के बाद प्रस्तुत किया गया था।

ठ. घरेलू उद्योग ने इस प्रकार से सूचीबद्ध आंकड़े दिए हैं जिससे एक तिमाही की सूचना की तुलना हो सकती है और जांच अवधि के आंकड़े प्रत्येक तिमाही के लिए आंकड़ों को दर्शाने हेतु अनुपातिक रूप से समायोजित किए गए हैं।

ड. घरेलू उद्योग की परियोजना व्यवहार्यता रिपोर्ट अत्यधिक व्यापार संवेदनशील सूचना है और व्यापार सूचना संख्या 10/2018 के अंतर्गत उसका प्रकटन करना अपेक्षित नहीं था। इसके अलावा, घरेलू उद्योग के लिए व्यापार सूचना के अंतर्गत कीमत कटौती का प्रकटन करना भी अपेक्षित नहीं है।

ड.3 <u>प्राधिकारी द्वारा जांच</u>

18. प्राधिकारी ने नियमावली के नियम 6(7) के अनुसार विभिन्न हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रदत्त सूचना के अगोपनीय अंश को अन्य सभी हितबद्ध पक्षकारों के लिए उपलब्ध रखा था।

19. सूचना की गोपनीयता के संबंध में पाटन-रोधी नियमावली के नियम 7-में निम्नानुसार व्यवस्था है-:

''गोपनीय सूचना: (1) नियम 6 के उपनियमों (2), (3) और (7), नियम 12 के उपनियम (2), नियम 15 के उपनियम (4) और नियम 17 के उपनियम (4) में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी जांच की प्रक्रिया में नियम 5 के उपनियम (1) के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के प्रतियां या किसी पक्षकार द्वारा गोपनीय आधार पर निर्दिष्ट प्राधिकारी को प्रस्तुत किसी अन्य सूचना के संबंध में निर्दिष्ट प्राधिकारी उसकी गोपनीयता से संतुष्ट होने पर उस सूचना को गोपनीय मानेंगे और ऐसी सूचना देने वाले पक्षकार से स्पष्ट प्राधिकार के बिना किसी अन्य पक्षकार को ऐसी किसी सूचना का प्रकटन नहीं करेंगे।

(2) निर्दिष्ट प्राधिकारी गोपनीय अधिकारी पर सूचना प्रस्तुत करने वाले पक्षकारों से उसका अगोपनीय सारांश प्रस्तुत करने के लिए कह सकते हैं और यदि ऐसी सूचना प्रस्तुत करने वाले किसी पक्षकार की राय में उस सूचना का सारांश नहीं हो सकता है तो वह पक्षकार निर्दिष्ट प्राधिकारी को इस बात के कारण संबंधी विवरण प्रस्तुत करेगा कि सारांश करना संभव क्यों नहीं है।

(3) उप नियम (2) में किसी बात के होते हुए भी यदि निर्दिष्ट प्राधिकारी इस बात से संतुष्ट है कि गोपनीयता का अनुरोध अनावश्यक है या सूचना देने वाला या तो सूचना को

सार्वजनिक नहीं करना चाहता है या उसकी सामान्य रूप में या सारांश रूप में प्रकटन नहीं करना चाहता है तो वह ऐसी सूचना पर ध्यान नहीं दे सकते हैं।

20. हितबद्ध पक्षकार द्वारा गोपनीय आधार पर प्रस्तुत सूचना की गोपनीयता के दावों के पर्याप्तता के संबंध में जांच की गई थी। संतुष्ट होने पर प्राधिकारी ने जहां आवश्यक हो, गोपनीयता के दावों को स्वीकार किया है और ऐसी सूचना को गापेनीय माना है तथा अन्य हितबद्ध पक्षकारों को उसका प्रकटन नहीं किया है, जहां कहीं संभव हो, गोपनीय आधार पर सूचना देने वाले पक्षकारों को गोपनीय आधार पर उनके द्वारा प्रस्तुत सूचना का पर्याप्त अगोपनीय अंश प्रस्तुत करने का निदेश दिया गया था। यह नोट किया गया है कि विभिन्न हितबद्ध पक्षकारों ने इन निर्देशों का पालन किया है और उचित प्रकटन किए हैं।

21. हितबद्ध पक्षकारों द्वारा आवेदक के इसकी परियोजना व्यवहार्यता रिपोर्ट के संबंध में किए गए गोपनीयता के दावे के संबंध में तर्कों के बारे में प्राधिकारी नोट करते हैं कि इन तर्कों को जांच शुरूआत अधिसूचना के अनुसार आवेदन के अगोपनीय अंश की प्राप्ति की तारीख से 7 दिन की विहित समय सीमा के भीतर प्रस्तुत किया गया था। इसके अलावा, घरेलू उद्योग ने दावा किया है कि परियोजना व्यवहार्यता रिपोर्ट में दी गई सूचना व्यापार संवेदनशील है और उसका प्रकटन उनके हितों के लिए नुकसानदायक होगा। प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग के इस दावे को स्वीकार किया है।

22. उत्पादक, एजीसी विनयथाई पब्लिक कंपनी लिमिटेड द्वारा अत्यधिक गोपनीयता के दावे के संबंध में घरेलू उद्योग के तर्कों के बारे में प्राधिकारी नोट करते हैं कि निर्यातक ने दावा किया है कि ऐसी सूचना व्यापार संवेदनशील है और अन्य हितबद्ध पक्षकारों को ऐसे सौदों का प्रकटन नहीं किया जा सकता है। इस दावे को प्राधिकारी को स्वीकार किया है।

च. <u>विविध अनुरोध</u>

च.1 <u>अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध</u>

23. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा विविध मुद्दों के बारे में निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

क. पाटनरोधी शुल्क को पूर्व व्यापी रूप से लागू करने की चीन जन. गण. से सोडियम ट्रिपोली फॉस्फेट के आयातों पर लागू पाटनरोधी शुल्क से संबंधित मध्यावधि समीक्षा में प्राधिकारी के निर्णय के अनुसार अनुमति नहीं है।

ख. चूंकि घरेलू उद्योग ने ऐतिहासिक पाटन सिद्ध नहीं किया है। इसलिए पूर्व व्यापी प्रभाव से शुल्क लगाने की अपेक्षा पूरी नहीं होती है।

ग. जांच की वर्तमान अवधि सामान्य बाजार स्थितियों को नहीं दर्शाती है, क्योंकि वह ईसीएच, उसकी कच्ची सामग्रियों और डाउनस्ट्रीम उत्पादों के भारी वैश्विक कीमत उतार-चढ़ाव द्वारा प्रभावित थी।

घ. जांच की अवधि सतत अवधि में एकत्रित आंकड़ों के आधार पर निर्धारित की जानी चाहिए जो अन्य बाहताओं द्वारा प्रभावित न हो जैसा कि ईसी - ट्यूब या पाइप फिटिंग में अपीलीय निकाय ने माना था।

ड. जांच की अवधि न्यूनतम दो वर्षों की अवधि होनी चाहिए।

च. घरेलू उद्योग को केवल तभी पाटनरोधी जांच की शुरूआत के आवेदन की अनुमति होनी चाहिए। यदि वे न्यूनतम दो वर्षों से प्रचालन में रहे हों।

छ. घरेलू उद्योग की बैठक के कार्यवृत्त को प्रस्तुत करना चाहिए।

ज. जांच को डब्ल्यूटीओ के दिशानिर्देशों का पालन करना चाहिए।

झ. रिफाइंड और कच्चे ग्लीसरीन के प्रयोग, शुल्क और कीमतें अलग-अलग हैं और इसलिए किसी भ्रम से बचने के लिए बिल्कुल सही संदर्भ देना चाहिए।

ञ. चीन से आयातों पर मूल सीमा शुल्क एआईपीटीए के अंतर्गत 5.775 प्रतिशत है जबकि कोरिया गणराज्य और थाईलैंड के आयातों पर शुल्क 0 प्रतिशत है। ताईवान से आयातों पर मूल सीमा शुल्क 8.25 प्रतिशत है।

च.2 <u>घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध</u>

24. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोधों के उत्तर घरेलू उद्योग ने निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

क. इस दलील के उत्तर में कि जांच अवधि उचित नहीं थी उसमें काफी उतार-चढ़ाव हुए थे। यह अनुरोध किया गया था कि रासायनिक उत्पादों की कीमतों में काफी अस्थिरता रही थी और यदि किसी अस्थिरता के बिना वाली अवधि पर विचार करना हो तो रासायनिक उत्पादों के लिए कोई जांच नहीं हो पाएगी।

ख. ईसी - ट्यूब या पाइप फिटिंग में डब्ल्यूटीओ अपीलीय निकाय का निर्णय था कि जांच की अवधि सतत अवधि होनी चाहिए जो इस मामले में 12 महीने है, क्योंकि इससे किसी अस्थिरता पर विचार करते हुए पाटन और क्षति का उचित मूल्यांकन हो पाएगा। अपीलीय निकाय ने यह भी माना है कि जांच अवधि के दौरान या उसके बाद प्रमुख परिवर्तनों की स्थितियां जिनके परिणामस्वरूप पाटन या क्षति समाप्त हो सकते हैं, पर समीक्षा तंत्र के जरिए ध्यान दिया जा सकता है।

ग. नियम 5 (3क) के अंतर्गत जांच की अवधि सामान्यत: 12 महीने की होगी और अधिकतम 18 महीने की अवधि हो सकती है।

घ. यह दलील कि घरेलू उद्योग को आवेदन दायर करने से पहले कम से कम दो वर्षों के लिए प्रचालन में होना चाहिए, सही नहीं है, क्योंकि कोई घरेलू उत्पादक प्राधिकारी की प्रक्रिया और डब्ल्यूटीओ के पैनल के विभिन्न निर्णयों के अनुसार उत्पादन शुरू करने से पहले भी पाटनरोधी जांच की शुरूआत का अनुरोध कर सकता है।

ड. अन्य हितबद्ध पक्षकारों की यह दलील कि शुल्क को पूर्वव्यापी रूप से लागू करने की अनुमति नहीं है। जैसा कि एक जांच में माना गया था, एक मामले में पूर्वव्यापी प्रभाव से शुल्क के लागू नहीं होने का अर्थ यह नहीं है कि अन्य मामले में शुल्क को पूर्वव्यापी प्रभाव से नहीं लगाया जा सकता है। पूर्वव्यापी शुल्कों की जरूरत को मामले के तथ्यों और कानूनी स्थिति के संबंध में देखा जाना चाहिए।

च. घरेलू उद्योग प्राधिकारी द्वारा यथाअपेक्षित ऐसी सूचना देगा।

छ. घरेलू उद्योग ने याचिका में अपनी तकनीकी विनिर्देशन शीट प्रदान की है।

च.3 <u>प्राधिकारी द्वारा जांच</u>

25. इस दावे के संबंध में कि वर्तमान जांच अवधि सामान्य बाजार दशाओं की प्रतिनिधि नहीं है, क्योंकि विभिन्न हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत केवल सूचना के आधार पर ऐसी अवधि के दौरान कीमत में काफी उतार-चढ़ाव हुआ था, यह देखा जा सकता है कि संबद्ध वस्तु तथा कच्ची सामग्री की कीमतों में पहले भी काफी अधिक उतार-चढ़ाव रहा है। इसके अलावा, घरेलू उद्योग ने दावा किया है कि कीमत उतार-चढ़ाव जांच अवधि के बाद भी जारी रहे हैं। इसके अलावा, उत्पाद की कीमतों में उतार-चढ़ाव असामान्य नहीं है। तथापि, सामान्यत: उत्पादन लागत के कारकों में उतार-चढ़ाव के उत्तर में कीमत में अस्थिरता होती है। वर्तमान मामले में घरेलू उद्योग ने दर्शाया है कि ईसीएच की कीमतों में इस प्रकार से अस्थिरता हुई थी। वह कच्ची सामग्री कीमत से मेल नहीं खाती है। उतार-चढ़ाव यह नहीं दर्शाते हैं कि वर्तमान जांच की अवधि अनुचित है।

26. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने भी यह दावा करने के लिए ईसी - ट्यूब या पाइप फिटिंग के मामले में डब्ल्यूटीओ अपीलीय निकाय के निर्णय पर भरोसा किया है कि जांच की अवधि सतत अवधि होनी चाहिए और ऐसी अवधि किसी अंतर से प्रभावित नहीं होनी चाहिए। तथापि, डब्ल्यूटीओ अपीलीय निकाय ने जांच की कम अवधि पर विचार करने के ब्राजील के तर्क को अस्वीकृत कर दिया था जो उतार-चढ़ाव से अप्रभावित था, बल्कि यह निर्णय दिया गया था कि जांच की अवधि लगातार 12 महीने की होनी चाहिए जो बाजार में किसी अस्थिरता का ध्यान रखती है। अपीलीय निकाय यह बताते हुए आगे बढ़ाती। ऐसी स्थिति जहां कतिपय कारकों में अंतर या उतार-चढ़ाव के परिणामस्वरूप पाटन या क्षति समाप्त हो जाती है, वहां हितबद्ध पक्षकार पाटनरोधी करार के अंतर्गत समीक्षा की मांग करने के लिए स्वतंत्र हैं।

27. इस दावे के संबंध में कि घरेलू उद्योग को दो वर्षों की न्यूनतम अवधि में प्रचालन करने के बाद पाटनरोधी जांच के लिए आवेदन प्रस्तुत करना चाहिए । यह नोट किया जाता है कि अधिनियम या नियमावली में ऐसी कोई अपेक्षा नहीं है कि कोई कंपनी प्राधिकारी से उपचार की मांग करने से पहले न्यूनतम दो वर्षों से प्रचालन में हो। इस प्रकार, इस दावे में कोई

तथ्य नहीं है कि घरेलू उद्योग को आवेदन प्रस्तुत करने से कम से कम दो वर्ष पहले प्रचालन करना चाहिए।

28. इस दावे के संबंध में कि जांच अवधि में न्यूनतम दो वर्ष शामिल होने चाहिए। प्राधिकारी नोट करते हैं कि नियमावली के नियम 5(3) के स्पष्टीकरण में यह व्यवस्था है कि जांच की अवधि सामान्यत: 12 महीने की होगी और कारण दर्ज कराने पर यह न्यूनतम 6 महीने या अधिकतम 18 महीने की अवधि हो सकती है। अत: दो वर्षों की अवधि पर किसी स्थिति में जांच अवधि के रूप में विचार नहीं किया जा सकता है।

29. चीन जन. गण. के लिए पहुंच मूल्य के निर्धारण हेतु 5.775 प्रतिशत की मूल सीमा शुल्क पर विचार करने दावे के संबंध में प्राधिकारी ने जांच अवधि के दौरान यथा लागू मूल सीमा शुल्क का विचार करते हुए सभी संबद्ध देशों के लिए पहुंच मूल्य निर्धारित किया है।

30. शुल्क को पूर्वव्यापी रूप से लागू करने संबंधी अनुरोध के बारे में प्राधिकारी नोट करते हैं कि पूर्व में शुल्क को लागू नहीं करने से वर्तमान या भावी मामलों में शुल्क को पूर्वव्यापी रूप से लागू करने की सिफारिश करने से प्राधिकारी पर कोई रोक नहीं है। यदि प्राधिकारी शुल्क लागू करने की सिफारिश करना उचित समझते हैं तो वे शुल्क को पूर्वव्यापी रूप से लागू करने की सिफारिश की आवश्यकता की जांच भी कर सकते हैं। कुछ हितबद्ध पक्षकारों ने यह दलील दी है कि पूर्वव्यापी रूप से शुल्क लागू करने की अनुमति नहीं है क्योंकि पाटन का कोई इतिहास नहीं है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि धारा 9क(3) के प्रावधानों में पाटन का इतिहास शुल्क को पूर्वव्यापी प्रभाव से लागू करने के लिए पूरी की जाने वाली एक अनिवार्य शर्त के रूप में अपेक्षित नहीं है। उपखंड (3) के खंड (i) के अनुसार शुल्क को वहां पूर्वव्यापी रूप से लागू किया जा सकता है, जहां पाटन का इतिहास हो या आयातक अथवा आयातकर्ता को उस बात की जानकारी थी या होनी चाहिए थी कि निर्यातक पाटन कर रहा है और ऐसे पाटन से क्षति हो सकती है। प्राधिकारी ऐसी कानूनी स्थिति के अनुसार अपने अंतिम निर्धारण तक पहुंचेंगे।

छ. <u>सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन का निर्धारण</u>

छ.1 <u>अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध</u>

31. सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

क. आवेदक ने सामान्य मूल्य के निर्धारण हेतु थाईलैंड में घरेलू बिक्री कीमत से संबंधित सूचना प्राप्त करने के लिए प्रयासों को स्पष्ट नहीं किया है।

ख. आवेदक ने यह नहीं दर्शाया कि कोरिया गणराज्य और थाईलैंड जैसे आर्थिक दशाओं की दृष्टि से तुलनीय हैं और केवल निर्यातों की मात्रा के अनुसार तुलनीयता पर विचार किया है।

ग. प्राधिकारी को हान्वा ग्रुप से निर्यातकों को सहयोगी हितबद्ध पक्षकार मानना चाहिए, क्योंकि उन्होंने समस्त अपेक्षित सूचना दी है।

घ. चीन जन. गण. के लिए सामान्य मूल्य को घरेलू उद्योग की उत्पादन लागत के आधार पर निर्धारित करना अनुबंध-I के पैरा 7 के अंतर्गत प्रदत्त नीति क्रमिक नीति और कुइतुन जिनजियांग केमिकल इंडस्ट्री कंपनी लिमिटेड बनाम भारत संघ में सेस्टेट और शेनयांग मात्सुशिता एस. बैटरी कंपनी लिमिटेड बनाम एक्साइड इंडस्ट्रीज लिमिटेड में उच्चतम न्यायालय के निर्णय का उल्लंघन है।

ड. घरेलू उद्योग की उत्पादन लागत के आधार पर सामान्य मूल्य की गणना निर्यातकों के लिए हानिकारक होगी क्योंकि उच्च स्टार्ट-अप लागत और उच्चतर मूल्य पर प्रमुख कच्ची सामग्री की खरीद के कारण ऐसी लागत काफी अधिक होगी।

च. चीन के सहयोगी उत्पादक के लिए सामान्य मूल्य, बाजार अर्थव्यवस्था वाले देशों के लिए निर्धारित सामान्य मूल्य के आधार परिकलित होना चाहिए जो इस जांच का भी हिस्सा है।

छ. पाटन मार्जिन और क्षति मार्जिन को ग्लीसरीन और ईसीएच की कीमतों में जांच अवधि के दौरान भारी कीमत अंतर के कारण उचित तुलना हेतु मासिक आधार पर निर्धारित करना चाहिए।

ज. डब्ल्यू - टी पद्धति के प्रयोग से पाटन मार्जिन का निर्धारण उचित नहीं होगा, क्योंकि कीमतों में काफी अंतर है जिससे गणना में विचित्रता आ सकती है।

झ. डब्ल्यू - टी पद्धति का प्रयोग अपवाद है जैसा कि यूएस - वाशर्स मामले में अपीलीय निकाय ने माना था और उसे लागू नहीं करना चाहिए क्योंकि वर्तमान मामले में खरीदारों, क्षेत्रों या समयावधि के बीच निर्यात कीमतों में कोई खास अंतर नहीं है।

ञ. प्राधिकारी को पाटन मार्जिन की गणना के लिए "शून्यकरण" करने से बचना चाहिए, क्योंकि यह उनकी स्वयं की प्रक्रिया और डब्ल्यूटीओ के सिद्धांतों के विपरीत है।

ट. एलएफसी ने आईसीआईएस द्वारा निर्धारित अंतर्राष्ट्रीय बाजार कीमत के आधार पर वस्तु का निर्यात किया है और यह उम्मीद करना अतर्कसंगत है कि एलएफसी विशेष रूप से भारतीय बाजार के लिए पृथक बाजार कीमत बनाए रखेगा।

ठ. एजीसी विनिथाई ने सभी संबद्ध पक्षकार सौदों के संबंध में समस्त उचित प्रकटन किए हैं और वह सत्यापन की प्रक्रिया के दौरान प्राधिकारी से सहयोग करेगा।

ड. निर्यात घोषणा और सीएआरओटीएआर का प्रयोग मूल्यांकन के लिए किया जाता है, परंतु ऐसा मूल्यांकन डीजीटीआर के दायरे से बाहर है, क्योंकि यह बीआरआई का मामला है। चूंकि कोरिया गणराज्य और थाईलैंड से सीआईएफ कीमत उच्चतर है इसलिए अल्प बीजकीकरण से शुल्क रियायत के अंतर्गत आयातों के संबंध में कोई प्रयोजन सिद्ध नहीं होगा।

छ.2 <u>घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध</u>

32. सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन के निर्धारण के संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

क. विदेशी उत्पादक के लिए पाटन मार्जिन डब्ल्यू - टी पद्धति के प्रयोग से परिकलित होना चाहिए क्योंकि निर्यात कीमत ऐसी कोई प्रवृत्ति नहीं है जो पहले दो तिमाही की तुलना में जांच अवधि की अंतिम दो तिमाही से कोई खास अलग हो।

ख. यूएस - कोरिया से लार्ज रेजिडेंशियल वासर पर पाटनरोधी और प्रतिसंतुलनकारी शुल्क मामले में डब्ल्यूटीओ अपीलीय निकाय ने लक्षित पाटन की स्थिति की समाधान के लिए डब्ल्यू - टी पद्धति के प्रयोग का समर्थन किया और यह नोट किया कि कीमत विभेद की प्रवृत्ति विवेकपूर्ण होनी चाहिए, यह प्रवृत्ति अन्य सौदों से कमतर कीमत के सौदों के संबंध में होनी चाहिए, कीमत में अंतर अधिक होना चाहिए और केवल नाम मात्र की नहीं होनी चाहिए तथा सौदों की ऐसी प्रवृत्ति अन्य गैर प्रवृत्ति वाले सौदों से अलग होनी चाहिए।

ग. डब्ल्यूटीओ अपीलीय निकाय ने यह भी माना कि डब्ल्यू - टी पद्धति के प्रयोग से पाटन मार्जिन का निर्धारण प्रवृत्ति के सौदों तक सीमित होना चाहिए और गैर प्रवृत्ति सौदों पर पाटन मार्जिन के निर्धारण हेतु विचार नहीं करना चाहिए। इसके अलावा, सभी निर्यात बिक्रियों पर पाटन मार्जिन के निर्धारण एक अंश के रूप में विचार करना चाहिए।

घ. डब्ल्यू-डब्ल्यू या टी-टी के पद्धति के प्रयोग से पाटन मार्जिन का निर्धारण आरंभिक अवधि में अपाटित सौदों द्वारा वर्ष के उत्तरार्ध में पाटन के स्तर को आवरित कर देगा।

ड. घरेलू उद्योग ने शून्यकरण का दावा नहीं किया है बल्कि घरेलू उद्योग का दावा डब्ल्यूटीओ की स्थिति से संगत है।

च. एडवांस्ड बायोकेमिकल्स (थाईलैंड) कंपनी लिमिटेड जो जांच अवधि में ईसीएच का उत्पादक था, अपनी मूल कंपनी एजीसी विनयथाई पब्लिक कंपनी लिमिटेड को संबद्ध वस्तु की बिक्री से संबंधित सूचना देने में विफल रहा है।

छ. एडवांस्ड बायोकेमिकल्स (थाईलैंड) कंपनी लिमिटेड / एजीसी विनयथाई पब्लिक कंपनी लिमिटेड को यह अवश्य दर्शाना चाहिए कि घरेलू बाजार में की गई पर्याप्त बिक्रियां व्यापार की सामान्य प्रक्रिया में है। यदि बिक्री की मात्रा व्यापार की सामान्य प्रक्रिया में कम है तो उत्पादक के लिए सामान्य मूल्य तीसरे देश को निर्यात द्वारा निर्धारित होना चाहिए।

ज. प्राधिकारी को यह जांच अवश्य करनी चाहिए कि एडवांस्ड बायोकेमिकल्स (थाईलैंड) कंपनी लिमिटेड / एजीसी विनयथाई पब्लिक कंपनी लिमिटेड द्वारा अपनी मूल कंपनी और विभिन्न संबंधित पक्षकारों से कच्ची सामग्री या इनपुट की खरीद दूरस्थ कीमतों पर थीं, ऐसा नहीं होने पर उत्पादक की उत्पादन लागत को अंतर्राष्ट्रीय बाजार में यथा प्रचलित कच्ची सामग्री की कीमतों / इनपुट की कीमतों से समायोजित करना चाहिए।

झ. एडवांस्ड बायोकेमिकल्स (थाईलैंड) कंपनी लिमिटेड / एजीसी विनयथाई पब्लिक कंपनी लिमिटेड द्वारा भारत में अपनी संबंधित कंपनी एजीसी एशिया पैसिफिक (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड को प्रदत्त वितरण और सेवा शुल्क को निर्यातक के लिए निर्धारित निर्यात कीमत में संबंधित विपणन कंपनी के बिक्री, सामान्य और प्रशासनिक खर्चों के रूप में समायोजित करना चाहिए।

ञ. घरेलू उद्योग ने ऐसी सूचना के आधार पर थाईलैंड में सामान्य मूल्य उपलब्ध कराया है जो उत्तर देते समय तर्कसंगत रूप से उपलब्ध थी।

ट. बाजार अर्थव्यवस्था के लिए उचित तीसरे देश के चयन के लिए विकास के स्तर पर विचार करना अपेक्षित नहीं है। चूंकि थाईलैंड से निर्यातों की दूसरी सबसे बड़ी मात्रा कोरिया को हुई है। इसलिए सामान्य मूल्य के निर्धारण हेतु उस पर विचार करना अपेक्षित है।

ठ. घरेलू उद्योग ने सामान्य मूल्य के लिए समायोजनों के संबंध में ऐसी सूचना दी है जो आवेदन दायर करते समय तर्कसंगत रूप से उपलब्ध थी।

ड. सामान्य मूल्य को थाईलैंड या कोरिया की कीमतों के आधार पर निर्धारित नहीं किया जा सकता क्योंकि विरोधी पक्षकारों ने यह दर्शाया है कि ऐसे देश अर्थव्यवस्था के विकास या संबंधित उत्पाद के स्तर की दृष्टि से चीन से तुलनीय हैं।

ढ. चीन जन. गण. से उत्पादकों / निर्यातकों के लिए सामान्य मूल्य भारत में देय कीमत के आधार पर निर्धारित होना चाहिए जो तर्कसंगत लाभ के साथ घरेलू उद्योग की उत्पादन लागत पर आधारित हो।

ण. घरेलू उद्योग की उत्पादन लागत बढ़ी हुई नहीं है और वह किसी स्टार्ट-अप लागत से प्रभावित नहीं है इसे उत्पादन लागत का हिस्सा माना जाए। इसके अलावा, घरेलू उद्योग को प्राधिकारी की पूर्व प्रक्रिया के अनुसार सामान्य मूल्य के निर्धारण के लिए रिफाइंड, ग्लीसरीन और कास्टिक सोडा के अंतर्राष्ट्रीय कीमतों पर कोई आपत्ति नहीं है।

त. निर्यात कीमत को आयातों की सीआईएफ कीमत के आधार पर निर्धारित किया गया है जिसे कारखानाद्वार स्तर पर ज्ञात करने के लिए समुद्री भाड़ा, समुद्री बीमा, कमीशन, बैंक प्रभारों, पत्तन व्यय और अंतर्देशीय भाड़ा के लिए समायोजित किया गया है।

थ. मासिक आधार पर पाटन और क्षति मार्जिन के निर्धारण का दावा देरी करने की एक चाल है। किसी भी तरह घरेलू उद्योग ने तिमाही आधार पर सूचना दी है जिस पर विचार किया जा सकता है।

द. संबद्ध देशों के लिए पाटन मार्जिन सकारात्मक और काफी अधिक है।

छ.3 <u>प्राधिकारी द्वारा जांच</u>

33. निर्यातक प्रश्नावली का उत्तर निम्नलिखित उत्पादकों / निर्यातकों द्वारा दिया गया है:

i. जियांग्सू रुईजियांग केमिकल कंपनी लिमिटेड ("रुईजियांग"), चीन जन. गण.
ii. निंगबो हुआनयांग न्यू मटेरियल कंपनी लिमिटेड ("हुआनयांग"), चीन जन. गण.
iii. कैनको मार्केटिंग, इंक. कोरिया गणराज्य
iv. एवरलाइट कोरिया कंपनी लिमिटेड, कोरिया गणराज्य
v. हनवा कॉर्पोरेशन, कोरिया गणराज्य
vi. हनवा सॉल्यूशंस कॉर्पोरेशन, कोरिया गणराज्य
vii. लोटे फाइन केमिकल, कोरिया गणराज्य
viii. मिंजिन कॉर्पोरेशन, कोरिया गणराज्य
ix. एजीसी विनीथाई पब्लिक कंपनी लिमिटेड, थाईलैंड
x. सैमसंग सीएंडटी (थाईलैंड) कंपनी लिमिटेड, थाईलैंड

34. घरेलू उद्योग ने दावा किया है कि निर्यात कीमत में एक रूझान है जो पहले की दो तिमाही की तुलना में जांच अवधि की अंतिम दो तिमाही में काफी अलग है और इसलिए पाटन मार्जिन को डब्ल्यू - टी पद्धति से निर्धारित करना चाहिए। दूसरी ओर अन्य हितबद्ध पक्षकार ने दावा किया है कि प्राधिकारी को शून्यकरण नहीं करना चाहिए। प्राधिकारी ने डबल्यू -डब्ल्यू आधारित मार्जिन संबंधी सूचना और अपने लिखित अनुरोध में घरेलू उद्योग द्वारा प्रदत्त डब्ल्यू - टी पद्धति के संबंध में सूचना की जांच की है। यह नोट किया जाता है कि थाईलैंड के आयात के मामले में प्रस्तुत सूचना यह नहीं दर्शाती है कि विभिन्न अवधियों के बीच निर्यात कीमत में अंतर डब्ल्यू - डब्ल्यू पद्धति के प्रयोग से पर्याप्त रूप से लेखांकित नहीं होता है। इसके मद्देनजर पाटन मार्जिन को डब्ल्यूटीओ पाटनरोधी करार के अनुच्छेद 2.4.2 और पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध-I के पैरा 6 (iv) प्रावधानों के अनुसार डब्ल्यू - डब्ल्यू पद्धति के प्रयोग से परिकलित करना अपेक्षित नहीं है। चीन जन. गण. और कोरिया गणराज्य से निर्यातों के संबंध में यद्यपि कीमत में अंतर अधिक महत्वपूर्ण है परंतु क्षति मार्जिन ऐसे देशों से सहयोगी और असहयोगी निर्यातकों के लिए निर्धारित पाटन मार्जिन की तुलना में कम है। इसके मद्देनजर चीन जन. गण. और कोरिया गणराज्य से निर्यातों के लिए डब्ल्यू - टी पद्धति का प्रयोग आवश्यक नहीं है।

35. प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि जांच अवधि के दौरान आयातित संबद्ध वस्तु की कीमत में भी काफी अंतर हैं। इस बात को घरेलू उद्योग और विरोधी पक्षकारों दोनों ने दर्शाया है। वर्ष के पूर्वाध में संबद्ध वस्तु की कीमतें अधिक रही हैं जबकि वर्ष के उत्तरार्ध में इनमें से भारी गिरावट आई है। अत: ऐसे अंतरों पर विचार करने के लिए प्राधिकारी ने सभी विदेशी उत्पादकों और निर्यातकों के लिए तिमाही आधार पर सामान्य मूल्य निर्धारित है।

छ.3.1 <u>सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत का निर्धारण</u>

<u>चीन जन. गण. के लिए सामान्य मूल्य</u>

36. प्राधिकारी पाटनरोधी नियमावली के अंतर्गत सामान्य मूल्य की गणना से संबंधित निम्नलिखित संगत प्रावधानों को भी नोट करते हैं। पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध-1 के पैरा 7 और 8 के अंतर्गत प्रावधान नीचे दिए गए अनुसार है:

"7. गैर-बाजार अर्थव्यवस्था वाले देशों से आयात के मामले में, उचित लाभ मार्जिन को शामिल करने के लिए भारत में समान उत्पाद के लिए वास्तविक रूप से भुगतान किया गया अथवा भुगतान योग्य, आवश्यकतानुसार पूर्णतया समायोजित कीमत रहित, सामान्य, मूल्य का निर्धारण तीसरे देश के बाजार अर्थव्यवस्था में कीमत अथवा परिकलित मूल्य के आधार पर अथवा भारत सहित ऐसे किसी तीसरे देश से अन्य देशों के लिए कीमत अथवा जहां यह संभव नहीं हैं, या किसी अन्य उचित आधार पर किया जाएगा। संबद्ध देश के विकास के स्तर तथा संबद्ध उत्पाद को देखते हुए निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा यथोचित पद्धति द्वारा एक समुचित बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश का चयन किया जाएगा और चयन के समय पर उपलब्ध कराई गई किसी विश्वसनीय सूचना पर यथोचित रूप से विचार किया जाएगा। बाजार अर्थव्यवस्था वाले किसी अन्य तीसरे देश के संबंध में किसी समयानुरूपी मामले में की जाने वाली जांच के मामले में जहां उचित हों, समय-सीमा के भीतर कार्रवाई की जाएगी। जांच से संबंधित पक्षकारों को किसी अनुचित विलंब के बिना बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश के चयन के विशेष में सूचित किया जाएगा और अपनी टिप्पणियां देने के लिए एक समुचित समयावधि प्रदान की जाएगी।"

8. (1) "गैर-बाजार अर्थव्यवस्था वाला देश" वाक्यांश का अर्थ है कि ऐसा देश जिसे निर्दिष्ट प्राधिकारी लागत अथवा कीमत ढांचे के बाजार सिद्धान्तों को लागू नहीं करने वाले देश के रूप में मानते हैं, जिसके कारण ऐसे देश में पण्य वस्तुओं कि बिक्रियों उप पैराग्राफ (3) में निर्दिष्ट मानदंडों के अनुसार वस्तुओं के सही मूल्य को नहीं दर्शाती है।"

(2) यह कहना पूर्वनुमान लगाना होगा कि कोई देश जिसे जांच के पूर्ववर्ती तीन वर्षों के दौरान निर्दिष्ट प्राधिकारी अथवा डब्लू .टी.ओ. के किसी सदस्य के समक्ष प्राधिकारी द्वारा पाटनरोधी जांच के प्रयोजनार्थ एक गैर- बाजार अर्थव्यवस्था वाला देश निर्धारित अथवा माना गया है, एक गैर- बाजार अर्थव्यवस्था वाला देश है। तथापि, गैर बाजार अर्थव्यवस्था वाला देश या ऐसे देश से संबंधित फर्म निर्दिष्ट-प्राधिकारी को सूचना तथा साक्ष्य उपलब्ध कराकर इस परिकल्पना को समाप्त कर सकते हैं जो यह साबित करता हो कि ऐसा देश उप पैरा (3) में निर्दिष्ट मानदंड के आधार पर एक गैर बाजार अर्थ-व्यवस्था वाला देश नहीं है।

(3) निर्दिष्ट प्राधिकारी प्रत्येक मामले में निम्नलिखित मानदंड पर विचार करेंगे कि क्या: (क) ऐसे देश में कच्ची समग्रियों प्रौद्योगिकी लागत और श्रम, उत्पादन, बिक्रियों तथा निवेश सहित कीमतों, लागतों तथा निवेशों के संबंध में संबधित फर्म का निर्णय आपूर्ति

तथा मांग को दर्शाने वाले बाजार संकेतों तथा इस संबंध में किसी विशिष्ट राज्य हस्तक्षेप के बिना होता है और यह कि क्या मुख्य निवेशों की लागतें वास्तविक रूप से बाजार मूल्यों को दर्शाती है ; (ख) ऐसी फर्मों की उत्पादन लागतों तथा वितीय स्थिति पूर्ववर्ती गैर-बाजार अर्थव्यवस्था प्रणाली से उठाये गये विशिष्ट विरूपणों के अधीन होती है, खासकर ऋणों की प्रतिपूर्ति द्वारा परिसम्पत्तियों के मूल्यह्रास, अन्य बट्टे खाते वस्तु विनियम व्यापार तथा ऋणों की क्षतिपूर्ति के जरिए तथा भुगतान के संबंध में ; (ग) ऐसी फर्म दिवालियापन तथा सम्पति कानून के अधीन होती है जो कि फर्मों के प्रचालन की कानूनी निश्चितता तथा स्थायित्व की गारंटी देता है ; (घ) विनियम दर के परिवर्तन बाजार दर पर किये जाते है; तथापि, जहां इस पैराग्राफ में निर्दिष्ट मानदंड के आधार पर लिखित रूप में पर्याप्त साक्ष्य दर्शाया जाता है कि पाटनरोधी जांच के अधीन एक अथवा ऐसी अधिक फर्मों के लिए बाजार स्थितियां लागू होती हैं, निर्दिष्ट प्राधिकारी पैरा 7 तथा इस पैरा में निर्दिष्ट सिद्धान्तों के पैरा 1 से 6 में निर्दिष्ट सिद्धान्तों को लागू कर सकते है।

(4) उप पैराग्राफ (2) में किसी बात के होते हुए भी, निर्दिष्ट प्राधिकारी जो संगत मापदंड के अद्यतन विस्तृत मूल्यांकन के आधार पर ऐसे देश को बाजार अर्थव्यवस्था वाला देश मान सकते हैं जिसमें उप पैराग्राफ (3) में विनिर्दिष्ट मापदंड में किसी सार्वजनिक दस्तावेज में ऐसे मूल्यांकन का प्रकाशन शामिल हो, जिसे विश्व व्यापार संगठन के किसी सदस्य देश द्वारा पाटनरोधी जॉच के प्रयोजनार्थ बाजार अर्थव्यवस्था वाला देश माने जाने के लिए माना या निर्धारित किया हो"

37. जांच शुरूआत के समय प्राधिकारी ने चीन जन. गण. को गैर बाजार अर्थव्यवस्था देश मानने की धारणा के साथ कार्रवाई की थी। जांच शुरूआत पर प्राधिकारी ने चीन जन. गण. में उत्पादकों / निर्यातकों को जांच शुरूआत की सूचना का उत्तर देने और इस बारे में सूचना देने की सलाह दी थी कि क्या सामान्य मूल्य के निर्धारण में उनके आंकड़ों / सूचना को अपनाया जा सकता है। प्राधिकारी ने इस संबंध में संगत सूचना के लिए चीन जन. गण. में सभी ज्ञात उत्पादकों और निर्यातकों को बाजार अर्थव्यवस्था व्यवहार / पूरक प्रश्नावली की प्रतियां भेजी थीं।

38. डब्ल्यू टी ओ में चीन के एक्सेशन प्रोटोकोल के अनुच्छेद 15 में निम्नानुसार व्यवस्था हैः

(क) जीएटीटी, 1994 के अनुच्छेद-VI और पाटनरोधी करार के अंतर्गत कीमत तुलनीयता के निर्धारण में आयात करने वाला डब्ल्यूटीओ सदस्य या तो जांचाधीन उद्योग के लिए

चीन की कीमतों अथवा लागतों का उपयोग करेंगे या उस पद्धति को उपयोग करेंगे जो निम्नलिखित नियमों के आधार पर चीन में घरेलू कीमतों अथवा लागतों के साथ सख्ती से तुलना करने में आधारित नहीं हैः

(i) यदि जांचाधीन उत्पादक साफ-साफ यह दिखा सकते हैं कि समान उत्पाद का उत्पादन करने वाले उद्योग में उस उत्पाद के विनिर्माण, उत्पादन और बिक्री के संबंध में बाजार अर्थव्यवस्था की स्थितियां रहती है तो आयात करने वाला डब्ल्यूटीओ सदस्य मूल्य की तुलनीयता का निर्धारण करने में जांचाधीन उद्योग के लिए चीन की कीमतों अथवा लागतों का उपयोग करेगा।

(ii) आयातक डब्ल्यूटीओ सदस्य उस पद्धति का उपयोग कर सकता है जो चीन में घरेलू कीमतों अथवा लागतों के साथ सख्त तुलना पर आधारित नहीं है, यदि जांचाधीन उत्पादक साफ-साफ यह नहीं दिखा सकते हैं कि उस उत्पाद के विनिर्माण, उत्पादन और बिक्री के संबंध में बाजार अर्थव्यवस्था की स्थितियां समान उत्पाद का उत्पादन करने वाले उद्योग के लिए लागू नहीं हैं।

(ख) एससीएम समझौते के भाग II, III और V के अंतर्गत कार्यवाहियों में अनुच्छेद 14(क), 14(ख), 14(ग) और 14(घ) में निर्धारित राज्य हायता को बताते समय एससीएम समझौते के प्रासंगिक प्रावधान लागू होंगे, तथापि, उसके प्रयोग करने में यदि विशेष कठिनाईयां हों, तो आयात करने वाले डब्ल्यूटीओ सदस्य राजसहायता लाभ की पहचान करने और उसको मापने के लिए ऐसी पद्धति का उपयोग कर सकते हैं जिसमें उस संभावना को ध्यान में रखा जाए कि चीन में प्रचलित निबंधन और शर्तें उपयुक्त बेंचमार्क के रूप में सदैव उपलब्ध नहीं हो सकती है। ऐसी पद्धतियों को लागू करने में, जहां व्यवहार्य हो, आयात करने वाला डब्ल्यूटीओ सदस्य के द्वारा चीन से बाहर प्रचलित निबंधन और शर्तों के उपयोग के बारे में विचार करने से पूर्व ऐसी विद्यामान निबंधन और शर्तों को समायोजित करना चाहिए।

(ग) आयातक डब्ल्यूटीओ सदस्य उप-पैराग्राफ (क) के अनुसार प्रयुक्त पद्धतियों को पाटनरोधी प्रक्रिया समिति के लिए अधिसूचित करेगा तथा उप पैराग्राफ (ख) के अनुसार प्रयुक्त पद्धतियों को सब्सिडी तथा प्रतिसंतुलनकारी उपायों संबंधी समिति को अधिसूचित करेगा।

(घ) आयातक डब्ल्यूटीओ सदस्य के राष्ट्रीय कानून के तहत चीन के एक बार बाजार अर्थव्यवस्था सिद्ध हो जाने पर, उप पैराग्राफ के प्रावधान (क) के प्रावधान समाप्त कर दिए जाएंगे, बशर्ते कि आयात करने वाले सदस्य के राष्ट्रीय कानून में एक्सेशन की तारीख के अनुरूप बाजार अर्थव्यवस्था संबंधी मानदंड हो। किसी भी स्थिति में उप पैराग्राफ (क)(ii) के प्रावधान एक्सेशन की तारीख के बाद 15 वर्षों में समाप्त हो जाएंगे । इसके अलावा, आयातक डब्ल्यूटीओ सदस्य के राष्ट्रीय कानून के अनुसरण में चीन के द्वारा यह सुनिश्चित करना चाहिए कि बाजार अर्थव्यवस्था की स्थितियां एक विशेष उद्योग अथवा क्षेत्र में प्रचलित हैं, उप पैराग्राफ (क) के गैर-बाजार अर्थव्यवस्था के प्रावधान उस उद्योग अथवा क्षेत्र के लिए आगे लागू नहीं होंगे।"

39. प्राधिकारी नोट करते हैं कि यद्यपि अनुच्छेद 15(क)(ii) में दिए गए प्रावधान 11 दिसंबर 2016 को समाप्त हो गए हैं, तथापि चीन जन. गण. के एक्सेसन प्रोटोकॉल के अनुच्छेद 15(क)(i) के अधीन दायित्व के साथ पठित डब्ल्यूटीओ करार के अनुच्छेद 2.2.1.1 के अंतर्गत प्रावधानों में भारत की नियमावली के अनुबंध-I के पैरा 8 में निर्धारित मापदंड को बाजार अर्थव्यवस्था के दर्जे के दावे संबंधी पूरक प्रश्नावली में दी जाने वाली सूचना/आंकड़ों के ज़रिए पूरा करना अपेक्षित है।

40. प्राधिकारी नोट करते हैं कि चीन जन. गण. से किसी उत्पादक / निर्यातक ने पूरक प्रश्नावली का उत्तर नहीं दिया है जिससे नियमावली के अनुबंध-I के पैरा 8 में उल्लिखित धारणा का खंडन हो सके। ऐसी परिस्थितियों में प्राधिकारी को नियमावली के अनुबंध-I के पैरा 7 के अनुसार कार्रवाई करनी होगी।

41. यह नोट किया जाता है कि एडी नियमावली के अनुबंध-I के पैरा 7 में गैर बाजार अर्थव्यवस्थाओं के लिए सामान्य मूल्य की परिकलन की तीन पद्धतियां निर्धारित हैं: (क) बाजार अर्थव्यवस्था वाले किसी तीसरे देश में कीमत या परिकलित मूल्य के आधार पर; (ख) ऐसे तीसरे देश से भारत सहित अन्य देशों को निर्यात कीमत और (ग) किसी तर्कसंगत आधार पर । प्राधिकारी नोट करते हैं एडी नियमावली के अनुबंध-I के पैरा 7 के प्रावधानों के अंतर्गत सामान्य मूल्य को पहले किसी प्रतिनिधि देश में कीमत या परिकलित मूल्य के

आधार पर या ऐसे किसी ऐसे देश से भारत सहित अन्य देशों को निर्यात कीमत के आधार पर निर्धारित करना चाहिए।

42. आवेदन प्रस्तुत करते समय घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया था कि चीन जन. गण. के लिए सामान्य मूल्य समान उत्पाद के लिए भारत में वास्तव में प्रदत्त या देय कीमत के आधार पर परिकलित होना चाहिए जिसमें यदि आवश्यक हो तो तर्कसंगत लाभ मार्जिन को शामिल करने हेतु विधिवत समायोजन होना चाहिए।

43. यह नोट किया जाए कि पहले और दूसरी पद्धति के आधार पर सामान्य मूल्य की गणना हेतु पक्षकारों द्वारा कोई सूचना / साक्ष्य नहीं दिया गया है। यद्यपि घरेलू उद्योग ने दावा किया है कि चीन के लिए सामान्य मूल्य भारत में उचित प्रतिनिधि देश अर्थात बेल्जियम या सऊदी अरब से निर्यातों की कीमत के आधार पर निर्धारित किया जाना चाहिए। यह नोट किया गया है कि ऐसे तीसरे देशों से निर्यात न्यूनतम सीमा से कम रहे हैं। इसके अलावा, हितबद्ध पक्षकारों ने दावा किया है कि चीन के लिए सामान्य मूल्य इंग्लैंड या कोरिया में कीमतों के आधार पर निर्धारित होना चाहिए, उन्होंने सिद्ध नहीं किया है कि इन दोनों में से कोई देश संबंधित देश के विकास और संबंधित उत्पाद के स्तर के मद्देनजर उचित है।

44. उक्त सूचना / साक्ष्य के अभाव में प्राधिकारी के लिए पहली या दूसरी पद्धति के आधार पर सामान्य मूल्य निर्धारित करना संभव नहीं है। अत: प्राधिकारी ने तीसरी पद्धति अर्थात जांच अवधि की प्रत्येक तिमाही के लिए भारत में वास्तव में प्रदत्त या देय कीमत सहित किसी अन्य तर्कसंगत आधार पर सामान्य मूल्य परिकलित करने का निर्णय लिया है। प्राधिकारी ने भारत में प्रदत्त या देय कीमत के आधार पर सामान्य मूल्य परिकलित किया है।

45. इस प्रयोजनार्थ प्राधिकारी ने प्रत्येक तिमाही के लिए घरेलू उद्योग की उत्पादन लागत को बिक्री, सामान्य और प्रशासनिक व्यय तथा तर्कसंगत लाभ छोड़कर उस पर विचार किया है। जांच अवधि के लिए भारित औसत सामान्य मूल्य नीचे पाटन मार्जिन तालिका में उल्लिखित है।

<u>चीन जन. गण. के लिए निर्यात कीमत</u>

<u>जियांग्सू रूईजियांग केमिकल कंपनी लिमिटेड (रूईजियांग)</u>

46. जियांग्सू रूईजियांग केमिकल कंपनी लिमिटेड (रूईजियांग) चीन जन. गण. में संबद्ध वस्तु का एक उत्पादक है रूईजियांग ने भारत में असंबद्ध आयातकों को सीधे विचाराधीन उत्पाद बेचा है। यह नोट किया गया है कि जांच अवधि के दौरान रूईजियांग भारत में असंबंधित आयातकों को *** एमटी का निर्यात किया है। भाड़ा, ऋण लागत, बीमा और बैंक प्रभारों के लिए समायोजन वर्तमान अंतिम जांच के प्रयोजनार्थ स्वीकृत किए गए हैं। तदुनुसार, प्राधिकारी ने तिमाही आधार पर निर्यात कीमत निर्धारित किए हैं और जांच अवधि के लिए भारित औसत निर्यात कीमत नीचे पाटन मार्जिन तालिका में उल्लिखित है।

<u>निंग्बो हुआनयांग न्यू मटेरियल कंपनी लिमिटेड (हुआनयांग)</u>

47. निंग्बो हुआनयांग न्यू मटेरियल कंपनी लिमिटेड (हुआनयांग) चीन जन. गण. में संबद्ध वस्तु का एक उत्पादक है हुआनयांग ने भारत में असंबद्ध आयातकों को सीधे विचाराधीन उत्पाद बेचा है। यह नोट किया गया है कि जांच अवधि के दौरान हुआनयांग ने भारत में असंबंधित आयातकों को *** एमटी संबद्ध वस्तु का निर्यात किया है। समुद्री भाड़ा, ऋण लागत, बीमा, अतर्देशीय परिवहन, पत्तन और अन्य संबंधित व्यय तथा बैंक प्रभारों के लिए समायोजनों को वर्तमान अंतिम जांच के प्रयोजनार्थ स्वीकृत किए गए हैं। तदुनुसार, प्राधिकारी ने तिमाही आधार पर निर्यात कीमत निर्धारित किए हैं और जांच अवधि के लिए भारित औसत निर्यात कीमत नीचे पाटन मार्जिन तालिका में उल्लिखित है।

<u>चीन जन.गण. से सभी असहयोगी उत्पादकों/निर्यातकों के लिए निर्यात कीमत</u>

48. चीन जन. गण. से अन्य असहयोगी उत्पादकों / निर्यातकों के लिए निर्यात कीमत नियमावली के नियम 6(8) के अनुसार उपलब्ध तथ्यों के अनुसार निर्धारित की की गई है।

<u>कोरिया गणराज्य के लिए सामान्य मूल्य</u>

<u>हनव्हा सॉल्यूशंस कॉर्पोरेशन (एचएससी)</u>

49. हनव्हा सॉल्यूशंस कॉर्पोरेशन (एचएससी) कोरिया गणराज्य में एक संबद्ध वस्तु का एक उत्पादक है। एचएससी ने जांच अवधि के दौरान घरेलू बाजार में *** एमटी संबद्ध वस्तु बेची है जबकि उसने भारत को *** एमटी संबद्ध वस्तु का निर्यात किया है। प्राधिकारी

नोट करते हैं कि घरेलू बिक्रियां भारत को निर्यात की तुलना में पर्याप्त मात्रा में है। सामान्य मूल्य निर्धारित करने के लिए प्राधिकारी ने संबद्ध वस्तु की उत्पादन लागत के संदर्भ में लाभ कमाने वाले घरेलू बिक्री सौदों के निर्धारण हेतु व्यापार की सामान्य प्रक्रिया परीक्षण किया। एचएससी ने ऋण लागत और अंतरर्देशीय परिवहन के लिए कीमत समायोजन का दावा किया और प्राधिकारी ने उनकी अनुमति दी। इस प्रकार एचएससी के लिए कारखानाद्वार स्तर पर सामान्य मूल्य प्रत्येक तिमाही के लिए परिकलित किया गया है और जांच अवधि के लिए भारित औसत सामान्य मूल्य नीचे पाटन मार्जिन तालिका में उल्लिखित है।

<u>लोट्टे फाइन केमिकल (एलएफसी)</u>

50. लोट्टे फाइन केमिकल (एलएफसी) कोरिया गणराज्य में एक संबद्ध वस्तु का एक उत्पादक है। एलएफसी ने जांच अवधि के दौरान घरेलू बाजार में *** एमटी संबद्ध वस्तु बेची है जबकि उसने भारत को *** एमटी संबद्ध वस्तु का निर्यात किया है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू बिक्रियां भारत को निर्यात की तुलना में पर्याप्त मात्रा में है। सामान्य मूल्य निर्धारित करने के लिए प्राधिकारी ने संबद्ध वस्तु की उत्पादन लागत के संदर्भ में लाभ कमाने वाले घरेलू बिक्री सौदों के निर्धारण हेतु व्यापार की सामान्य प्रक्रिया परीक्षण किया। एलएफसी ने अंतरर्देशीय परिवहन, लोडिंग प्रभार, निरीक्षण शुल्क, ऋण लागत और पैकेजिंग लागतों के लिए समायोजन का दावा किया है और प्राधिकारी ने उनकी अनुमति दी। इस प्रकार एलएफसी के लिए कारखानाद्वार स्तर पर सामान्य मूल्य प्रत्येक तिमाही के लिए परिकलित किया गया है और जांच अवधि के लिए भारित औसत सामान्य मूल्य नीचे पाटन मार्जिन तालिका में उल्लिखित है।

<u>कोरिया गणराज्य से अन्य उत्पादकों/निर्यातकों के लिए सामान्य मूल्य</u>

51. कोरिया गणराज्य से अन्य सभी अहसयोगी उत्पादकों / निर्यातकों के लिए सामान्य मूल्य उपलब्ध तथ्यों के आधार पर निर्धारित किया गया है और वह नीचे पाटन मार्जिन तालिका में उल्लिखित है।

<u>कोरिया गणराज्य के लिए निर्यात कीमत</u>

<u>हनवा सोल्यूशंस कॉर्पोरेशन (एचएससी), हनवा कॉर्पोरेशन (एचसी), कैन्को मार्केटिंग, इंक. (कैन्को), एवरलाइट कोरिया कंपनी लिमिटेड (एवरलाइट) और मिंजिन कॉर्पोरेशन (मिनजिन)</u>

52. हनवा सोल्यूशंस कॉर्पोरेशन (एचएससी) कोरिया गणराज्य में एक संबद्ध वस्तु का उत्पादक है। एचएससी ने हनवा कॉर्पोरेशन (एचसी), कैन्को मार्केटिंग, इंक. (कैन्को), एवरलाइट कोरिया कंपनी लिमिटेड (एवरलाइट) और मिंजिन कॉर्पोरेशन (मिन्जिन) के जरिए भारत में संबद्ध वस्तु का निर्यात किया है। एचसी, कैन्को, एवरलाइट और मिंजिन ने भारत में असंबंधित उपभोक्ताओं को सीधे संबद्ध वस्तु की बिक्री की है। जांच अवधि के दौरान एचएससी ने निम्निलिखित वितरण चैनल के माध्यम से वस्तुओं की बिक्री की है।

एचएससी → एचसी → भारत में असंबंधित उपभोक्ता
एचएससी → कैंको → भारत में असंबंधित उपभोक्ता
एचएससी → इवरलाइट → भारत में असंबंधित उपभोक्ता
एचएससी → मिनजिन → भारत में असंबंधित उपभोक्ता

53. यह नोट किया गया है कि जांच अवधि के दौरान एचएससी ने भारत में असंबंधित उपभोक्ताओं को सीधे *** एमटी विचाराधीन उत्पाद का निर्यात किया है। भारत को बिक्री के लिए अंतरर्देशीय भाडा, समुद्री भाड़ा, ब्रोकरेज, पत्तन प्रभार, समुद्री बीमा, ऋण लागत, कमीशन और बैंक प्रभारों के लिए समायोजनों का दावा किया गया है। वर्तमन अंतिम जांच परिणाम के लिए इन्हें स्वीकृत किया गया है। तदनुसार, प्राधिकारी ने तिमाही आधार पर निर्यात कीमत निर्धारित की है और जांच अवधि के लिए भारित औसत निर्यात कीमत नीचे पाटन मार्जिन तालिका में उल्लिखित है।

<u>लोट्टे फाइन केमिकल (एलएफसी) और सैमसंग सी एंड टी (थाईलैंड) कंपनी लिमिटेड (एससीटी)</u>

54. लोट्टे फाइन केमिकल (एलएफसी) कोरिया गणराज्य में संबद्ध वस्तु का एक उत्पादक है। एलएफसी ने सैमसंग सी एंड टी (थाईलैंड) कंपनी लिमिटेड (एससीटी) जो थाईलैंड में एक व्यापारी है, के जरिए भारत को संबद्ध वस्तु का निर्यात किया है। एलएफसी और एससीटी ने दावा किया है कि इन वस्तुओं को कोरिया से भारत को सीधे भेजा गया है और एससीटी केवल एक व्यापारी के रूप में कार्य करता है। एलएफसी ने आईएमएस कारपोरेशन के जरिए भारत को *** एमटी संबद्ध वस्तु का निर्यात भी किया है। तथापि, चूंकि आईएमएस कारपोरेशन के जरिए निर्यात मामूली हैं। इसलिए उन्हें वर्तमान जांच से बाहर रखा गया है। एलएफसी और एससीटी ने संबद्ध वस्तु को भारत में सीधे असंबंधित उपभोक्ताओं को बेचा

है। जांच अवधि के दौरान एलएफसी ने निम्नलिखित वितरण चैनलों के जरिए वस्तुओं का निर्यात किया है।

एलएफसी □→ एससीटी □→ भारत में असंबंधित उपभोक्ता

55. यह नोट किया गया है कि जांच अवधि के दौरान एचएससी ने भारत में असंबंधित उपभोक्ताओं को सीधे *** एमटी विचाराधीन उत्पाद का निर्यात किया है। भारत को बिक्री के लिए समुद्री भाड़ा, सीमा शुल्क निकासी फीस, अंतरर्देशीय परिवहन, बीमा, ऋण लागत, निरीक्षण शुल्क, पैकेजिंग लागत और बैंक प्रभारों के लिए समायोजनों का दावा किया गया है। वर्तमान अंतिम जांच परिणाम के लिए इन्हें स्वीकृत किया गया है। तदनुसार, प्राधिकारी ने तिमाही आधार पर निर्यात कीमत निर्धारित की है और जांच अवधि के लिए भारित औसत निर्यात कीमत नीचे पाटन मार्जिन तालिका में उल्लिखित है।

<u>कोरिया गणराज्य से सभी असहयोगी उत्पादकों/निर्यातकों के लिए निर्यात कीमत</u>

56. कोरिया गणराज्य से अन्य असहयोगी उत्पादकों / निर्यातकों के लिए निर्यात कीमत नियमावली के नियम 6(8) के अनुसार सर्वोत्तम उपलब्ध तथ्यों के आधार पर निर्धारित की गई है।

<u>थाईलैंड के लिए सामान्य मूल्य</u>

<u>एजीसी विनयथाई पब्लिक कंपनी लिमिटेड</u>

57. एजीसी विनयथाई पब्लिक कंपनी लिमिटेड (एवीटी) थाईलैंड में संबद्ध वस्तु का एक उत्पादक है। एवीटी ने जांच अवधि के दौरान घरेलू बाजार में *** एमटी संबद्ध वस्तु को बेचा है जबकि भारत को *** एमटी संबद्ध वस्तु का निर्यात किया है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू बिक्री भारत को निर्यात की तुलना में पर्याप्त मात्रा में की गई है।

58. घरेलू उद्योग के इस दावे के संबंध में कि एवीटी ने अपनी मूल कंपनी और अन्य संबंधित पक्षकारों से कच्ची सामग्री और इनपुट खरीदे हैं, यह नोट किया गया है कि निर्यातक ने संबद्ध वस्तु के उत्पादन के लिए अपने संबंधित पक्षकार से खरीदी गई समस्त कच्ची सामग्री और इनपुट के पूरे ब्यौरे दिए हैं। प्राधिकारी ने निर्यातक द्वारा प्रस्तुत सूचना सत्यापित की है। यह नोट किया गया है कि एवीटी (पूर्व में एडवांस्ड बायोकेमिकल (थाईलैंड)

कंपनी लिमिटेड के रूप में ज्ञात) अपने संबंधित पक्षकारों से कच्ची सामग्री और इनपुट की खरीद दूरस्थ आधार पर की गई है।

59. घरेलू उद्योग के इस दावे के संबंध में कि एवीटी ने जांच अवधि के दौरान घरेलू बाजार में अपने संबंधित पक्षकार को संबद्ध वस्तु बेची है। यह देखा गया है कि जांच अवधि के दौरान एडवांस्ड बायोकेमिकल (थाईलैंड) कंपनी लिमिटेड ने अपने संबंधित पक्षकारों को अन्य उत्पाद बेचे थे जो संबद्ध वस्तु की बिक्रियां नहीं थी। अब इसे प्राधिकारी द्वारा सत्यापित किया गया है।

60. सामान्य मूल्य निर्धारित करने के लिए प्राधिकारी ने संबद्ध वस्तु के उत्पादन लागत के संबंध में लाभ कमाने वाले घरेलू बिक्री सौदें निर्धारित करने के लिए व्यापार की सामान्य प्रक्रिया परीक्षण किया था। कंपनी ने बीमा और अंतर्देशीय परिवहन के लिए कीमत समायोजनों का दावा किया है और प्राधिकारी ने उनकी अनुमति दी है। इस प्रकार एवीटी के लिए कारखानाद्वार स्तर पर सामान्य मूल्य प्रत्येक तिमाही हेतु परिकलित किया गया है और जांच अवधि के लिए भारित औसत सामान्य मूल्य नीचे पाटन मार्जिन तालिका में उल्लिखित है।

<u>थाईलैंड में अन्य उत्पादकों/निर्यातकों के लिए सामान्य मूल्य</u>

61. थाईलैंड से अन्य सभी अहसयोगी उत्पादकों / निर्यातकों के लिए सामान्य मूल्य उपलब्ध तथ्यों के आधार पर निर्धारित किया गया है और वह नीचे पाटन मार्जिन तालिका में उल्लिखित है।

<u>थाईलैंड के लिए निर्यात कीमत</u>

<u>एजीसी विनयथाई पब्लिक कंपनी लिमिटेड (एवीटी)</u>

62. एजीसी विनयथाई पब्लिक कंपनी लिमिटेड (एवीटी) थाईलैंड में संबद्ध वस्तु का एक उत्पादक है। एवीटी ने भारत में असंबंधित उपभोक्ताओं को सीधे विचाराधीन उत्पाद बेचा है। जांच अवधि के दौरान एवीटी ने निम्नलिखित वितरण चैनल के जरिए वस्तुओं का निर्यात किया है।

एवीटी → भारत में असंबंधित उपभोक्ता

63. घरेलू उद्योग ने दलील दी है कि एवीटी ने अपने संबंधित पक्षकार को कतिपय विपणन शुल्क और सेवा शुल्क का भुगतान किया है जिसे निर्यात कीमत में समाहित करना चाहिए। इस संबंध में, प्राधिकारी ने विपणन शुल्क के बारे में निर्यातक से अतिरिक्त सूचना मांगी है। निर्यातक ने बताया कि वह गैर विशेष आधार पर कतिपय सेवाएं देने के लिए अपने संबंधित पक्षकार के साथ एक सेवा करार में शामिल हुआ है। एवीटी ने मासिक आधार पर और नियत फार्मूले के आधार पर विपणन शुल्क का भुगतान किया है। यह नोट किया गया है कि चूंकि एवीटी ने जांच अवधि के दौरान केवल ईसीएच बेचा है। इसलिए एवीटी द्वारा उसकी संबद्ध कंपनी को प्रदत्त विपणन शुल्क भारत को ईसीएच के निर्यातों से सीधे संबंधित है। तदनुसार, एवीटी द्वारा उसके संबंधित पक्षकार को प्रदत्त विपणन शुल्क को निर्यातक के लिए निर्धारित निवल निर्यात कीमत में समायोजित किया गया है।

64. यह नोट किया गया है कि जांच अवधि के दौरान एवीटी ने भारत में असंबंधित उपभोक्ताओं को *** एमटी संबद्ध वस्तु का निर्यात किया है। समुद्री भाड़ा, सर्वेक्षक लागत, बीमा, संभलाई प्रभार, अंतरर्देशीय भाड़ा, ऋण लागत के लिए समायोजनों का दावा किया गया है और प्राधिकारी ने इन्हें स्वीकृत किया है। तदनुसार, प्राधिकारी ने तिमाही आधार पर निर्यात कीमत निर्धारित की है और जांच अवधि के लिए भारित औसत निर्यात कीमत नीचे पाटन मार्जिन तालिका में उल्लिखित है।

<u>थाईलैंड से सभी असहयोगी उत्पादकों/निर्यातकों के लिए निर्यात कीमत</u>

65. थाईलैंड से अन्य असहयोगी उत्पादकों / निर्यातकों के लिए निर्यात कीमत नियमावली के नियम 6(8) के अनुसार सर्वोत्तम उपलब्ध तथ्यों के आधार पर निर्धारित की गई है।

छ.3.2 <u>पाटन मार्जिन</u>

66. वर्तमान जांच में सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन तिमाही आधार पर निर्धारित किए गए हैं और निम्नानुसार हैं:

<u>पाटन मार्जिन तालिका</u>

क्र.सं.	उत्पादक	एनवी	ईपी	डीएम	डीएम	रेंज
क	**थाईलैंड**	डॉलर/एमटी	डॉलर/एमटी	डॉलर/एमटी	%	
1	एजीसी विनाइथाई पब्लिक कंपनी लिमिटेड (एवीटी) (पूर्व में एडवांस्ड बायोकेमिकल (थाईलैंड) कंपनी लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)	***	***	***	***	10-20%
2	कोई अन्य	***	***	***	***	15-25%
ख	**कोरिया गणराज्य**	***	***	***	***	
1	हनवा सॉल्यूशंस कॉर्पोरेशन	***	***	***	***	30-40%
2	लोट्टे फाइन केमिकल कंपनी लिमिटेड	***	***	***	***	40-50%
3	कोई अन्य	***	***	***	***	45-55%
ब	**चीन जन. गण.**	***	***	***	***	
1	जियांगसु रूईजियांग केमिकल कंपनी लिमिटेड	***	***	***	***	25-35%
2	निंग्बो हुआनयांग न्यू मैटेरियल कंपनी लिमिटेड	***	***	***	(***)%	Negative
3	कोई अन्य	***	***	***	***%	30-40%

ज. <u>क्षति और कारणात्मक संबंध का आकलन</u>

ज.1 <u>अन्य हितबद्ध पक्षकारों के विचार</u>

67. क्षति और कारणात्मक संबंध के बारे में अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

i. थाईलैंड से संबद्ध आयात चीन जन. गण. और कोरिया गणराज्य से आयातों से प्रतिस्पर्धा नहीं कर रहे हैं क्योंकि उनकी मात्रा के रूझान अलग तरह के हैं और इसलिए पाटनरोधी करार के अनुच्छेद 3.3 के अनुसार इनका संचयी विश्लेषण नहीं किया जा सकता है।

ii. थाईलैंड से आयातों के कारण घरेलू उद्योग को क्षति नहीं है क्योंकि वे भारतीय खपत के अनुसार चले हैं।

iii. चीन से संबद्ध आयातों में कीमत को प्रभावित करने की क्षमता नहीं है क्योंकि चीन से आयातों की मात्रा थाईलैंड से आयातों की तुलना में काफी कम है जबकि चीन से पहुंच कीमत थाईलैंड से काफी अधिक है।

iv. प्रस्तुत सूचना के आधार एलएफसी के लिए क्षति मार्जिन ऋणात्मक होगा। क्षति यदि कोई हो, तो वह थाईलैंड से निर्यातों के कारण हो सकती है।

v. 2013 में उत्पादक की मौजूदगी जो बाद में समाप्त हो गया। प्राधिकारी को वर्तमान मामले में घरेलू उद्योग की स्थापना में वास्तविक बाधा की जांच करने से नहीं रोकता है।

vi आयातों की केवल क्षतिकारी मात्रा पर विचार करते हुए क्षति मार्जिन का निर्धारण पाटनरोधी करार के अनुच्छेद 3.1 के संगत नहीं है।

vii. जांच अवधि के दौरान आयातों की मात्रा में मांग में वृद्धि के अनुपात में वृद्धि नहीं हुई है जो आवेदक के उत्पादन शुरू करते समय काफी अधिक हैं। जांच अवधि से पहले आयातों और मांग में घरेलू उत्पादन के अभाव में तालमेल रहा था।

viii. आवेदक का यह दावा कि आयातों की मात्रा में उत्पाद शुरू होने के साथ गिरावट आनी चाहिए, स्वीकार नहीं किया जा सकता है क्योंकि एक आरंभिक उद्योग स्थिर होने में और बाजार में जगह बनाने में पर्याप्त समय लेता है। फिर भी संबद्ध आयातों में जांच अवधि की एक तिमाही में गिरावट आई है जबकि घरेलू उद्योग की बिक्रियों में वृद्धि हुई है।

ix. चूंकि आवेदक ने अभी उत्पादन शुरू किया है और शट डाउन का सामना किया है । इसलिए उत्पादन के संबंध में आयातों की मात्रा स्वाभाविक रूप से अधिक होगी।

x. जांच अवधि के दौरान संबद्ध आयातों की मात्रा में वृद्धि कोविड-19 महामारी के कारण आर्थिक बंदी के बाद निर्यात मात्राओं में केवल पुन: वापसी है।

xi. समग्र आयातों में संबद्ध आयातों का बढ़ा हुआ हिस्सा संबद्ध आयातों द्वारा गैर संबद्ध आयातों का केवल स्थान लेने से हुआ और इससे आवेदक पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ा है। आवेदक ने स्वयं संबद्ध आयातों के बाजार हिस्से का स्थान लिया है।

xii. भारत में मांग में एक सकारात्मक रूझान रहा है और इसलिए घरेलू उत्पादक के अभाव में संबद्ध आयातों में वृद्धि हुई होगी।

xiii. संबद्ध आयातों ने घरेलू उद्योग की कीमतों पर दबाव नहीं डाला है क्योंकि थाईलैंड से आयात में आयात कीमत में कटौती के बावजूद गिरावट आई है।

xiv. आयात कीमतों ने अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमतों के रूझान का पालन किया है और उनमें कच्ची सामग्री की कीमत में परिवर्तन के कारण अस्थिरता आई है और यह गिरावट पाटन के कारण नहीं हुई है।

xv. आवेदक का यह दावा कि निर्यातक भारतीय बाजार में कम कीमत पर आपूर्ति कर रहे हैं, अस्वीकृत होना चाहिए क्योंकि इस दावे पर पहुंचने का स्रोत या पद्धति नहीं बताई गई है।

xvi. आवेदक द्वारा निर्धारित लक्ष्य कीमत बाजार परिदृश्य को देखते हुए अवास्तविक है जो जांच अवधि के समय मौजूद थी और ऐसे लक्ष्य को पूरा करने में किसी विफलता को संबद्ध आयातों से नहीं जोड़ा जा सकता है।

xvii. निर्यातक की कीमत व्यवहार्य की जांच के लिए मात्रा और कीमत के आंकड़े प्रपत्र IVक में प्रदत्त आंकड़ों तथा ट्रेड मैप से स्वतंत्र रूप से निकाले गए आंकड़ों से काफी अलग हैं।

xviii. प्राधिकारी को संबद्ध वस्तु के कीमत के रूझानों के विश्लेषण के लिए सहयोगी निर्यातकों द्वारा प्रस्तुत सूचना की जांच करनी चाहिए।

xix. आवेदक ने उच्च कीमत पर कच्ची सामग्री खरीदी है और अपने संयंत्र के चालू होने में सुविधा के लिए उसे 3-4 महीने के लिए स्टोर किया है। जैसा कि क्यू3 और क्यू4 के लिए आय विवरण में स्वीकार किया गया है। दूसरी ओर सर्वाधिक प्रतिस्पर्धी आयातों ने आर्थिक रूप से कुशल ढंग से कच्ची सामग्री खरीदी है।

xx. ग्लीसरीन और ईसीएच की कीमतें मई, 2022 में शीर्ष पर थीं और जून 2022 के बाद जब आवेदक ने प्रचालन शुरू किया तो उनमें गिरावट आई। जून 2022 जब कीमतें सर्वाधिक थी तक रिफाइंड ग्लीसरीन के प्रयोग से ईसीएच के उत्पादन के कारण घरेलू उद्योग की लागत उच्च रही है। इसके अलावा, घरेलू उद्योग की श्रम लागत में भी वृद्धि हुई है।

xxi. घरेलू उद्योग ने कच्ची ग्लीसरीन जो अधिक लागत कुशल होती है, के बजाय सितंबर, 2022 तक रिफाइंड ग्लीसरीन का प्रयोग किया है क्योंकि जांच अवधि के दौरान उनकी कीमतों के बीच *** प्रतिशत का अंतर था। घरेलू उद्योग ने काफी देरी से कच्ची ग्लीसरीन का प्रयोग किया। इस प्रकार उन्हें ग्लीसरीन पर आधारित उत्पादन प्रक्रिया के चयन के सचेत निर्णय के कारण वांछित बाजार हिस्सा प्राप्त नहीं हो सका।

xxii. इस अवधि में ईसीएच की कीमतों में तेजी से गिरावट को देखते हुए प्राधिकारी को विभिन्न मामलों में पूर्व की प्रक्रिया के अनुसार वार्षिक विश्लेषण के बजाय कीमत और उत्पादन लागत के बीच तिमाहीवार विश्लेषण करना चाहिए।

xxiii. लगभग सभी रसायनों की सीआईएफ कीमत में यूक्रेन - रूस युद्ध, इजराइल युद्ध, श्रीलंका, बांग्लादेश, पाकिस्तान आदि में वित्तीय अस्थिरता के कारण जांच अवधि में गिरावट आई है।

xxiv. चूंकि ग्रासिम लिमिटेड और डीसीएम श्रीराम लिमिटेड इस समय ईसीएच का उत्पादन नहीं कर रहे हैं। इसलिए यह अस्पष्ट है कि ऐसे उत्पादक उत्पाद में निवेश क्यों कर रहे हैं।

xxv. चूंकि घरेलू उद्योग संपूर्ण जांच अवधि के लिए प्रचालनरत नहीं था। इसलिए प्रचालन की सीमित अवधि के लिए क्षति मापदंड उद्योग की स्थिति की सही तस्वीर नहीं दिखा सकेंगे।

xxvi. आवेदक के अनुमानित मापदंड पर भरोसा नहीं किया जा सकता क्योंकि वे प्रचालन लागत और लाभप्रदता को प्रभावित करने वाले भारी कीमत उतार-चढ़ाव पर विचार किए बिना विशिष्ट बाजार दशाओं पर निर्भर होते हैं।

xxvii. आयातों ने घरेलू उद्योग की क्षमता उपयोग को बाधित नहीं किया है और वह उसे धीरे-धीरे बढ़ाने में सक्षम है जैसा कि उसकी वार्षिक रिपोर्ट 2022-23 और वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में तिमाही आय विवरण में रिकार्ड किया गया है।

xxviii. आवेदक का क्षमता उपयोग आरंभिक स्तर पर घरेलू उद्योग के लिए शट डाउन का सामना करने के बावजूद प्रभावशाली रहा है।

xxix. आवेदक पर संबद्ध आयातों के कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़े हैं क्योंकि उनके बाजार हिस्से में लक्षित स्तर तक नहीं परंतु वृद्धि हुई हुई है।

xxx. तीसरी तिमाही में संयंत्र बंद होने के बावजूद घरेलू उद्योग पहली तिमाही की तुलना में चौथी तिमाही में अपनी बिक्री और उत्पादन तेजी से बढ़ाने में सक्षम रहा था जो तिमाही आय लक्ष्यों में व्यक्त आशाओं के अनुरूप था।

xxxi. आवेदक ने दावा किया है कि ईष्टतम क्षमता उपयोग पर भी उसे परियोजना रिपोर्ट के आधार पर घाटा होगा परंतु रिपोर्ट का अगोपनीय अंश नहीं दिया गया है।

xxxii. प्रचालन जारी रखने में आवेदक की अक्षमता के लिए अनेक शट डाउन जिम्मेदार हो सकते हैं जो प्रचालनात्मक अक्षमताएं दर्शाए हैं। ऐसे शट डाउन ईसीएच की कीमत में गिरावट और ग्लीसरीन की कीमत में वृद्धि के कारण कच्ची सामग्री की अनुपलब्धता और वाणिज्यिक अव्यवहार्यता के कारण हो सकते हैं।

xxxiii. चूंकि घरेलू उद्योग बाजार में एक नया प्रवेशकर्ता है इसलिए उसे बाजार के आयामों के कारण स्वयं को स्थापित करने में थोड़ा समय लगेगा और प्रयोक्ता द्वारा आपूर्तिकर्ताओं को तत्काल बदलना समाधान नहीं है।

xxxiv. मालसूची स्तर पर तिमाहीवार अस्थिरता जो एकमात्र है क्षति का संकेत नहीं हो सकती है क्योंकि उसे दीर्घावधिक रूझानों के रूप में विश्लेषित करना चाहिए और बिक्री कीमत, बिक्री मात्रा, लाभ आदि जैसे अन्य मानदंडों के संबंध में देखना चाहिए।

xxxv. घरेलू उद्योग की बढ़ी हुई मालसूची निर्यातकों के ट्रैक रिकार्ड, चालू संविदाएं और प्रदत्त उत्पाद की गुणवत्ता में अंतर के आधार पर केवल प्रयोक्ता उद्योग की पसंद के कारण है।

xxxvi. भेषज क्षेत्र द्वारा बनाई गई संविदा अवधि जनवरी से दिसंबर तक है और इसलिए आवेदन के बाद स्वयं को स्थापित करने का अवसर नहीं है।

xxxvii. घरेलू उद्योग के निष्पादन का विश्लेषण उन चुनौतीपूर्ण स्थितियों के संबंध में किया जाना चाहिए जिनमें उसने बाजार में प्रवेश किया।

xxxviii. आवेदक के पीओआई के बाद के निष्पादन की भी जांच की जानी चाहिए। जैसे सीपीवीसी, स्टायरिन बुटाडीन रबड़ और रेजिन के मामले में प्राधिकारी की प्रक्रिया रही थी।

xxxix. उत्पादन पद्धति और खरीद प्रक्रिया में जांच अवधि के दौरा रिफाइंड से कच्चे ग्लीसरीन में परिवर्तन के प्रभाव को हटाने के लिए दावा की गई क्षतिरहित कीमत समायोजित की जाना चाहिए। जांच अवधि के लिए कच्चे ग्लीसरीन (और रिफाइंड ग्लीसरीन नहीं) की औसत लागत पर भारत में आयातों की वास्तविक कीमत या औसत आईसीआईएस कीमत के आधार पर विचार करना चाहिए तथा आवेदक के पीओआई के बाद के प्रचालनों के आधार पर कच्चे ग्लीसरीन के शुद्धिकरण की वास्तविक वृद्धिशील लागत पर विचार किया जाए। इसके अलावा, प्राधिकारी को यह सुनिश्चित करने के लिए ईष्टतम उत्पादन निर्धारित करने हेतु ईष्टतम क्षमता

उपयोग के रूप में *** प्रतिशत पर विचार करना चाहिए कि क्षतिरहित कीमत बाजार की गति से प्रभावित न हो जिससे क्षति हो सकती है।

xl. उत्पादन अक्षमताओं के कारण उच्च मूल्य ह्रास और ब्याज लागत कम क्षमता प्रचनालन और कच्ची सामग्री की अधिक खपत क्षतिरहित कीमत और परिणामी क्षति की गणना को विकृत बना सकती है।

xli. प्राधिकारी को यह जांच करनी चाहिए कि क्या आवेदक ने अपारंपरिक उत्पादन तकनीकी लेने के लिए प्रौद्योगिकी हस्तांतरण करार के लिए किसी रायालिटी शुल्क का भुगतान किया है जिससे उत्पादन की लागत बढ़ गई है।

xlii. घरेलू उद्योग की अनुमानित लाभप्रदता को प्राप्त करने में असमर्थ था। आयातों के कारण नहीं है बल्कि अन्य कारकों की वजह से है।

xliii. घरेलू उद्योग निर्यात बाजार पर अधिक केंद्रित है और उसने यूरोप के प्रमुख पत्तनों पर स्टोरेज टैंक भी स्थापित किए हैं।

xliv. मिलनाडु पेट्रोप्रोडक्ट्स लिमिटेड जो ईसीएच संयंत्र के रूप में अपनी जेवी कंपनी, पेट्रो एराल्डाइट प्राइवेट लिमिटेड की जरूरतों को पूरा करने के लिए स्थापित हुआ था, ने खराब निष्पादन के कारण प्रचालन बंद कर दिया। इसकी वजह से टीपीएल द्वारा ईसीएच प्रचालन बंद हो गए।

xlv. आवेदक ने अपने आय लक्ष्यों में स्वीकार किया है कि इपोक्सी की वैश्विक मांग में कमी, कच्ची सामग्री की कीमत में अस्थिरता और वैश्विक आर्थिक मंदी रही है।

xlvi. ताईवान और अन्य देशों से आयातों के प्रभाव पर वर्तमान जांच में विचार किया जाना चाहिए।

xlvii. अंतिम प्रयोक्ता चीन द्वारा उत्पादित ईसीएच को कम पसंद करते हैं।

ज.2 <u>घरेलू उद्योग के विचार</u>

68. क्षति और कारणात्मक संबंध के बारे में घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

i. सभी संबद्ध देशों से आयातों का संचयी विश्लेषण किया जा सकता है क्योंकि पाटनरोधी करार के अनुच्छेद 3.3 और पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध II के पैरा (iii) की अपेक्षाएं पूरी होती हैं।

ii. हितबद्ध पक्षकारों की दलील के विपरीत संचयी विश्लेषण के लिए प्राधिकारी के लिए ईसी-ट्यूब या पाइप फिटिंग में अपीलीय निकाय द्वारा संमुक्ति के अनुसार संचयी की पूर्व शर्त के रूप में देश वार मात्रा और कीमत का विश्लेषण करना अपेक्षित नहीं है।

iii. यह तथ्य कि घरेलू उद्योग जांच की पूरी अवधि में प्रचालनरत नहीं था, कि वर्तमान जांच में कोई प्रासंगिकता नहीं है क्योंकि वास्तविक बाधा के विश्लेषण में मूल मान्यता यह है कि उद्योग तर्कसंगत समयावधि के लिए प्रचालन में नहीं रहा है।

iv. घरेलू उद्योग के दावे के विपरीत कच्ची सामग्री की कीमतों में अंतर घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुमानों में पर्याप्त रूप से प्राधिकारी को प्रस्तुत सूचना के रूप में पर्याप्त रूप से रखा गया है।

v. जांच अवधि के दौरान भारत में उत्पादन शुरू होने के बावजूद संबद्ध आयातों में आधार वर्ष की तुलना में 44 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और पूर्ववर्ती वर्ष की तुलना में 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसके अलावा, आयातों की मात्रा पीओआई की बाद की अवधि में भी अधिक रही है।

vi संबद्ध आयातों में घरेलू खपत के संबंध में 16 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है और ये कुल घरेलू उत्पादन का लगभग 6 गुना रहे थे।

vii. यद्यपि संबद्ध वस्तु की मांग में इस अवधि में 23 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है। तथापि आयातों की मात्रा में इसी समय के दौरान 44 प्रतिशत की काफी अधिक वृद्धि हुई है।

viii. संबद्ध आयात भारत में ईसीएच की मांग - आपूर्ति के अंतर से अधिक हैं।

ix. संबद्ध आयातों का बाजार हिस्सा 2019-20 में *** प्रतिशत से बढ़कर 2022-23 में *** प्रतिशत हो गया है। इसकी तुलना में घरेलू उद्योग को बाजार के *** प्रतिशत प्रतिशत से अधिक को पूरा करने की क्षमता होने के बावजूद बाजार हिस्से में मामूली लाभ हुआ है।

x. संबद्ध आयातों की पहुंच कीमत में जांच अवधि की प्रत्येक तिमाही के बाद लगातार गिरावट आई है और यह गिरावट कच्ची सामग्री की कीमत में गिरावट से अधिक है।

xi. यद्यपि संबद्ध आयात 2021-22 तक गैर संबद्ध आयातों से अधिक कीमत पर हुए थे, परंतु संबद्ध आयातों की कीमत में जांच अवधि में भारी गिरावट आई और ये गैर संबद्ध आयातों से 13 प्रतिशत कम कीमत पर थे।

xii. रिफाइंड ग्लीसरीन और कास्टिक सोडा की कीमतों पर विचार करते हुए यद्यपि संबद्ध वस्तुओं की कीमत कच्ची सामग्री की लागत से कम से कम 700 - 1,000 अमरीकी डॉलर से अधिक थी। तथापि कच्ची सामग्री का मार्क-अप जांच अवधि में तेजी से कम हुआ है और तीसरी तिमाही में ऋणात्मक भी रहा था। घटते हुए मार्क-अप का कच्ची सामग्री की लागत में रूझान तब भी स्पष्ट था जब कच्चे ग्लीसरीन की कीमत पर विचार किया गया है।

xiii. विदेशी उत्पादकों ने भारतीय बाजार में अपने निर्यात कीमत को जानबूझकर कम किया है और भारत को निर्यात कीमत शेष विश्व की निर्यात कीमत से काफी कम थी और जांच अवधि के दौरान यह अगले बड़े बाजारों से कम रही थी।

xiv. संबद्ध आयातों से घरेलू कीमतों और घरेलू उद्योग की लक्षित कीमत में इस तथ्य के बावजूद भारी कटौती हुई थी कि घरेलू उद्योग ने अपनी कीमतें घटाई और घाटे उठाना चुना। संबद्ध आयातों से कड़ी कीमत प्रतिस्पर्धा पीओआई के बाद की अवधि में भी जारी रही।

xv. कम कीमत के आयातों में घरेलू उद्योग की कीमत में ह्रास किया क्योंकि उसे अपनी बिक्री कीमत में कच्चे ग्लीसरीन और कास्टिक सोडा की कीमत में गिरावट से

काफी अधिक दर पर कटौती करनी पड़ी ताकि वह काफी कम पहुंच कीमतों से प्रतिस्पर्धा कर सके।

xvi. यद्यपि कच्ची सामग्री की कीमतों में जांच अवधि के दौरान गिरावट आई। तथापि, ईसीएच की कीमतों में काफी तेजी से गिरावट आई।

xvii. अन्य हितबद्ध पक्षकार बिना किसी आधार के कच्चे और रिफाइंड ग्लीसरीन के बीच केवल कीमत अंतर का उल्लेख करके जांच को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। यदि ईसीएच की कीमत की तुलना रिफाइंड ग्लीसरीन या कच्चे ग्लीसरीन की कीमत से की जाए तो वह संबद्ध आयात की कीमत में असाधारण गिरावट दर्शाएगी।

xviii. अन्य हितबद्ध पक्षकार अपने इस दावे के समर्थन में कोई साक्ष्य देने में विफल रहे हैं कि संबद्ध वस्तु की कीमतें वास्तविक सांकेतकों के अनुसार चली हैं।

xix. थाईलैंड में उत्पादक एजीसी विनिथाई आक्रामक कीमत में शामिल है, क्योंकि उसे अपने पीवीसी संयंत्र से उप उत्पाद के रूप में उत्पन्न हाइक्लोरोरिक एसिड गैस की खपत सुनिश्चित करने के लिए अपना ईसीएच संयंत्र चलाना पड़ा है।

xx. घरेलू उद्योग ने उच्च क्षमता उपयोग के साथ प्रचालन शुरू किए थे परंतु मामूली बाजार हिस्से और मालसूची के एकत्र होने के कारण उसे उत्पादन में कटौती करनी पड़ी और अपनी क्षमता का एक तिहाई से कम का उपयोग करना पड़ा। ऐसा उत्पादन और क्षमता उपयोग निरंतर पाटन के कारण अनुमानित स्तरों से काफी कम है।

xxi. घरेलू उद्योग को प्रचालन के केवल 3 महीनों बाद उत्पादन रोकना पड़ा था और उत्पादन पूरी तीसरी तिमाही में बंद रहा। उत्पादन पीओआई के बाद की अवधि में दो महीने के अधिक के लिए बंद रहा।

xxii. संबद्ध आयातों में बाजार में बिक्री करने की घरेलू उद्योग की क्षमता को बुरी तरह प्रभावित किया है और उसकी घरेलू बिक्रियों का उसकी क्षमताओं में मामूली हिस्सा है और उसके कुल उत्पादन के आधे से कम है।

xxiii. घरेलू उद्योग की घरेलू बिक्रियां और बाजार हिस्सा उसके अनुमानों से काफी कम है। इसके अलावा, घरेलू उद्योग की बिक्रियां प्रचालन के दूसरे वर्ष में ही अपने अनुमान से काफी कम हैं।

xxiv. घरेलू उद्योग के बाजार हिस्से में थोड़ी वृद्धि को क्षति की अनुपस्थिति नहीं माना जा सकता है, क्योंकि उत्पादन शुरू करने वाला कोई उत्पादक धीरे-धीरे बाजार हिस्सा बढ़ाने की उम्मीद करता है।

xxv. घरेलू उद्योग ने मालसूची एकत्रित की है जो कतिपय महीनों में उसके उत्पादन से काफी अधिक हैं और जांच अवधि में घरेलू बिक्रियों से अधिक है। इसके अलावा, मालसूची अनुमानित स्तरों से काफी अधिक थी और प्रचालन के दूसरे वर्ष में भी अधिक रही है।

xxvi. घरेलू बिक्रियों के संबंध में मालसूची धारण अवधि एक वर्ष से अधिक थी और उत्पादन के संबंध में यह 6 महीने के बराबर थी।

xxvii. प्रचालन के पहले महीने में लाभ कमाने के बावजूद घरेलू उद्योग को भारी घाटे, नकद घाटे और निवेश पर ऋणात्मक आय का सामना करना पड़ा, क्योंकि विदेशी उत्पादकों ने अपनी कीमतें आक्रामक रूप से कम कर दी। होने वाले घाटे प्रचालन के प्रथम वर्ष में लाभप्रदता के अनुमानों से विपरीत थे।

xxviii. संबद्ध आयातों ने घरेलू उद्योग को अपनी परिवर्तनशील लागत से कम पर बिक्री के लिए मजबूर किया है और परिणामस्वरूप जांच अवधि के दौरान घरेलू उद्योग का अंशदान ऋणात्मक हो गया है।

xxix. वर्तमान कीमतों पर घरेलू उद्योग को यदि वह अनुमानित क्षमता उपयोग और प्रचालन करता तो भी भारी घाटों का सामना करना होगा और लागत वसूलना भी असंभव होगा।

xxx. घरेलू उद्योग की लाभपद्रता तब अधिकतम थी जब ग्लीसरीन की कीमतें अधिक थी। जबकि लाभप्रदता ग्लीसरीन की कीमतों के घटने पर कम हो गई।

xxxi. घरेलू उद्योग द्वारा आयातित रिफाइंड ग्लीसरीन तिमाही के भीतर उपयोग के लिए पर्याप्त थी, परंतु उसे लंबी अवधि के लिए भंडारित रखा था, क्योंकि संबद्ध आयातों ने घरेलू उद्योग को उसकी क्षमताओं के उपयोग से रोक दिया। किसी भी तरह घरेलू उद्योग को जांच अवधि के दौरान प्रचलित कीमतों पर कच्ची सामग्री खरीदने या अपने पास कच्ची सामग्री के रूप में कच्चे ग्लीसरीन के प्रयोग पर भी उच्चतर घाटा हुआ होता।

xxxii. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने आवेदक द्वारा उसकी वार्षिक रिपोर्ट और तिमाही आय लक्ष्य पर अलग से विवरणों का संदर्भ दिया है और संदर्भ या पूरे प्रयोजन के लिए उपयुक्त पूर्ण संदर्भ नहीं दिए हैं।

xxxiii. कानून में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है जो भिन्न कच्ची सामग्री के लिए घरेलू उद्योग की कच्ची सामग्री की लागत के प्रतिस्थापन का प्रावधान करता हो और घरेलू उद्योग की बही में दर्ज लागतों पर विचार किया जाना चाहिए। किसी भी मामले में कच्ची सामग्री की लागत उच्चतर है।

xxxiv. अनुबंध III के प्रावधान इस अवधि में उत्पादन क्षमताओं के सर्वोत्तम उपयोग पर विचार की अनुमति देते हैं और न कि क्षमताओं के ईष्टतम उपयोग की । जब भी प्राधिकारी ईष्टतम उपयोग को मानते हैं तो भी वह अनुमानित उपयोग पर आधारित होना चाहिए और न कि 100 प्रशित पर । इसके अलावा, जहां घरेलू उद्योग इतने कम उपयोग पर कार्य कर रहा है, वहां वह संसाधन तैनात नहीं करेगा और खर्च नहीं उठाएगा, क्योंकि वह अपनी पूर्ण क्षमताओं पर प्रचालनरत होगा।

xxxv. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने ऐसी कोई उत्पादन अक्षमताएं नहीं बताई हैं जिनसे उच्चतर लागत हो। घरेलू उद्योग ने ग्लीसरीन के ईष्टतम उपयोग पर विचार करते हुए क्षतिरहित कीमत का दावा किया है जो किसी भी तरह औसत उद्योग खपत से कम है।

xxxvi. घरेलू उद्योग को क्षति को यथा मौजूद रूप में देखा जाना चाहिए और घरेलू उद्योग के अंतर्निहित कारकों के संबंध में गैर आरोपण विश्लेषण करने की जरूरत नहीं है। जैसा कि यूरोपीय संघ – बायोडीजल (अर्जेंटीना) में डब्ल्यूटीओ अपीलीय निकाय,

निप्पॉन ज़ियोन कंपनी लिमिटेड बनाम डीए ने सेस्टेट और पूर्ववर्ती जांचों में स्वयं प्राधिकारी ने माना है।

xxxvii. ऐसी कोई संविदाएं नहीं थीं जिन्होंने प्रयोक्ता उद्योग को घरेलू उद्योग से वस्तुएं खरीदने से रोका हो क्योंकि प्रयोक्ता विशिष्ट रूप से अपनी मांग के केवल 50-60 प्रतिशत के लिए संविदा में शामिल होते हैं जबकि शेष मांग को मौके पर पूरा किया जाता है। इसके अलावा, संविदाओं की मौजूदगी काफी कम कीमत के आयातों को न्यायोचित नहीं ठहरा सकती है।

xxxviii. भेषज उद्योग मौके पर या तिमाहीवार संविदाओं के अंतर्गत वस्तुएं खरीदता है और वह किसी वार्षिक संविदा तक सीमित नहीं है। किसी भी तरह घरेलू उद्योग लगभग दो वर्षों से प्रचालनरत है और उसे अब भी घाटा हो रहा है, जिसका अर्थ है कि घरेलू उद्योग की कम बिक्रियां भेषज उद्योग की संविदा अवधि के कारण नहीं हैं। इसके अलावा, भेषज उद्योग के पास कुल खपत का बड़ा हिस्सा नहीं है।

xxxix. यद्यपि एक प्रमुख इपोक्सी उत्पादक ने घरेलू उद्योग से बड़ी मात्रा में खरीद की है, परंतु उसने कीमतों में गिरावट शुरू होने पर ईसीएच का आयात करना शुरू कर दिया। इस प्रकार यह पता चलता है कि प्रयोक्ता किसी संविदा से सीमित नहीं है, बल्कि सस्ते उत्पादों की उपलब्धता से चलते हैं।

xl. घरेलू उद्योग ने उच्चतर कीमतों पर अपनी वस्तु का निर्यात किया है जिसका अर्थ है कि घरेलू उद्योग का उत्पाद गुणवत्ता की समस्याओं से ग्रस्त नहीं है।

xli. घरेलू उद्योग द्वारा देखा गया शट डाउन कच्ची सामग्री की कमी, कच्ची सामग्री की कीमत में अस्थिरता, कानूनी अनुपालनों, बिजली की कमी, पर्याप्त क्षमता के अभाव या निवेश क्षमताओं के कारण नहीं हुआ था।

xlii. घरेलू उद्योग ने अपनी उत्पादन लागत में कोई प्रौद्योगिकी हस्तातंरण शुल्क नहीं जोड़ा है। किसी भी तरह प्रौद्योगिकी का प्रयोग करने वाला कोई उत्पादक ऐसे शुल्क का भुगतान करेगा और यह घरेलू उद्योग के लिए कोई विचित्र बात नहीं है।

xliii. संबद्ध देशों के अलावा, केवल ताईवान से भारी आयात हुए हैं, परंतु ऐसे आयात उच्चतर कीमत पर हुए हैं और उनसे घरेलू उद्योग को क्षति नहीं हुई है।

ज.3 <u>प्राधिकारी द्वारा जांच</u>

69. अनुबंध-2 के साथ पठित पाटन-रोधी नियमावली के नियम-11 में किसी क्षति के निर्धारण में यह उपबंध है कि किसी क्षति जांच में " ....*पाटित आयातों की मात्रा ,समान वस्तुओं के लिए घरेलू बाजार में कीमतों पर उनके प्रभाव और ऐसी वस्तुओं के घरेलू उत्पादकों पर ऐसे आयातों के परिणामी प्रभाव सहित सभी संगत कारकों को ध्यान में रखते हुए.. "...* ऐसे कारकों की जांच शामिल होगी, जिनसे घरेलू उद्योग को हुई क्षति का पता चल सकता हो। कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव पर विचार करते समय इस बात पर विचार करना आवश्यक है कि क्या पाटित आयातों द्वारा भारत में समान वस्तु की कीमत की तुलना में अत्यधिक कीमत कटौती हुई है अथवा क्या ऐसे आयातों के प्रभाव से की कीमतों में अन्यथा अत्यधिक गिरावट आई है या कीमत में होने वाली उस वृद्धि में रूकावट आई है, जो अन्यथा पर्याप्त स्तर तक बढ़ गई होती। भारत में घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों के प्रभाव की जांच करने के लिए उद्योग की स्थिति को प्रभावित करने वाले उत्पादन, क्षमता उपयोग, बिक्रियों की मात्रा, स्टॉक, लाभप्रदता, निबल बिक्री वसूली, पाटन की मात्रा और मार्जिन आदि जैसे सूचकों पर पाटन-रोधी नियमावली के अनुबंध-II के अनुसार विचार किया गया है।

70. प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग को क्षति के संबंध में हितबद्ध पक्षकारों के तर्कों और प्रति तर्कों की जांच की है। प्राधिकारी ने नोट किया है कि वर्तमान आवेदन उद्योग की स्थापना में वास्तविक बाधा से संबंधित है। इस प्रकार एक विस्तृत क्षति जांच करने से पहले प्राधिकारी ने यह जांच की है कि क्या घरेलू उद्योग उस सीमा तक एक स्थापित उद्योग था जिसमें वह वास्तविक क्षति के रूप में क्षति का आकलन करवा सकता था या घरेलू उद्योग एक शुरूआती या आरंभिक उद्योग था। उद्योग स्थापना की प्रक्रिया में हो और जिसके पास वास्तविक क्षति के रूप में क्षति का आकलन करने के लिए पर्याप्त पूर्व इतिहास न हो।

ज.3.1 <u>किसी उद्योग की स्थापना में वास्तविक बाधा</u>

71. यह देखा गया है कि डब्ल्यूटीओ पाटनरोधी करार या नियमावली "वास्तविक बाधा" के लिए परिभाषा नहीं देते हैं। डब्ल्यूटीओ करार के अनुच्छेद 3 के फुटनोट 9 में केवल निम्नानुसार उल्लेख है:

" इस करार के अंतर्गत "क्षति" शब्द यदि अन्यथा विनिर्दिष्ट न हो तो घरेलू उद्योग को वास्तविक क्षति, घरेलू उद्योग के वास्तविक क्षति के खतरे या ऐसे किसी उद्योग की स्थापना में वास्तविक बाधा के अर्थ में प्रयुक्त होगा और इस अनुच्छेद के प्रावधानों के अनुसार इसकी व्याख्या की जाएगी।"

72. इसी प्रकार नियमावली का अनुबंध II केवल वास्तविक क्षति, वास्तविक क्षति के खतरे और वास्तविक बाधा को क्षति की परिभाषा के अंतर्गत संयुक्त करता है। इसका कोई अतिरिक्त स्पष्टीकरण नहीं है कि एक उद्योग की स्थापना में वास्तविक बाधा क्या होती है।

73. तथापि, यह स्पष्ट है कि किसी उद्योग के लिए वास्तविक बाधा किसी अस्थापित उद्योग के संदर्भ में होगी और न कि उस उद्योग के संदर्भ में जो पूरी तरह स्थापित हो। यह सच है क्योंकि प्राधिकारी के लिए यह ज्ञात करना तार्किक नहीं है कि कोई घरेलू उद्योग पाटित आयातों द्वारा नुकसान उठा रहा है (जो पहले मानते हैं कि ऐसा कोई उद्योग पहले से स्थापित है) और इसी के साथ वह पाते हैं कि घरेलू उद्योग की स्थापना उन आयातों द्वारा वास्तविक रूप से बाधित हुई है। अस्थापित उद्योग शब्द डब्ल्यूटीओ करार, अधिनियम या नियमावली में उल्लिखित नहीं है। तथापि, डब्ल्यूटीओ में पाटनरोधी करार में एक संशोधन प्रस्तावित है जो वास्तविक बाधा और उद्योग की स्थापना के अर्थ को थोड़ा स्पष्ट करता है। मसौदा प्रस्ताव का संगत उद्धरण नीचे पुन: प्रस्तुत है। यद्यपि उक्त प्रावधान अब तक करार में शामिल नहीं हुआ है। तथापि, प्राधिकारी ने वर्तमान निर्धारण करने के लिए भी इस पर विचार किया है।

"3.9 घरेलू उद्योग की स्थापना में वास्तविक बाधा का निर्धारण तथ्यों पर आधारित होगा और केवल आरोप, संयोग या सुदूर संभावना पर आधारित नहीं होगा। किसी उद्योग को तब स्थापित माना जा सकता है जब आयातक सदस्य के क्षेत्र में पूर्व में नहीं उत्पादित किसी

समान उत्पाद के घरेलू उत्पादन के लिए संसाधनों की वास्तविक और पर्याप्त वचनबद्धता की गई हो, परंतु उत्पादन अभी शुरू नहीं हुआ हो या अभी वाणिज्यिक मात्राओं तक नहीं पहुंचा हो। यह निर्धारण करने में कि क्या कोई उद्योग स्थापना में है और उस उद्योग की स्थापना पर पाटित आयातों की जांच करने में प्राधिकारी अन्य बातों के साथ-साथ स्थापित क्षमता, किए गए निवेश और प्राप्त वित्तपोषण तथा व्यवहार्यता अध्ययन, निवेश योजना या बाजार अर्चनों से संबंधित साक्ष्य पर विचार कर सकते हैं"।

74. मोरक्को - तुर्की से कतिपय हॉट रोल्ड स्टील पर पाटनरोधी उपाय पर डब्ल्यूटीओ पैनल ने इस निर्धारण के लिए कुछ निर्देश निर्धारित किए कि किसी उद्योग की स्थापना क्या है। पैनल ने यह अवलोकन किया कि अनुच्छेद 3.1 में यह निर्धारित करने के लिए कोई विशिष्ट पद्धति विहित नहीं है कि क्या कोई उद्योग विस्थापित हुआ है। तदुनसार, प्राधिकारी के लिए किसी तर्कसंगत पद्धति के प्रयोग की अनुमति है जो मान्यताओं और अनुमानों पर आधारित हो तथा ये अनुमानों तथ्यों और सकारात्मक साक्ष्य पर आधारित होने चाहिए।

75. पैनल ने यह भी संमुक्ति की है कि प्राधिकारी के पास यह निर्णय लेने का विवेकाधिकार है कि यह निर्धारित करने में कौन से मापदंड संगत हैं कि क्या एक नया उद्योग स्थापित हुआ है। पैनल द्वारा संगत माना गया एक मापदंड यह था कि क्या उत्पादन किसी मौजूदा कंपनी की एक नई उत्पाद लाइन है। यदि कोई मौजूदा उद्योग / कंपनी केवल एक नई उत्पाद लाइन शुरू करता है तो उसे अस्थापित उद्योग नहीं माना जा सकता है। इस कारक की जांच के लिए प्राधिकारी उत्पादक की समग्र अवसंरचना के प्रयोग में अतिव्यापन की मात्रा की जांच करेंगे (उपभोक्ता संविदा, वितरण चैनल, मौजूदा उत्पादन, वाणिज्यिक, अनुसंधान और प्रशासनिक परिसंपत्तियां आदि सहित) पुरानी अवसंरचना में अतिव्यापन की अधिक मात्रा का अर्थ होगा कि इसकी कम संभावना है कि कोई नया उद्योग स्थापित हुआ है। पैनल की संमुक्ति का संगत हिस्सा नीचे दिया गया है।

"7.2.11. आरंभ में हम नोट करते हैं कि हम इन कारकों की स्वयं घोषणा नहीं करते हैं या क्या वे यह निर्धारित करने में निर्देशक या परिभाषात्मक हैं कि क्या घरेलू उद्योग

अस्थापित है। हम स्वीकार करते हैं कि संगत कारक हो सकते हैं कि क्या घरेलू उद्योग बाजार में जांच के अधीन समान उत्पाद का एकमात्र उत्पादक है। इसी के साथ हम नोट करते हैं कि यद्यपि बाजार में उस उत्पाद का केवल एक उत्पादक हो सकता है, जहां वह उत्पाद किसी मौजूदा उद्योग की केवल एक नई उत्पाद लाइन हो और मौजूदा उत्पादन, विपणन और अन्य प्रचालनों से लाभान्वित होता हो, वहां ऐसे साझे प्रचालन यह निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं कि क्या एक अलग नया उद्योग स्थापित हुआ है। यदि कोई मौजूदा उद्योग इस समय उत्पादित किसी अन्य उत्पाद से अलग कोई नया उत्पाद शुरू करने को चुनता है तो उस नए उत्पाद की शुरूआत आवश्यक रूप से नए उद्योग के सृजन का परिणाम नहीं होगी। यह फिर भी माना जा सकता है कि मौजूदा उद्योग में एक नई उत्पाद लाइन की शुरूआत मौजूदा उद्योग की समग्र अवसंरचना के प्रयोग की मात्रा पर निर्भर करती है (उत्पादक, वाणिज्यिक अनुसंधान और प्रशासनिक परिसंपत्तियों सहित) समग्र अवसंरचना के प्रयोग में अतिव्यापन की मात्रा जितनी अधिक होगी एक नए उद्योग की स्थापना दर्शाने वाले नए उत्पाद की शुरूआत की अवधारणा उतनी ही कम होने की संभावना है। यह तथ्य कि कोई घरेलू उद्योग समान उत्पाद के संदर्भ में पाटनरोधी करार के अनुच्छेद 4.1 में परिभाषित है और यह कि घरेलू बाजार में उस समान उत्पाद के कोई पहले मौजूद उत्पादक नहीं हैं, उस घरेलू उद्योग को मौजूदा अवसंरचना जैसे उपभोक्ता संपर्क और वितरण चैनल के उपयोग की संभावना से घरेलू बाजार में उस समान उत्पाद की शुरूआत को मान्यता नहीं देता है"।

76. उक्त पर विचार करते हुए और ऐसी किसी विहित पद्धति के अभाव में जिसे प्राधिकारी यह निर्णय करने में अपनाए कि क्या घरेलू उद्योग स्थापित है, प्राधिकारी ने वास्तविक बाधा की जांच करने के लिए उपयुक्ता मामला की जांच करते समय निम्नलिखित मापदंडों का विश्लेषण किया है।

ज.3.2 वर्तमान में घरेलू उद्योग की स्थापना के लिए वास्तविक बाधा

77. यह देखा गया है कि आवेदक ने भारी निवेश करके संबद्ध वस्तु के उत्पादन के लिए नई विनिर्माण सुविधा स्थापित की है। घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादन की शुरूआत से पहले

संबद्ध वस्तु की संपूर्ण मांग आयातों से पूरी हो रही थी। ऊपर जांचे गए कारकों के आधार पर यह देखा गया कि वर्तमान मामले घरेलू उद्योग स्थापित नहीं हुआ है और उद्योग को हुई क्षति वास्तविक बाधा की प्रकृति की है।

क. घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादन की शुरूआत

78. घरेलू उद्योग ने जांच अवधि के दौरान वाणिज्यिक उत्पादन शुरू किया है। यद्यपि संबद्ध वस्तु का उत्पादन भारत में शुरू हुआ है। फिर भी घरेलू उद्योग का निष्पादन अनुमानित आंकड़ों से कम है। जांच अवधि के दौरान घरेलू उद्योग का उत्पादन उसकी अनुमानित उत्पादन मात्रा का केवल *** प्रतिशत और क्षमता उपयोग का केवल *** प्रतिशत था। इस स्थिति के विपरीत घरेलू उद्योग प्रचालन के पहले वर्ष में *** प्रतिशत क्षमता उपयोग प्राप्त करने के अनुमान पर था जिसका अर्थ *** एमटी का उत्पादन है। इस प्रकार घरेलू उद्योग पाटित आयातों के मौजूदगी के कारण अपना अनुमातिन उत्पादन प्राप्त करने में विफल रहा है।

ख. क्या संबद्ध वस्तु का उत्पादन एक मौजूदा उद्योग में केवल एक नई उत्पाद लाइन है ?

79. जैसा ऊपर उल्लिखित डब्ल्यूटीओ पैनल ने संमुक्ति की है कि यदि उद्योग का उत्पादन मौजूदा उद्योग में केवल एक नई उत्पाद लाइन है तो वह वास्तविक बाधा का मामला नहीं हो सकता है। तथापि पैनल ने जोर दिया कि महत्वपूर्ण यह है कि वह मात्रा कितनी है जिसमें विचाराधीन उत्पाद के लिए मौजूदा अवसंरचना का उपयोग हुआ है। इसके अलावा, पैनल ने यह देखा कि नई उत्पाद लाइन के अलावा, प्राधिकारी को उद्योग की मौजूदा अवसंरचना में अतिव्यापन की मात्रा की जांच करनी चाहिए।

80. यह देखा गया है कि घरेलू उद्योग ने संबद्ध वस्तु के लिए एक नया विनिर्माण संयंत्र स्थापित किया और जुलाई, 2022 में वाणिज्यिक उत्पादन शुरू किया। इसके अलावा, चूंकि नया संयंत्र या उत्पादन लाइन संबद्ध वस्तु के विनिर्माण के लिए स्थापित हुई थी। इसलिए मौजूदा अवसंरचना और स्थापित किए गए नए संयंत्र के बीच कोई अतिव्यापन नहीं है।

ग. समग्र रूप से घरेलू बाजार के आकार के तुलना में उत्पादन और क्षमता का आकार

81. घरेलू उद्योग ने जांच अवधि के दौरान क्षमताएं स्थापित की हैं जो बाजार के *** प्रतिशत को पूरा करने के लिए पर्याप्त हैं। तथापि, पर्याप्त क्षमता होने के बावजूद घरेलू उद्योग अपनी क्षमताओं का पूर्ण उपयोग करने में सक्षम नहीं है। इसके अलावा, *** एमटी के उत्पादन के मुकाबले घरेलू उद्योग घरेलू बाजार में केवल *** एमटी बेचने में समर्थ रहा था। यद्यपि संबद्ध आयातों के पास *** प्रतिशत का बाजार हिस्सा था। तथापि, घरेलू उद्योग केवल *** प्रतिशत बाजार मांग को पूरा कर रहा था। यह दर्शाता है कि आयातों के कारण घरेलू उद्योग बाजार में आपूर्ति नहीं कर पा रहा था।

घ. अनुमानित प्रचालनों की तुलना में प्रचालनों की स्थिरता

82. विभिन्न व्यापक आर्थिक मापदंडों जैसे उत्पादन, घरेलू बिक्रियां, क्षमता उपयोग, बाजार हिस्सा, लाभ, नकद लाभ और नियोजित पूंजी पर आय के संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा प्राप्त निष्पादन निवेश करते समय घरेलू उद्योग द्वारा अनुमानित स्तरों से वास्तविक रूप से कम है। यद्यपि घरेलू उद्योग मांग के 50 प्रतिशत से अधिक हिस्से को पूरा करने की स्थिति में है। तथापि उसका बाजार हिस्सा *** प्रतिशत तक सीमित है। इसके अलावा, घरेलू उद्योग ने प्रचालन के बिल्कुल पहले वर्ष में लाभ का अनुमान लगाया था। तथापि, घरेलू उद्योग अपनी लागत और यहां तक कि परिवर्तनशील लागतों की वसूली करने में असमर्थ रहा है और उसे भारी वित्तीय घाटा उठाना पड़ रहा है। इसके अलावा, अनुमानित निष्पादन और प्राप्त वास्तविक निष्पादन के बीच काफी बड़ा अंतर है।

ज.3.3 <u>क्षति का संचयी आकलन</u>

83. विश्व व्यापार संगठन करार (डब्ल्यू टी ओ) के अनुच्छेद 3.3 और नियमावली के अनुबंध-II (iii) में यह प्रावधान है कि यदि कहीं एक से अधिक देश से किसी उत्पाद के आयात एक

साथ पाटनरोधी जांच के अधीन हो तो, तो प्राधिकारी ऐसे आयातों के प्रभाव का संचयी आकलन करेंगक यदि यह निर्धारित होता हो कि :

(क) प्रत्येक देश से आयातों के संबंध में स्थापित पाटन का मार्जिन निर्यात कीमत के प्रतिशत के रूप में 2 प्रतिशत से अधिक अभिव्यक्त हो और प्रत्येक देश से आयात की मात्रा समान वस्तु के आयात के 3 प्रतिशत (या उससे अधिक) हो अथवा जहां अलग-अलग देशों से निर्यात 3 प्रतिशत से कम हो, सामूहिक रूप से आयात समान वस्तु के आयात के 7 प्रतिशत से अधिक बनता हो तथा

(ख) आयातों के प्रभाव का संचयी मूल्यांकन आयातित वस्तु और समान घरेलू वस्तु के बीच प्रतिस्पर्धा की शर्तों के आलोक में उपयुक्त है ।

84. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा दिए गए तर्क के संबंध में कि चीन से आयात से घरेलू उद्योग की मात्रा या कीमतें प्रभावित नहीं हो सकती हैं, प्राधिकारी नोट करते हैं कि पाटनरोधी करार का अनुच्छेद 3.3 तथा अनुबंध II का पैरा (iii) स्पष्ट रूप से सभी संबद्ध देशों से आयातों के संचयी विश्लेषण से पहले पूरी की जानी वाली शर्तें दर्शाते हैं। ऐसे प्रावधानों में प्राधिकारी के लिए ऐसे संचयी आकलन से पहले की शर्त के रूप में कीमतों का देशवार विश्लेषण करना अपेक्षित नहीं होता है। ईसी - ब्राजील से मैलिएबल कास्ट आयरन ट्यूब या पाइप फिटिंग पर पाटनरोधी शुल्क में अपीलीय निकाय की रिपोर्ट [डीएस/129/एबी] में यह मत अपनाया गया है कि जिसमें निम्नानुसार माना गया था:

" 110. हमें ब्राजील की इस बात के लिए अनुच्छेद 3.3 के पार्ट में ऐसा कोई आधार नहीं मिला कि पाटित आयातों की मात्रा और कीमतों के संभावित ऋणात्मक प्रभाव का देश विशिष्ट विश्लेषण सभी पाटित आयातों के प्रभाव के संचयी आकलन की पूर्व शर्त है। अनुच्छेद 3.3 स्पष्ट रूप से वे शर्तें रखता है जिन्हें एक से अधिक देश से पाटित आयातों के प्रभाव के संचयी आकलन के लिए जांचकर्ता प्राधिकारी के समक्ष पूरा किया जाना चाहिए। देशवार मात्रा और कीमत विश्लेषण का ऐसा कोई संदर्भ नहीं है जिसे ब्राजील संचयन की पूर्व शर्त के रूप में बताता हो। वास्तव में अनुच्छेद 3.3 में स्पष्ट रूप से जांचकर्ता प्राधिकारी के लिए देश विशिष्ट मात्राओं की जांच ब्राजील द्वारा सुझाए गए अनुसार नहीं

करना अपेक्षित है बल्कि यह निर्धारित करने के लिए अपेक्षित है कि क्या प्रत्येक देश से आयातों की मात्रा नगण्य नहीं है"।

85. इसके अलावा, थाईलैंड सरकार ने दावा किया है कि थाईलैंड से आयातों में चीन जन. गण. और कोरिया गणराज्य से आयातों की तरह प्रतिस्पर्धा की समान शर्तें नहीं हैं, क्योंकि थाईलैंड से आयातों के मात्रा के रूझान ऐसे अन्य संबद्ध देशों से आयातों के समान नहीं हैं। तथापि यह नोट किया गया है कि आयातों की समान मात्रा और बाजार हिस्सो के रूझानों के विश्लेष्ण को यह निर्धारित करने का एकामत्र मापदंड नहीं माना जा सकता है कि क्या एक देश से आयात दूसरे देश से आयातों के प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। पाटनरोधी करार का अनुच्छेद 3.3 जांचकर्ता प्राधिकारी पर ऐसा कोई दायित्व नहीं डालता है। डब्ल्यूटीओ पैनल द्वारा इस बात की यूरोपीय संघ - चीन से कतिपय फुटवियर पर पाटनरोधी उपाय मामले में उसकी रिपोर्ट में [डब्ल्यूटी/डीएस405/आर] पुष्टि की है जैसा कि निम्नलिखित से देखा जा सकता है:

"7.404. अनुच्छेद 3.3 के कथित उल्लंघन को देखते हुए हमें चीन के इस विचार के लिए अनुच्छेद 3.3 के पार्ट में कोई आधार नहीं दिखता है कि कोई जांचकर्ता प्राधिकारी यह सिद्ध करेगा कि विभिन्न देशों से आयातों में समान मात्रा और बाजार हिस्से के रूझान हैं या यह कि विभिन्न निर्यातक देशों में प्रतिस्पर्धा की दशाएं "समान" या "सामान्य" हैं ताकि यह निष्कर्ष निकल सके कि "प्रतिस्पर्धा की स्थितियों" के आलोक में संचयी आकलन उचित है। जैसा हमने ऊपर देखा अनुच्छेद 3.3 में ऐसे कोई विशिष्ट अनिवार्य या सांकेतिक कारक नहीं हैं जिन पर यह आकलन करने हेतु विचार करना चाहिए कि क्या "प्रतिस्पर्धा की स्थितियों" के आलोक में संचयी विश्लेषण करना उचित है। हम इस संबंध में, नोट करते हैं कि अपीलीय निकाय ने ऐसे तर्कों को अस्वीकृत किया है जो एडी करार के अनुच्छेद 3.3 के अंतर्गत अतिरिक्त दायित्व सृजित करेंगे..."

86. इस प्रकार, केवल इसलिए कि थाईलैंड से आयातों की मात्रात्मक रूझान अन्य देशों के आयातों के अनुसार नहीं चले हैं, यह नहीं कहा जा सकता है कि ऐसे आयात परस्पर प्रतिस्पर्धा नहीं कर रहे हैं। दूसरी ओर थाईलैंड से आयात अन्य संबद्ध देशों से आयातों के

साथ वाणिज्यिक और तकनीकी रूप से प्रतिस्थापनीय हैं और घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित समान वस्तु से प्रतिस्थापनीय हैं। इसके अलावा, थाईलैंड से आयातित संबद्ध वस्तु उसी अंतिम उपयोग में प्रयोग होती है जिसमें अन्य देशों से आयात और भारत में उत्पादित समान वस्तु प्रयोग होती है। अत: यह नोट किया गया है कि थाईलैंड से आयात चीन जन. गण. और कोरिया गणराज्य के आयातों से साथ सीधे प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।

87. उपर्युक्त के मद्देनजर प्राधिकारी का निष्कर्ष है कि :

क. संबद्ध वस्तु संबद्ध देशों से भारत में पाटित की जा रही है। प्रत्येक संबद्ध देश से पाटन का मार्जिन नियमावली के अंतर्गत विहित न्यूनतम सीमा से अधिक है।

ख. प्रत्येक संबद्ध देश से आयातों की मात्रा आयातों की कुल मात्रा का अलग-अलग 3 प्रतिशत से अधिक है ।

ग. आयातों के प्रभाव का संचयी आकलन करना उचित है, क्योंकि संबद्ध देशों से निर्यात उनमें से प्रत्येक द्वारा प्रस्तुत समान वस्तु से बल्कि भारतीय बाजार में घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत समान वस्तु के साथ भी सीधे प्रतिस्पर्धा करते हैं।

88. तदनुसार, प्राधिकारी का निष्कर्ष है कि संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तु के पाटित आयातों के घरेलू उद्योग पर प्रभाव का संचयी आकलन करना उचित होगा।

ज.3.4 पाटित आयातों का मात्रात्मक प्रभाव

क) <u>मांग / स्पष्ट खपत का आकलन</u>

89. वर्तमान जांच के प्रयोजनार्थ प्राधिकारी ने भारत में संबंधित उत्पाद की मांग या स्पष्ट खपत को घरेलू उद्योग और अन्य भारतीय उत्पादकों की घरेलू बिक्रियों और सभी स्रोतों से आयातों के योग के रूप में परिभाषित किया है। इस प्रकार आकलित मांग नीचे तालिका में दी गई है।

विवरण	यूनिट	2019-20	2020-21	2021-22	पीओआई

आवेदक की बिक्रियां	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	0	0	0	100
संबद्ध आयात	एमटी	46,202	40,906	69,292	81,388
अन्य आयात	एमटी	14,003	17,041	9,192	4,822
खपत / मांग	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	96	130	150

90. यह देखा गया है कि संबद्ध वस्तु की मांग में 2020-21 तक गिरावट आई, परंतु उसके बाद 2021-22 और जांच अवधि में वृद्धि हुई है। 2020-21 के दौरान मांग में गिरावट कोविड-19 के कारण हो सकती है।

ख) <u>संबद्ध देशों से आयात मात्रा</u>

91. पाटित आयातों की मात्रा के संबंध में प्राधिकारी के लिए यह विचार करना अपेक्षित है कि क्या पाटित आयातों में समग्र रूप में या भारत में उत्पादन या खपत की दृष्टि से भारी वृद्धि हुई है। क्षति विश्लेषण के प्रयोजनार्थ प्राधिकारी ने डीजी सिस्टम्स से प्राप्त सौदावार आयात आंकड़ों पर भरोसा किया है। संबद्ध देश से संबद्ध वस्तु की आयात मात्रा और क्षति जांच अवधि के दौरान पाटित आयातों का हिस्सा निम्नानुसार है:

विवरण	यूनिट	2019-20	2020-21	2021-22	पीओआई
संबद्ध आयात	एमटी	46,202	40,906	69,292	81,388
थाईलैंड	एमटी	43,036	35,456	62,598	67,195
चीन	एमटी	92	1,360	3,943	8,339
कोरिया	एमटी	3,074	4,090	2,752	5,854
अन्य आयात	एमटी	14,003	17,041	9,192	4,822
कुल आयात	एमटी	60,205	57,947	78,484	86,210
घरेलू उद्योग की बिक्रियां	एमटी	0	0	0	***

मांग / खपत	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	96	130	150
कुल भारतीय उत्पादन	एमटी	0	0	0	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध				100
निम्न के संबंध में संबद्ध आयात:					
कुल आयात	%	77%	71%	88%	94%
मांग / खपत	%	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	92	115	118
भारतीय उत्पादन	%	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	0	0	0	100

92. यह देखा गया है कि:

क. संबद्ध वस्तु के आयातों की मात्रा में 2020-21 में गिरावट आई परंतु उसके बाद 2021-22 तथा जांच अवधि में वृद्धि हुई।

ख. आयातों में जांच अवधि के दौरान घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादन शुरू करने के बावजूद वृद्धि हुई है।

ग. आयातों का जांच अवधि में भारत में खपत में लगभग *** प्रतिशत हिस्सा है। ऐसा इस तथ्य के बावजूद है कि घरेलू उद्योग ने इस अवधि में उत्पादन शुरू किया है और उसके पास मांग के पर्याप्त हिस्से को पूरा करने की क्षमता थी।

घ. आयातों की वर्तमान मात्रा देश में मांग - आपूर्ति की स्थिति को ध्यान में रखते हुए काफी अधिक है।

ड. जांच अवधि से पहले संबद्ध वस्तु का कोई उत्पादन नहीं था। तथापि, जांच अवधि के दौरान भी घरेलू उत्पादन की तुलना में आयातों की मात्रा घरेलू उद्योग को उत्पादन शुरू करने के बावजूद 7 गुना से अधिक थी।

च. संबद्ध देशों से आयात जांच अवधि में कुल आयातों के 94 प्रतिशत हैं।

छ. आयातों ने संबद्ध वस्तु की मांग में वृद्धि की दर की तुलना में काफी अधिक दर से वृद्धि हुई है। यद्यपि मांग में इस अवधि में 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई परंतु संबद्ध आयातों में 76 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है।

93. घरेलू उद्योग द्वारा प्रदत्त सूचना और ट्रेड मैप द्वारा सत्यापित जानकारी भी दर्शाती है कि भारत में थाई उत्पादकों के लिए सबसे बड़ा निर्यात बाजार है जिसका उनके निर्यातों में *** प्रतिशत हिस्सा है। इसके अलावा, भारत चीन और कोरिया में उत्पादकों के लिए दूसरा सबसे बड़ा निर्यात बाजार है, जो दर्शाता है कि भारतीय बाजार संबद्ध देशों में उत्पादकों के लिए एक प्रमुख बाजार है।

ज.3.5 <u>पाटित आयातों का कीमत प्रभाव</u>

94. नियमावली के अनुबंध II (ii) के अनुसार कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव के संबंध में प्राधिकारी के लिए यह विचार करना अपेक्षित है कि क्या भारत में समान उत्पाद कीमत की तुलना में पाटित आयातों द्वारा भारित कीमत कटौती की गई है या क्या ऐसे आयातों का प्रभाव अन्यथा कीमतों में भारी कमी करना है या ऐसी कीमत वृद्धि को रोकना है जो अन्यथा काफी अधिक बढ़ गई होती।

क) कीमत कटौती

95. कीमत कटौती को घरेलू उद्योग की निवल बिक्री प्राप्ति के साथ जांच अवधि के लिए आयातों की पहुंच मूल्य की तुलना द्वारा प्रत्येक तिमाही के लिए निर्धारित किया गया है। भारित औसत कीमत कटौती निम्नानुसार है। यह देखा गया है कि कीमत कटौती जांच अवधि के दौरान सकरात्मक और काफी अधिक है।

विवरण	यूनिट	क्यू1	क्यू2	क्यू3	क्यू4	पीओआई
पहुंच कीमत	रू/एमटी	2,22,886	1,99,157	1,29,997	1,14,403	1,66,530
निवल बिक्री प्राप्ति	रू/एमटी	***	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	76	51	44	68

कीमत कटौती	रू/एमटी	***	***	***	***	***
कीमत कटौती	%	***	***	***	***	***
कीमत कटौती	रेंज	15-25%	0-10%	0-10%	0-10%	5-15%

* *आयातों की मात्रा पर आधारित तिमाही बिक्री कीमत का भारित औसत ।*

96. घरेलू उद्योग ने यह भी बताया है कि आयातों की पहुंच कीमत अनुमानित बिक्री कीमत से कम है जबकि काफी उच्चतर कीमत कटौती हुई है। यदि घरेलू उद्योग की अनुमानित बिक्री कीमत पर विचार किया जाए तो यह देखा जाएगा कि संबद्ध आयात घरेलू उद्योग की लक्ष्य कीमत में कटौती कर रहे थे।

विवरण	यूनिट	पीओआई
पहुंच मूल्य	रू/एमटी	1,66,530
लक्ष्य कीमत	रू/एमटी	***
कीमत कटौती	रू/एमटी	***
कीमत कटौती	%	***
कीमत कटौती	रेंज	10-20%

ख) कीमत ह्रास / न्यूनीकरण

97. यह निर्धारित करने के लिए कि क्या पाटित आयात घरेलू कीमतों में ह्रास कर रहे हैं और क्या ऐसे आयातों का प्रभाव कीमतों में भारी न्यूनीकरण करना है या ऐसी कीमत वृद्धि को रोकना है जो अन्यथा सामान्य प्रक्रिया में बढ़ गई होती, क्षति अवधि में लागत और कीमतों में परिवर्तनों की निम्नानुसार तुलना की गई थी:

विवरण	यूनिट	2022-23 क्यू1	2022-23 क्यू2	2022-23 क्यू3	2022-23 क्यू4
बिक्रियों की लागत	रू/एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	118	106	104
बिक्री कीमत	रू/एमटी	***	***	***	***

प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	76	51	44
पहुंच कीमत	रू/एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	89	58	51

98. यह नोट किया गया है कि दूसरी तिमाही में घरेलू उद्योग की बिक्री लागत में वृद्धि हुई है जबकि घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत में भारी गिरावट आई है। तत्पश्चात तीसरी और चौथी तिमाही में घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत में गिरावट आई है। तथापि, घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत में गिरावट बिक्री लागत में गिरावट की तुलना में काफी उच्च दर पर रही है ताकि वह आयातों की पहुंच से प्रतिस्पर्धा कर सके। इसके अलावा, आयातों की पहुंच कीमत घरेलू उद्योग की बिक्री लागत से काफी कम रही है। इस प्रकार, यह नोट किया गया है कि संबद्ध आयातों ने घरेलू उद्योग की कीमतों में ह्रास किया है। आवेदक ने यह भी बताया है कि आयातों ने उन्हें उनकी परियोजना रिपोर्ट में यथा अनुमानित लक्ष्य कीमत प्राप्त करने से उन्हें रोका है और उन्हें संबद्ध वस्तु को उसकी लागत से कम पर बेचना पड़ा है।

ग) घरेलू उद्योग की कच्ची सामग्री की लागत से कम पहुंच कीमत

99. आवेदक ने यह भी दावा किया है कि आयातों की पहुंच कीमत में जांच अवधि के उत्तरार्ध में कच्ची सामग्री की लागत को कम कर दिया है। यह देखा गया है कि क्षति की आरंभिक अवधि के दौरान ईसीएच की कीमतें कच्ची सामग्री की लागत से काफी अधिक थीं। ईसीएच की कीमतों में 2022-23 के पूर्वाध में घटना शुरू कर दिया है जब घरेलू उद्योग ने उत्पादन शुरू किया। तथापि पिछली दो तिमाहियों में आयातों की पहुंच कीमत प्रयुक्त कच्ची सामग्री की लागत से कम थी। जांच की प्रक्रिया के दौरान अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने तर्क दिया कि घरेलू उद्योग अपनी लागत वसूल करने में असमर्थ था, क्योंकि घरेलू उद्योग ने उत्पादन प्रक्रिया में कच्चे ग्लीसरीन के बजाय रिफाइंड ग्लीसरीन का प्रयोग किया। यह दावा किया गया था कि घरेलू उद्योग ने कच्चे ग्लीसरीन जो अधिक लागत कुशल है, के बजाय उच्च कीमत के रिफाइंड ग्लीसरीन को खरीदा । इसके उत्तर में घरेलू उद्योग यह दर्शाने के लिए कच्चे ग्लीसरीन की अंतर्राष्ट्रीय कीमतें प्रदान की कि ईसीएच की कीमत कच्चे ग्लीसरीन की

कीमत से कम थी। यह नोट किया गया है कि थाईलैंड और चीन के उत्पादक भी रिफाइंड ग्लीसरीन के प्रयोग से ईसीएच का उत्पादन कर रहे हैं। फिर भी जैसा घरेलू उद्योग ने दर्शाया यदि कच्चे ग्लीसरीन की कीमत पर विचार भी किया जाए तो ईसीएच की कीमतों में भी समान रूझान दर्शाया है। यद्यपि कच्ची सामग्री की लागत के ऊपर मार्क-अप जांच अवधि के पूर्वाध तक उचित था, परंतु घरेलू उद्योग के उत्पादन शुरू करते समय जांच अवधि के उत्तरार्ध में इसमें तेजी से गिरावट आई ।

आंकड़े यूएस डॉलर / एमटी में

तिमाही	भारत में ईसीएच की आयात कीमत	कास्टिक सोडा कीमत	रिफाइंड ग्लीसरीन कीमत	रिफाइंड ग्लीसरीन की कीमत पर विचार करते हुए आरएम लागत	लागत पर मार्क-अप (ईसीएच कीमत – आरएम)	कच्चे ग्लीसरीन कीमत	कच्चे ग्लीसरी पर विचार करते हुए आरएम	लागत पर मार्क-अप (ईसीएच कीमत – आरएम)
1	2	3	4	5	6	7	8	9
2019-20 क्यू1	1,608	239	711	800-850	750-800	259	425-475	1125-1175
2019-20 क्यू2	1,696	224	645	750-800	900-950	223	375-425	1275-1325
2019-20 क्यू3	1,786	214	638	725-775	1000-1050	233	375-425	1350-1400
2019-20 क्यू4	1,625	194	617	800-750	950-900	229	375-425	1200-1250
2020-21 क्यू1	1,512	200	692	750-800	700-750	252	400-450	1050-1100
2020-21 क्यू2	1,355	204	775	850-900	450-500	292	450-500	850-900
2020-21 क्यू3	1,286	191	712	800-850	450-500	289	450-500	800-850
2020-21 क्यू4	1,528	174	790	850-900	600-650	355	525-575	950-1000
2021-22 क्यू1	1,972	183	874	950-1000	950-1000	440	425-475	1275-1325
2021-22 क्यू2	2,338	212	1,036	1100-1150	1150-1200	568	375-425	1450-1500
2021-22 क्यू3	2,597	288	1,246	1375-1425	1150-	677	375-425	1550-1600

					1200			
2021-22 क्यू4	2,645	390	1,574	1750-1800	850-900	757	375-425	1450-1500
2022-23 क्यू1	2,845	456	1,834	2050-2100	750-800	773	400-450	1575-1625
2022-23 क्यू2	2,548	485	1,730	1950-2000	550-600	732	1000-1050	1325-1375
2022-23 क्यू3	1,580	555	1,309	1575-1625	(50)-0	493	1150-1200	650-700
2022-23 क्यू4	1,379	530	1,051	1300-1350	50-100	351	1200-1250	650-700

100. परिणामस्वरूप घरेलू उद्योग अपनी परिवर्तनशील लागत भी वसूल करने में असमर्थ रहा जिससे नकारात्मक अंशदान प्राप्त हुआ। *** रूपए /एमटी की परिवर्तनशील लागत के मुकाबले घरेलू उद्योग केवल *** रूपए/ एमटी की वसूल करने में सक्षम था।

ज.3.6 <u>घरेलू उद्योग के आर्थिक मापदंड</u>

101. पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध-II में यह अपेक्षित है कि क्षति के निर्धारण में समान उत्पाद के घरेलू उत्पादकों पर पाटित आयातों के परिणामी प्रभाव की तथ्यपरक जांच शामिल होगी । नियमों में आगे यह उपबंध है कि घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों के प्रभाव की जांच में समस्त संगत आर्थिक मापदंडों और बिक्री, लाभ, उत्पादन, बाजार हिस्से, उत्पादकता, निवेश पर आय अथवा क्षमता उपयोग में वास्तविक एवं संभावित गिरावट सहित घरेलू उद्योग की स्थिति पर प्रभाव डालने वाले संकेतकों; घरेलू कीमतों, पाटन मार्जिन की मात्रा, नकद प्रवाह, मालसूची, रोजगार, मजदूरी, वृद्धि, पूंजी निवेश जुटाने की क्षमता पर वास्तविक और संभावित नकारात्मक प्रभावों का तथ्यपरक एवं निष्पक्ष मूल्यांकन शामिल होगा । घरेलू उद्योग से संबंधित विभिन्न क्षति मापदंडों पर निम्नानुसार चर्चा की गई है :-

क) उत्पादन, क्षमता, क्षमता उपयोग और बिक्री मात्रा

102. क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की क्षमता, उत्पादन, बिक्रियां और क्षमता उपयोग निम्नानुसार थे। यह नोट किया जा सकता है कि यद्यपि घरेलू उद्योग ने 50,000 एमटी

की क्षमता स्थापित की, परंतु वह अनुपातिक रूप से समायोजित हुई क्योंकि घरेलू उद्योग ने जून 2022 में प्रचालन शुरू किया।

विवरण	यूनिट	2022-23 क्यू1	2022-23 क्यू2	2022-23 क्यू3	2022-23 क्यू4	पीओआई	अनुमानित
स्थापित क्षमता	एमटी	***	***	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	300	300	300	300	300
उत्पादन	एमटी	***	***	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	108	0	168	113	254
क्षमता उपयोग	%	***	***	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	36	0	56	38	85
घरेलू बिक्रियां	एमटी	***	***	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	445	309	760	484	2,903
निर्यात बिक्रियां	एमटी	***	***	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	1144	117	103	439	
शट डाउन के दिन	दिनों की संख्या	***	***	***	***	***	***

103. यह देखा गया है कि:

क. घरेलू उद्योग ने पहली तिमाही में ही *** प्रतिशत का क्षमता उपयोग का तर्कसंगत रूप से उच्च स्तर प्राप्त कर लिया ताकि उसके बाद क्षमता उपयोग में गिरावट आई।

ख. घरेलू उद्योग अपनी क्षमता का पूर्ण उपयोग नहीं कर सका है और *** प्रतिशत की अनुमाति उपयोग के मुकाबले *** प्रतिशत से कम का उपयोग प्राप्त करने में सक्षम रहा था। घरेलू उद्योग द्वारा स्थापित लगभग तीन चौथाई क्षमता जांच अवधि के दौरान बेकार रही है।

ग. घरेलू उद्योग का वास्तविक उत्पादन अनुमानित उत्पादन के मुकाबले *** प्रतिशत कम रहा है।

घ. घरेलू उद्योग की घरेलू बिक्रियां पूरी अवधि में कम रही हैं और अनुमानित बिक्री मात्रा का केवल *** प्रतिशत रही हैं।

ड. घरेलू बिक्रियां क्षमता का केवल *** प्रतिशत रही हैं। इसके अलावा, घरेलू उद्योग घरेलू बाजार में अपने उत्पादन के केवल *** प्रतिशत की खपत करने में समर्थ रहा है।

च. चूंकि घरेलू उद्योग अपने उत्पादन के निपटान में सक्षम नहीं रहा था। इसलिए उसे पर्याप्त अवधि के लिए अपना संयंत्र बंद रखना पड़ा था। जून 2022 में उत्पादन की शुरूआत से आवेदक को प्रचालनों की वाणिज्यिक अव्यवहार्यता के कारण काफी समय तक प्रचालन बंद रखने पड़े थे। उत्पादन शुरू करने के कुल *** दिनों में से घरेलू उद्योग 50 प्रशित से अधिक दिनों तक बंद रहा है।

104 कुछ हितबद्ध पक्षकारों ने दावा किया है कि घरेलू उद्योग ने निर्यात बाजार पर फोकस किया है । तथापि, प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग काफी अप्रयुक्त क्षमताओं के साथ मौजूद है। अत: निर्यात करने के बाद भी घरेलू उद्योग के पास घरेलू बाजार के बड़े हिस्से को पूरा करने की क्षमता थी। तथापि इसका बाजार हिस्सा कम रहा है।

ख) बाजार हिस्सा

105. घरेलू उद्योग और आयातों का बाजार हिस्सा नीचे तालिका में दर्शाया गया है:

विवरण	यूनिट	2019-20	2020-21	2021-22	पीओआई
संबद्ध आयात	%	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	92	115	118
अन्य आयात	%	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	126	50	23

घरेलू उद्योग	%	-	-	-	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	-	-	-	100

106. प्राधिकारी नोट करते हैं कि चूंकि घरेलू उद्योग ने जांच अवधि में उत्पादन शुरू किया है इसलिए उसके बाजार हिस्से में सुधार हुआ है। तथापि, संबद्ध आयातों के पास जांच अवधि के दौरान लगभग 90 प्रतिशत का बाजार हिस्सा रहा है जबकि घरेलू उद्योग के पास पर्याप्त अप्रयुक्त क्षमताएं मौजूद थीं। आधे से ज्यादा मांग को पूरी करने की पर्याप्त क्षमता के बावजूद घरेलू उद्योग का बाजार हिस्सा केवल *** प्रतिशत था, जो *** प्रतिशत के अनुमानित बाजार हिस्से से काफी कम है।

ग) मालसूची

107. क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की मालसूची की स्थिति नीचे तालिका में दी गई है:

विवरण	यूनिट	2022-23 क्यू1	2022-23 क्यू2	2022-23 क्यू3	2022-23 क्यू4	पीओआई	अनुमानित
आरंभिक मालसूची	एमटी	***	***	***	***	***	***
अंतिम मालसूची	एमटी	***	***	***	***	***	***
औसत मालसूची	एमटी	***	***	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	109	99	139	197	57

108. यह नोट किया गया है कि:

क. घरेलू उद्योग की औसत मालसूची में जांच अवधि के दौरान वृद्धि हुई है, क्योंकि वे घरेलू बाजार में बिक्री करने में असमर्थ थे।

ख. घरेलू उद्योग की औसत मालसूची संबद्ध वस्तु के निर्यात करने के बावजूद उनकी कुल उत्पादन मात्रा के लगभग आधे के बराबर है।

ग. इसके अलावा, मालसूची घरेलू बिक्री कीमतों के 91 प्रतिशत के बराबर है, जिसका अर्थ है कि घरेलू उद्योग अपनी वस्तु को मुश्किल से बेच पा रहा है।

घ. घरेलू उद्योग की मालसूची धारक अवधि काफी अधिक है, जो घरेलू बिक्रियों के संबंध में एक वर्ष से अधिक और उत्पादन के संबंध में लगभग 6 माह के बराबर है।

ड. घरेलू उद्योग की औसत मालसूची जांच अवधि के प्रत्येक माह के दौरान घरेलू उद्योग की घरेलू बिक्रियों से अधिक थी और एक महीने को छोड़कर पूरी अवधि में इसके प्रचालनों में उत्पादन से अधिक थी।

च. औसत मालसूची अनुमानित मालसूची से उच्चतर क्षमता उपयोग के अनुमान के बावजूद काफी अधिक थी।

घ) लाभप्रदता, नकद लाभ और नियोजित पूंजी पर आय

109. क्षति अवधि में घरेलू उद्योग की लाभप्रदता, निवेश पर आय और नकद लाभ नीचे तालिका में दिए गए हैं:

विवरण	यूनिट	2022-23 क्यू1	2022-23 क्यू2	2022-23 क्यू3	2022-23 क्यू4
बिक्रियों की लागत	रू/एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	118	106	104
बिक्री कीमत	रू/एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	76	51	44
लाभ / (हानि)	रू/एमटी	***	(***)	(***)	(***)
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	-47	-112	-132
लाभ / (हानि)	रू लाख	***	(***)	(***)	(***)
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	-208	-344	-1007
नकद लाभ	रू लाख	***	(***)	(***)	(***)
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	-110	-237	-638
निवेश पर आय	%	***	(***)	(***)	(***)
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	-82	-229	-695

110. यह देखा गया है कि यद्यपि घरेलू उद्योग को आरंभ में पहली तिमाही में लाभ हुआ। तथापि, उसे आगे दूसरी तिमाही में भारी घाटा उठाना पड़ा और प्रत्येक तिमाही में उसके घाटों में वृद्धि हुई है। इसके अलावा, घरेलू उद्योग के नकद लाभ पर निवेश पर आय ने समान रूझान अपनाया है। घरेलू उद्योग को भारी नकद घाटे उठाने पड़े हैं और निवेश पर उसकी आय दूसरी तिमाही में ऋणात्मक हो गई है।

111. आवेदक ने दावा किया है कि घरेलू उद्योग की लाभप्रदता में गिरावट पहुंच कीमत में गिरावट से सीधे प्रभावित हुई है। यह नोट किया गया है कि दूसरी तिमाही में और उसके बाद पहुंच कीमत और कच्ची सामग्री कीमत के बीच अंतर में तेजी से गिरावट आई । इसमें पहुंच कीमत बाद में कच्ची सामग्री की लागत से कम हो गई। इससे घरेलू उद्योग की लाभप्रदता पर अत्यधिक प्रभाव पड़ा। इसमें तेजी से गिरावट आई ।

112. आवेदक ने यह भी दावा किया है कि चूंकि घरेलू उद्योग ने जांच अवधि में भी उत्पादन शुरू किया । इसलिए उसके निष्पादन का विश्लेषण 80 प्रतिशत के उपयोग के लागत ढांचे पर विचार करते हुए अनुमानित निष्पादन के साथ तुलना करते हुए किया जाना चाहिए। तदनुसार, प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग के निष्पादन का निम्नानुसार विश्लेषण किया है:

विवरण	यूनिट	पीओआई (वास्तविक)	अनुमानित	मानकीकृत
बिक्रियों की लागत	रू/एमटी	***	***	***
बिक्री कीमत	रू/एमटी	***	***	***
लाभ / (हानि)	रू/एमटी	***	***	***
लाभ / (हानि)	रू लाख	***	***	***
नकद लाभ	रू/एमटी	***	***	***
नकद लाभ	रू लाख	***	***	***
निवेश पर आय	%	(0-10)%	(10-20)%	(0-10)%

113. यह नोट किया गया है कि:

क. यद्यपि घरेलू उद्योग को जांच अवधि में *** करोड़ रूपए का लाभ होने का अनुमान था। उसे ऐसी अवधि के दौरान *** करोड़ रूपए का भारी घाटा उठाना पड़ा। इसके अलावा, यदि घरेलू उद्योग 80 प्रतिशत के क्षमता उपयोग पर प्रचालन करता तब भी उसे वर्तमान कीमत पर घाटा उठाना पड़ता।

ख. इसी प्रकार, घरेलू उद्योग को *** करोड़ रूपए का नकद घाटा हुआ है जबकि उसने *** करोड़ के नकद लाभ का अनुमान लगाया था। घरेलू उद्योग को 80 प्रतिशत के क्षमता का प्रचालन करने का भी भारी नकद घाटा उठाना पड़ेगा।

ग. घरेलू उद्योग के निवेश पर आय *** प्रतिशत की अनुमानित आय के विपरीत ऋणात्मक रही थी।

घ. घरेलू उद्योग ने यह भी दर्शाया है कि उसे जांच अवधि के चौथी तिमाही के दौरान अपनी परिवर्तनशील उत्पादन लागत से कम पर बिक्री करनी पड़ी थी। परिणामस्वरूप घरेलू उद्योग के लिए लागत वसूल करना संभव हो गया था।

ड.) रोजगार, उत्पादकता और मजदूरी

114. प्राधिकारी ने रोजगार, मजदूरी और उत्पादकता से संबंधित सूचना की निम्नानुसार जांच की है:

विवरण	यूनिट	2022-23 क्यू1	2022-23 क्यू2	2022-23 क्यू3	2022-23 क्यू4	पीओआई
कर्मचारियों की संख्या	संख्या	***	***	-	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	100	100	100	100
वेतन और मजदूरी	रू लाख	***	***	-	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	108	-	168	113
उत्पादकता प्रति दिन	एमटी/दिन	***	***	-	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	***	***	***	***	***

उत्पादकता प्रति कर्मचारी	एमटी/सं.	***	***	-	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	108	0	168	94

115. यह देखा गया है कि कर्मचारियों की संख्या पूरी जांच अवधि में स्थिर रही है जबकि वेतन में वृद्धि हुई है। घरेलू उद्योग के उत्पादन में दूसरी तिमाही में गिरावट आई और तीसरी तिमाही में वह शून्य था, क्योंकि घरेलू उद्योग ने अपना प्रचालन बंद कर दिया था। तथापि, अंतिम तिमाही में उत्पादकता में सुधार हुआ क्योकि घरेलू उद्योग ने उत्पादन मात्रा बढ़ा दी। घरेलू उद्योग ने इस वजह से क्षति का दावा नहीं किया है।

च) वृद्धि

विवरण	यूनिट	2022-23 क्यू1	2022-23 क्यू2	2022-23 क्यू3	2022-23 क्यू4
उत्पादन	%	-	8%	-100%	100%
घरेलू बिक्रियां	%	-	345%	-31%	146%
लाभ / हानि	%	-	-309%	-65%	-192%
लाभ / हानि प्रति यूनिट	%	-	-147%	-138%	-18%
नकद लाभ	%	-	-210%	-116%	-169%
निवेश पर आय	%	-	-182%	-179%	-204%

116. चूंकि घरेलू उद्योग ने जांच अवधि के दौरान उत्पादन शुरू किया। इसलिए तीसरी तिमाही में गिरावट के बाद उसकी मात्रात्मक मापदंडों में सुधार हुआ। तथापि, घरेलू उद्योग के लाभप्रदता मापदंडों में जांच अवधि की प्रत्येक तिमाही में गिरावट आई है और किसी तिमाही में सुधार नहीं हुआ है।

छ) पूंजी निवेश जुटाने की क्षमता पर प्रभाव

117. घरेलू उद्योग ने संबद्ध वस्तु के लिए क्षमता स्थापित करने हेतु निवेश जुटाया और वह पूंजी निवेश जुटाने में सक्षम रहा। घरेलू उद्योग ने बताया है कि आयातों की मात्रा दिसंबर, 2023 तक घरेलू उद्योग द्वारा एक वर्ष से अधिक तक प्रचालन में रहने के बावजूद पीओआई के बाद की अवधि में उच्चतर बनी रही है। आयातों के निरंतर आने से घरेलू उद्योग घरेलू बिक्रियों में वृद्धि करने में असमर्थ रहा है, जो कम रही हैं। इससे काफी अधिक मालसूची एकत्रित हो गई है जो प्रत्येक माह में घरेलू उद्योग के उत्पादन और बिक्री के स्तरों से अधिक है। इसके परिणामस्वरूप, घरेलू उद्योग को पीओआई के बाद की अवधि में लगभग ढाई महीने का एक और शट डाउन करना पड़ा था। इसके अलावा, घरेलू उद्योग को भारी घाटे होना, नकारात्मक नकद प्रवाह और नियोजित पूंजी आय में नुकसान होना जारी है। कुछ हितबद्ध पक्षकारों ने ध्यान दिलाया था कि घरेलू उद्योग को घाटा इस तथ्य के कारण हुआ था कि उसने जांच अवधि के एक हिस्से में रिफाइंड ग्लीसरीन के प्रयोग से समान वस्तु उत्पादित की है। तथापि, प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग ने स्पष्ट किया कि पीओआई के बाद की अवधि में उसने कच्चे ग्लीसरीन के प्रयोग से समान वस्तु उत्पादित की है। तथापि, फिर भी उसे भारी घाटे हुए हैं।

ज.3.7 क्षति का समग्र मूल्यांकन

118. विषय उत्पाद के आयात और घरेलू उद्योग के प्रदर्शन की जांच स्पष्ट रूप से दर्शाती है कि:

i. घरेलू उद्योग द्वारा परिचालन शुरू करने के बावजूद आयात की मात्रा में काफी वृद्धि हुई है। इसके अलावा, आयात में संबंधित वस्तुओं की मांग में वृद्धि की तुलना में बहुत अधिक दर से वृद्धि हुई।

ii. उत्पादन और खपत के संबंध में आयात अधिक रहा है।

iii. आयातों ने घरेलू उद्योग की कीमतों को दबा दिया है और कम कर दिया है, और घरेलू उद्योग को अपनी अनुमानित कीमतों को प्राप्त करने से रोका है।

iv. जांच की अवधि के दौरान विषय आयात की कीमतों में तेजी से गिरावट आई और घरेलू उद्योग की वास्तविक और अनुमानित कीमतों को कम कर रहे थे।

v. जांच की अवधि की अंतिम दो-तिमाहियों में आयात की उतराई कीमत घरेलू उद्योग की परिवर्तनीय लागत से कम है।

vi. आयात की कीमत और कच्चे माल की कीमतों के बीच के अंतर में इस अवधि में तेजी से गिरावट आई है।

vii. सस्ते आयात के कारण, घरेलू उद्योग को इसकी बिक्री लागत और इसकी परिवर्तनीय लागत से नीचे बेचने के लिए मजबूर होना पड़ा।

viii. घरेलू उद्योग अपनी क्षमता का 30% से कम उपयोग करने में सक्षम रहा है, जो अनुमानित उपयोग से बहुत कम है।

ix. घरेलू उद्योग अपने उत्पादन संस्करणों के आधे से थोड़ा अधिक ही बेच पाया, वह भी कुछ संस्करणों का निर्यात करके। दूसरी ओर, घरेलू उद्योग में घरेलू बिक्री की मात्रा कम बनी हुई है।

x. घरेलू उद्योग को बाजार में वाणिज्यिक अव्यवहार्यता के कारण संयंत्र बंद करने के लिए मजबूर होना पड़ा।

xi. घरेलू उद्योग को अपने संचालन के पहले वर्ष में आविष्कारों के एक महत्वपूर्ण संचय का सामना करना पड़ा। जांच की अवधि के प्रत्येक महीने के दौरान इसकी इन्वेंट्री घरेलू बिक्री से अधिक थी।

xii. घरेलू उद्योग की लाभप्रदता इस अवधि में बिगड़ गई, बढ़ते घाटे, नकद नुकसान और नियोजित पूंजी पर नकारात्मक रिटर्न के साथ।

xiii. घरेलू उद्योग को अनुमानित लाभप्रदता के मुकाबले जांच की अवधि के दौरान महत्वपूर्ण नुकसान, नकद नुकसान और निवेश पर नकारात्मक रिटर्न का सामना करना पड़ा।

xiv. घरेलू उद्योग को मौजूदा कीमतों पर नुकसान, नकद नुकसान और नकारात्मक रिटर्न का सामना करना पड़ता, भले ही वह 80% क्षमता उपयोग पर संचालित होता।

xv. आयात ने घरेलू उद्योग की आगे पूंजी निवेश जुटाने की क्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है।

xvi. डंपिंग मार्जिन सकारात्मक और महत्वपूर्ण है।

xvii. आयात घरेलू उद्योग की कीमतों को प्रभावित कर रहे हैं।

xviii. घरेलू उद्योग का निष्पादन POI के बाद की अवधि के दौरान भी प्रतिकूल बना हुआ है।

119. पूर्वगामी को ध्यान में रखते हुए, अनंतिम रूप से यह निष्कर्ष निकाला गया है कि विषय आयातों ने भारत में उद्योग की स्थापना को भौतिक रूप से मंद कर दिया है।

झ) <u>गैर-आरोपण विश्लेषण</u>

120. नियमावली के अनुसार, प्राधिकारी के लिए अन्य बातों के साथ-साथ पाटित आयातों से इतर किसी ज्ञात कारक की जांच करना अपेक्षित है जिससे उसी समय घरेलू उद्योग को क्षति हो रही हो ताकि इन अन्य कारकों की वजह से कोई क्षति के लिए पाटित आयातों को जिम्मेदार न ठहराया जा सके। इस संबंध में, संगत कारकों में अन्य के साथ-साथ पाटित कीमत पर नहीं बेचे गए आयातों की मात्रा और कीमत, मांग में संकुचन या खपत की प्रवृत्ति में प्रवर्तन, व्यापार प्रतिबंधात्मक प्रथाएं और विदेशी तथा घरेलू उत्पादकों के बीच प्रतिस्पर्धा, प्रौद्योगिकी में विकास, घरेलू उद्योग का निर्यात निष्पादन और उत्पादकता शामिल हैं। नीचे इस बात की जांच की गई हैं कि क्या पाटित आयातों से इतर कारकों से क्षति हो सकती है जिनके परिणामस्वरूप घरेलू उद्योग की स्थापना में वास्तविक बाधा आई है।

क. तीसरे देशों से आयातों की मात्रा और कीमत

121. प्राधिकारी नोट करते हैं कि संबद्ध आयातों से इतर केवल ताईवान से अधिक आयात हुए हैं और किसी अन्य गैर संबद्ध स्रोत से नहीं। तथापि, संबद्ध वस्तु को जांच अवधि के दौरान ताईवान से पाटित कीमत पर निर्यात नहीं किया गया था। इस प्रकार घरेलू उद्योग को हुई क्षति के लिए ताईवान से हुए आयात जिम्मेदार नहीं हो सकते हैं।

ख. मांग का संकुचन

122. यह देखा गया है कि विचाराधीन उत्पाद की मांग में केवल 2020-21 में मामूली गिरावट के अलावा निरंतर वृद्धि हुई है। संबद्ध वस्तु की मांग में आगे वृद्धि जारी रहने की उम्मीद है और इस प्रकार घरेलू उद्योग को मांग में संभावित संकुचन के कारण क्षति नहीं हुई है।

ग. खपत की प्रवृत्ति में परिवर्तन

123. विचाराधीन उत्पाद की खपत की प्रवृत्ति में कोई ज्ञात वास्तवित परिवर्तन नहीं हुआ है।

घ. व्यापार प्रतिबंधात्मक प्रथाएं और विदेशी तथा घरेलू उत्पादकों के बीच प्रतिस्पर्धा

124. संबद्ध वस्तु के आयात किसी भी तरह प्रतिबंधित नहीं हैं और देश में मुक्त रूप से आयात योग्य हैं। चूंकि घरेलू उद्योग देश में संबद्ध वस्तु का एकमात्र उत्पादक है। इसलिए घरेलू उत्पादकों के बीच परस्पर प्रतिस्पर्धा की ऐसी कोई संभावना नहीं जिससे घरेलू उद्योग को क्षति हुई हो।

ड. प्रौद्योगिकी में विकास

125. प्राधिकारी नोट करते हैं कि विचाराधीन उत्पाद के उत्पादन की प्रौद्योगिकी में कोई ज्ञात वास्तविक परिवर्तन नहीं हुआ है। वास्तव में आवेदक ने एक नई उत्पादन सुविधा स्थापित की है।

च. निर्यात निष्पादन

126. प्राधिकारी ने घरेलू और निर्यात प्रचालनों के लिए उस सीमा तक अलग आंकड़ों पर भरोसा किया है, जिससे वह घरेलू उद्योग को क्षति विश्लेषण के प्रयोजनार्थ सही हो सकती हो।

छ. कच्ची सामग्री की मालसूची का प्रयोग

127. कुछ हितबद्ध पक्षकारों ने भी दलील दी है कि घरेलू उद्योग की लाभप्रदता कम है, क्योंकि वह उच्च कीमत पर खरीदी गई कच्ची सामग्री की मालसूची का प्रयोग करता है। ऐसी दलील के उत्तर में घरेलू उद्योग ने कच्ची सामग्री की अंतर्राष्ट्रीय कीमतों पर आधारित

घरेलू उद्योग की लाभप्रदता से संबंधित सूचना प्रस्तुत की है। प्रदत्त सूचना के आधार पर प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग को अंतर्राष्ट्रीय कीमत पर कच्ची सामग्रियां खरीदने पर भी घाटा उठाना पड़ता।

विवरण	यूनिट	वर्तमान निष्पादन	यदि अंतर्राष्ट्रीय कीमतों पर विचार किया जाए
घरेलू बिक्रियां	एमटी	***	***
उत्पादन की लागत	रू/एमटी	***	***
बिक्री कीमत	रू/एमटी	***	***
लाभ / (हानि)	रू/एमटी	(***)	(***)
लाभ / (हानि)	रू लाख	(***)	(***)

ज. उत्पादन लागत पर स्टार्ट-अप लागत का प्रभाव

128. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने भी तर्क दिया है कि घरेलू उद्योग की उत्पादन लागत उसमें शामिल स्टार्ट-अप लागतों के कारण बढ़ी हुई है। तथापि, घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि कोई स्टार्ट-अप लागत परिसंपत्तियों की लागत में प्रयोग हुई है और उत्पादन लागत में शामिल नहीं की गई है। इस प्रकार घरेलू उद्योग की उत्पादन लागत किसी स्टार्ट अप लागत के कारण बढ़ाई नहीं गई है।

झ. उत्पाद की गुणवत्ता या स्वीकार्यता संबंधी मुद्दे

129. कुछ हितबद्ध पक्षकारों ने आरोप लगाया है कि घरेलू उद्योग ने उत्पाद की लंबी अनुमोदन प्रक्रिया या स्वीकार्यता संबंध मुद्दों के कारण घरेलू बाजार में वस्तु को बेचने में संघर्ष किया है। तथापि, प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग निर्यात बाजारों में वस्तु की आपूर्ति करने में समर्थ है और वह भी लाभप्रद कीमतों पर । अत: यह तथ्य कि घरेलू उद्योग निर्यात बाजारों में अपनी वस्तु बेचने में सक्षम है। दर्शाता है कि उसके द्वारा उत्पादित उत्पाद वैविश्क रूप से स्वीकृत है। इसके अलावा, घरेलू उद्योग ने यह भी बताया है कि वह

आयात कीमतों से क्षतिकारी स्तरों तक गिरने से पहले भारत में उपभोक्ताओं को अपनी वस्तु बेचने में सक्षम था।

ञ. **<u>क्षति मार्जिन की मात्रा</u>**

130. प्राधिकारी ने यथा संशोधित अनुबंध-III के साथ पठित नियमावली में निर्धारित सिद्धांतों के आधार पर घरेलू उद्योग के लिए एनआईपी निर्धारित की है। विचाराधीन उत्पाद की एनआईपी को घरेलू उद्योग द्वारा प्रदत्त उत्पादन लागत से संबंधित सूचना/आंकड़ों को अपनाकर निर्धारित किया गया है। एनआईपी पर क्षति मार्जिन की गणना हेतु संबद्ध देश से संबद्ध वस्तु की पहुंच कीमत की तुलना के लिए विचार किया गया है। एनआईपी के निर्धारण के लिए कच्ची सामग्री और सुविधाओं के सर्वोत्तम तिमाहीवार उपयोग और उत्पादन क्षमता के सर्वोत्तम तिमाहीवार उपयोग पर विचार किया गया है। उत्पादन लागत और / या एनआईपी से असाधारण या गैर आवर्ती व्ययों और / या परिसंपत्तियों को अलग रखा गया है। विचाराधीन उत्पाद के लिए औसत नियोजित पूंजी (अर्थात् औसत निवल स्थिर परिसंपत्ति जमा औसत कार्यशील पूंजी) पर नियमावली के अनुबंध-III में यथा विहित एनआईपी ज्ञात करने के लिए एक तर्कसंगत आय (कर पूर्व 22 प्रतिशत की दर से) के ब्याज, कारपोरेट कर और लाभ की वसूली की अनुमति दी गई है।

131. कुछ हितबद्ध पक्षकारों ने दावा किया है कि घरेलू उद्योग की कच्ची सामग्री की लागत को अंतर्राष्ट्रीय कीमतें दर्शाने के लिए समायोजित करना चाहिए और रायल्टी व्ययों पर विचार नहीं करना चाहिए। तथापि, अनुबंध-III के प्रावधानों के अनुसार और प्रक्रिया के अनुसार प्राधिकारी ने कंपनी की बही खातों में यथा प्रदर्शित कच्ची सामग्री की लागत और अन्य व्ययों पर कानून में निर्धारित सिद्धांतों के अनुसार विधिवत रूप से समायोजित रूप में विचार किया है।

132. चूंकि स्टार्ट अप लागत का पूंजीकरण हुआ है। इसलिए घरेलू उद्योग की उत्पादन लागत इस वजह से नहीं बढ़ी है। मूल्यह्रास के संबंध में प्राधिकारी ने जांच अवधि के दौरान प्राप्त 80 प्रतिशत से अधिक उच्चतम क्षमता के आधार पर उस पर विचार किया है।

133. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए इस तर्क के संबंध में कि क्षति मार्जिन के घरेलू उद्योग के दावे के अनुसार केवल आयातों की क्षतिकारी मात्रा पर विचार करते हुए निर्धारित नहीं करना चाहिए। यह नोट किया जा सकता है कि प्राधिकारी ने जांच अवधि की प्रत्येक तिमाही के लिए सभी आयातों की पहुंच कीमत निर्धारित की है और क्षति मार्जिन की गणना के लिए घरेलू उद्योग की क्षतिरहित कीमत के साथ उसकी तुलना की है।

134. ऊपर यथा निर्धारित पहुंच कीमत और एनआईपी के आधार पर प्राधिकारी द्वारा तिमाहीवार आधार पर उत्पादकों / निर्यातकों के लिए क्षति मार्जिन निर्धारित किया गया है और नीचे तालिका में दिया गया है।

<u>क्षति मार्जिन तालिका</u>

क्र.सं.	उत्पादक	एनआईपी	एलपी	आईएम	आईएम	रेंज
क	**थाईलैंड**	डॉलर/एमटी	डॉलर/एमटी	डॉलर/एमटी	%	
1	एजीसी विनाइथाई पब्लिक कंपनी लिमिटेड (एवीटी) (इसे पूर्व में एडवांस्ड बायोकेमिकल (थाईलैंड) कंपनी लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)	***	***	***	***	20-30%
2	कोई अन्य	***	***	***	***	20-30%
ख	**कोरिया गणराज्य**	***	***	***	***	
1	हनवा सॉल्यूशंस कॉर्पोरेशन	***	***	***	***	10-20%
2	लोट्टे फाइन केमिकल कंपनी लिमिटेड	***	***	***	***	20-30%
3	कोई अन्य	***	***	***	***	25-35%
ग	**चीन जन. गण.**	***	***	***	***	
1	जियांगसु रूईजियांग केमिकल कंपनी लिमिटेड	***	***	***	***	0-10%
2	निंग्बो इंगबोहुआनयांग न्यू मटेरियल कंपनी लिमिटेड	***	***	(***)	(***) %	ऋणात्मक
3	कोई अन्य	***	***	***	***	5-15%

ट. <u>भारतीय उद्योग के हित और अन्य मुद्दे</u>

ट.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

135. भारतीय उद्योग के हित के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

i. आवेदक ने अपनी गणना में इपोक्सी रेजिन के बाजार कीमत को अधिक बताकर प्रस्तावित शुल्क के प्रभाव की गलत गणना की है। इपोक्सी उत्पादकों पर प्रभाव 0 प्रतिशत से 10 प्रतिशत है और काफी अधिक है।

ii. शुल्क लागू होने के संभावित परिणाम में इपोक्सी रेजिन के लिए विपरीत शुल्क संरचना हो जाएगी क्योंकि आयात मूल सीमा शुल्क के अधीन होंगे (जो ये भागीदारों के लिए शून्य है) जबकि भारत में इपोक्सी उत्पादक अतिरिक्त पाटनरोधी शुल्क के अधीन होंगे।

iii. शुल्क लागू होने का प्रभाव इपोक्सी उद्योग और विभिन्न डाउनस्ट्रीम क्षेत्रों जैसे पेंट और कोटिंग, इलेक्ट्रानिक, अधेसिव, जल उपचार रसायन, वस्त्र, पेपर उद्योग आदि के लिए हानिकारक हैं। इपोक्सी उत्पादक शुल्क लागू होने के कारण लागत में वृद्धि को झेल नहीं पाएंगे और उसे उपभोक्ताओं पर डाल देंगे। इससे प्रयोक्ता उद्योग अप्रतिस्पर्धी हो जाएगा।

iv. शुल्क लागू होने से भारत में इपोक्सी के उत्पादन के लिए विदेशी प्रत्यक्ष निवेश में वृद्धि पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा और यह कुकडो केमिकल्स जो भारतीय इपोक्सी क्षेत्र में निवेश की योजना बना रहे हैं जैसे कंपनियों को रोक देगा।

v. पाटनरोधी शुल्क लागू होने से अपस्ट्रीम रिफाइंड ग्लीसरीन उद्योग की मांग और कीमतें नकारात्मक रूप से प्रभावित हुई होंगी।

vi संबद्ध वस्तु पर पाटनरोधी शुल्क लगने से अंतिम प्रयोक्ताओं पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा, क्योंकि अंतिम प्रयोक्ता संबद्ध वस्तु का आयात करना पसंद करेंगे।

vii. घरेलू उद्योग आवेदक और एक प्रयोक्ता के बीच गोपनीय पत्राचार के अनुसार प्रयोक्ताओं की मात्रा संबंधी जरूरतों को पूरा नहीं कर सकता है।

viii. वर्तमान में घरेलू मांग मौजूदा घरेलू उत्पादन क्षमता से पूरी नहीं हो सकती है।

ix. मेक-इन-इंडिया और आत्मनिर्भर भारत वर्तमान जांच के दायरे से बाहर हैं।

x. केंद्रीय बजट 2023 में विशेष रूप से ईसीएच में प्रयोग के लिए कच्चे ग्लीसरीन के आयातों पर शुल्क रियायतें दी गई हैं।

ट.2 <u>घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध</u>

136. घरेलू उद्योग ने भारतीय उद्योग के हित के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

i. पाटनरोधी शुल्क लगाना घरेलू उद्योग, उपभोक्ताओं, प्रयोक्ताओं और व्यापक रूप से जनता के हित में होगा।

ii. ईसीएच के लिए भारत को आत्मनिर्भर होने की जरूरत है क्योंकि देश तमिलनाडु पेट्रोप्रोडक्ट्स लिमिटेड द्वारा प्रचालन रोकने के बाद से पूर्णत: आयातों पर निर्भर है।

iii. घरेलू उद्योग के दावे के अनुसार शुल्क लागू होने से जो अधिकतम कीमत वृद्धि होगी वह फिर भी पहले निर्यातकों द्वारा प्रभारित कीमतों से कम होगी। घरेलू उद्योग से उचित कीमत पर खरीदे गए ईसीएच से उपभोक्ताओं को कम से कम 185 करोड़ रूपए का लाभ होगा।

iv. प्रयोक्ताओं ने स्वयं अपने लिखित अनुरोधों में माना है कि वे कीमत वृद्धि को केवल अंतिम उपभोक्ताओं पर डाल देंगे और परिणामस्वरूप 10 प्रतिशत वृद्धि का प्रभाव भी अंतिम उपभोक्ताओं पर नगण्य होगा।

v. शुल्क लागू होने से भारत में ईसीएच के उद्योग की स्थापना में मदद मिलेगी जिससे अपस्ट्रीम उत्पादकों की मांग और कीमत में वृद्धि होगी और उन पर नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ेगा।

vi कुकडो केमिकल्स आगे डाउनस्ट्रीम उत्पादों के उत्पादन के लिए अपना संयंत्र स्थापित किया है और चूंकि आगामी इपोक्सी संयंत्र मौजूदा संयंत्र को कच्ची सामग्री देगा इसलिए शुल्क लागू होने से ऐसे निवेश पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

vii. आयातों के कारण इस समय देश में 1300 करोड़ रूपए से अधिक के नए निवेश की व्यवहार्यता को खतरा है और ऐसे भारी निवेश के संरक्षण की आवश्यकता है।

viii. कुकडो केमिकल्स के भावी निवेश पर विचार करते हुए 250 करोड़ रूपए के एफडीआई के संभावित निवेश के मुकाबले समान वस्तु के भारत में 1000 करोड़ रूपए के भारतीय निवेश का नुकसान होने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

ix. छूट लागू होने के बाद भारतीय उद्योग के पास अगले पांच वर्षों में संपूर्ण मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त क्षमताएं होंगी।

x. संबद्ध देशों के अलावा, संयुक्त राज्य अमेरिका, जर्मनी, ताइवान, जापान, नीदरलैंड, सऊदी अरब, फ्रांस, इटली और चेक गणराज्य में उत्पादकों के पास काफी क्षमताएं हैं और यदि संबद्ध आयात तेजी से घटते हैं तो वे भारतीय बाजार में अपनी वस्तुएं भेजने में सक्षम हो सकते हैं।

xi. यह एक सुस्थापित सिद्धांत हैं कि मांग - आपूर्ति में अंतर शुल्क को लागू नहीं करने का आधार नहीं हो सकता है। जैसा कि एनओसीआईएल लिमिटेड बनाम भारत सरकार में उच्च न्यायालय, डीएसएम इडेमित्सु कं, लिमिटेड बनाम डीए में सेस्टेट और पूर्ववर्ती जांच परिणाम में प्राधिकारी द्वारा माना गया है।

xii. शुल्क लागू होने से 639 लाख अमरीकी डॉलर प्रति वर्ष के विदेशी मुद्रा की बचत होगी।

xiii. इस प्रतिस्पर्धी घरेलू उद्योग की मौजूदगी से यह सुनिश्चित हुआ कि निर्यातक भारतीय उपभोक्ताओं से अधिक कीमत नहीं लेंगे जो पहले किया गया था जैसा कि कच्ची सामग्री की लागत से अधिक कीमत लेने से स्पष्ट है।

xiv. घरेलू उद्योग द्वारा एकाधिकारी व्यवहार की स्थिति नहीं बनेगी, क्योंकि भारतीय बाजार शुल्क लगने के समय तक अति आपूर्ति की स्थिति में आ सकता है।

xv. घरेलू उद्योग बायो आधारित ग्लीसरीन तरीके के प्रयोग से ईसीएच का उत्पादन करता है। दो पारंपरिक प्रोपीलीन तरीके की तुलना में पर्यावरण के लिए बेहतर है।

xvi. विचाराधीन उत्पाद के संबंध में, प्रतिकूल शुल्क संरचना है जिस पर वर्तमान जांच में विचार नहीं किया गया है।

xvii. इपोक्सी रेजिन के आयातों की मात्रा वर्तमान में काफी कम है। कुकडो केमिकल्स के पास आयातों का अधिकांश हिस्सा है जो स्वयं भारत में इपोक्सी रेजिन का संयंत्र स्थापित करने की प्रक्रिया में है, जिसके परिणामस्वरूप आयातों की मात्रा में और गिरावट हो जाएगी।

xviii. शुल्कों का लागू होना प्रयोक्ताओं के लिए लाभकारी होगा, क्योंकि शुल्क लागू होने से आयात कीमत में वृद्धि संबद्ध देशों से घरेलू बाजार में सामान्य मूल्य से कम होगी।

xix. अंतिम प्रयोक्ताओं ने केवल इसलिए घरेलू वस्तु की तुलना में संबद्ध आयातों को पसंद किया है, क्योंकि संबद्ध आयात सस्ती कीमतों पर उपलब्ध है और इसका कोई अन्य कारण नहीं है।

xx. आवेदक ने सरकार की मेक-इन-इंडिया और आत्मनिर्भर भारत नीतियों के समर्थन में केवल शुल्क लागू करने का दावा नहीं किया है, बल्कि ऐसी नीतियों को आगे बढ़ाने के लिए ऐसा किया गया है।

ट.3 <u>प्राधिकारी द्वारा जांच</u>

137. प्राधिकारी नोट करते हैं कि पाटनरोधी शुल्क का प्राथमिक उद्देश्य पाटन की अनुचित व्यापार प्रथाओं द्वारा घरेलू उद्योग को हुई क्षति को समाप्त करना है और इस प्रकार भारतीय बाजार में खुली और समान प्रतिस्पर्धा के माहौल को बढ़ावा देना है। पाटनरोधी उपायों को लागू करने को मनमाने ढंग से संबद्ध देशों से आयातों से कटौती के लिए डिजाइन नहीं किया गया है, बल्कि यह समान अवसर सुनिश्चित करने का एक तंत्र है। प्राधिकारी मानते हैं कि पाटनरोधी शुल्क लागू होने से भारत में उत्पाद की कीमत स्तर

प्रभावित हो सकते हैं। तथापि, यह नोट करना महत्वपूर्ण है कि भारतीय बाजार में उचित प्रतिस्पर्धा का वातावरण इन उपायों के जारी रहने से अप्रभावित रहेगा। प्रतिस्पर्धा कम होने के बजाय पाटनरोधी उपाय लागू होने से पाटन की प्रथाओं के कारण अनुचित लाभ समाप्त होंगे। यह उपभोक्ताओं को संबद्ध वस्तु के व्यापक विकल्प देकर उनका संरक्षण करता है। इस प्रकार, पाटनरोधी शुल्क उचित व्यापार प्रक्रिया में एक बाधा के बजाय सुविधा प्रदाता है।

138. प्राधिकारी ने आयातकों, प्रयोक्ताओं और उपभोक्ताओं सहित सभी हितबद्ध पक्षकारों से विचार आमंत्रित करते हुए जांच अधिसूचना जारी की थी। घरेलू उद्योग, उत्पादक / निर्यातक और आयातकों, प्रयोक्ताओं और उपभोक्ताओं सहित विभिन्न हितधारकों को उनके प्रचालनों पर पाटनरोधी शुल्क के संभावित प्रभाव सहित वर्तमान जांच से संबंधित संगत सूचना देने के लिए एक आर्थिक हित प्रश्नावली भी विहित की गई थी।

139. प्राधिकारी नोट करते हैं कि उनके द्वारा जारी आर्थिक हित प्रश्नावली का उत्तर घरेलू उद्योग द्वारा असंबद्ध वस्तु के 4 प्रयोक्ताओं अर्थात अतुल लिमिटेड, कार्डोलाइट स्पेशियलिटी केमिकल्स इंडिया एलएलपी, ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड और हिंदुस्तान स्पेशियलिटी केमिकल्स लिमिटेड द्वारा प्रस्तुत किया गया था। आर्थिक हित प्रश्नावली के उत्तर में घरेलू उद्योग ने दावा किया है कि शुल्क लागू होने से डाउनस्ट्रीम प्रयोक्ताओं पर कोई खास प्रभाव नहीं पड़ेगा। वास्तव में घरेलू उद्योग से उचित कीमत पर ईसीएच खरीदने से प्रयोक्ताओं को 185 करोड़ रूपए का लाभ होगा। दूसरी ओर प्रयोक्ताओं ने दावा किया है कि शुल्क लागू होने से उनकी लागत पर 10 प्रतिशत तक का प्रभाव पड़ेगा। प्राधिकारी नोट करते हैं कि प्रयोक्ताओं ने स्वयं माना है कि वे किसी कीमत वृद्धि को डाउनस्ट्रीम प्रयोक्ताओं पर डाल देंगे। अत: इपोक्सी रेजिन पर शुल्क के प्रभाव की मात्रा बताना उचित नहीं होगा। इपोक्सी रेजिन के उत्पादक विभिन्न प्रकार के डाउनस्ट्रीम उद्योगों जैसे पेंट, अधेसिव, लेमिनेट, ऑटोमोटिव कोटिंग्स आदि की जरूरतें पूरी करते हैं जिन्हें आगे उनके डाउनस्ट्रीम प्रयोक्ताओं द्वारा प्रयोग किया जाता है। घरेलू उद्योग ने दलील दी है कि प्रयोक्ताओं पर डाली जाने वाली किसी कीमत वृद्धि से अंतत: अंतिम उपभोक्ताओं पर नगण्य प्रभाव पड़ेगा।

140. प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग द्वारा संयंत्र स्थापित करने से पहले भारत पूर्णत: आयात पर निर्भर था। यद्यपि तमिलनाडु पेट्रोप्रोडक्ट्स लिमिटेड ने 2010 की शुरूआत में एक संयंत्र स्थापित किया, परंतु सस्ते आयातों के कारण वह बंद हो गया। यह बात घरेलू उद्योग द्वारा उसके वित्तीय विवरणों में दिए गए ब्यौरे से स्पष्ट है। घरेलू उद्योग ने संबद्ध वस्तु के विनिर्माण के लिए और भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए भारी निवेश किया है। घरेलू उद्योग ने जोर दिया है कि यदि संबद्ध देशों से पाटन जारी रहता है तो उद्योग के पास अपने प्रचालनों को स्थायी रूप से बंद करने के अलावा कोई विकल्प नहीं होगा।

141. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने तर्क दिया है कि शुल्क लागू होने से भारत में इपोक्सी उद्योग में विदेशी उत्पादकों के निवेश हतोत्साहित होंगे। प्राधिकारी नोट करते हैं कि वर्तमान में केवल कुकडो केमिकल्स ने लगभग *** करोड़ रूपए के निवेश पर भारत में अपने डाउनस्ट्रीम संयंत्र को फीड करने के लिए भारत में इपोक्सी रेजिन के लिए एक संयंत्र स्थापित करने की योजना घोषित की है। दूसरी ओर भारतीय उद्योग ने पहले ही ईसीएच के लिए संयंत्र स्थापित करने हेतु भारी निवेश किया है। कुल मिलाकर भारतीय उद्योग ने पहले ही *** करोड़ रूपए से अधिक का निवेश किया है। अत: पहले से किए गए इतने भारी निवेश के संरक्षण की जरूरत है। यह नोट किया गया है कि भारत ने भारतीय उत्पादकों द्वारा किए गए भारी निवेश को भावी विदेशी निवेशों की प्रत्याशा में छोड़ा नहीं जा सकता है।

142. प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि पाटनरोधी शुल्क लागू होने से भारत में संबद्ध वस्तु की कमी नहीं होगी। यह नोट किया गया है कि पाटनरोधी शुल्क आयातों को प्रतिबंधित नहीं करता है, बल्कि यह सुनिश्चित करता है कि आयात उचित कीमतों पर उपलब्ध हों। अत: शुल्क लागू होने से उत्पाद की उपलब्धता प्रभावित नहीं होगी। किसी भी तरह घरेलू उद्योग की आगामी क्षमता भारत में मांग से अधिक होगी और इस प्रकार यह सुनिश्चित होगा कि देश में पर्याप्त आपूर्ति बनी रहे।

कुल भारतीय क्षमता	एपिग्रल लिमिटेड	50 केटी
	डीसीएम श्रीराम	51 केटी
	ग्रासिम	50 केटी
कुल मांग		90 केटी
अधिक आपूर्ति		11 केटी

घरेलू उद्योग ने ध्यान दिलाया है कि भारतीय उद्योग के पास न केवल वर्तमान बल्कि देश की भावी मांग को पूरा करने के लिए भी पर्याप्त क्षमता होगी।

143. यद्यपि अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने यह तर्क दिया है कि घरेलू उद्योग के पास भारतीय मांग को पूरा करने की पर्याप्त क्षमता नहीं है। तथापि यह देखा गया है कि समग्र रूप से भारतीय उद्योग के पास भारतीय मांग को पूरा करने की पर्याप्त क्षमता है। किसी भी तरह संयुक्त राज्य अमेरिका, जर्मनी, ताइवान, जापान, नीदरलैंड, सऊदी अरब, फ्रांस, इटली और चेक गणराज्य जैसे देशों के पास पर्याप्त क्षमताएं हैं और प्रयोक्ता ऐसे देशों से संबद्ध वस्तु का आयात कर सकते हैं।

144. कुछ हितबद्ध पक्षकारों ने दावा किया है कि घरेलू उद्योग प्रयोक्ताओं की मात्रा संबंधी जरूरतों को पूरा करने में असमर्थ है और उन्होंने अपने तर्क के समर्थन में घरेलू उद्योग का पत्र प्रस्तुत किया है। तथापि, घरेलू उद्योग ने दर्शाया है कि यद्यपि उसने प्रयोक्ताओं को संबद्ध वस्तु बेचने का ऑफर दिया है, परंतु उन्होंने घरेलू उद्योग से संबद्ध वस्तु खरीदने से इंकार किया है, क्योंकि वे सस्ती आयातित वस्तु पसंद करते हैं जिसकी कीमत की बराबरी घरेलू उद्योग नहीं कर सकता था।

145. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने यह भी दावा किया है कि शुल्क लागू होने से अपस्ट्रीम उत्पादकों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। प्राधिकारी नोट करते हैं कि पाटनरोधी शुल्क लागू होने से ईसीएच के घरेलू उद्योग को फलने-फूलने में मदद मिलेगी। इसके परिणामस्वरूप,

अपस्ट्रीम उद्योग में मांग बढ़ेगी, जिससे कीमतों में वृद्धि होगी। इस प्रकार किसी भी स्थिति में शुल्क लागू होने से अपस्ट्रीम उद्योग प्रभावित नहीं होंगे।

146. अंत में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि पाटनरोधी शुल्क ऐसी कीमत तक सीमित होगा जो घरेलू उद्योग को हुई क्षति की भरपाई करेगी। ऐसे मामले में वह वर्तमान कीमत जिस पर इपोक्सी के उत्पादक विदेशी निर्यातकों से संबद्ध वस्तु का आयात कर रहे हैं, उस कीमत से कम बनी रहेगी, जिस पर विदेशी उत्पादक अपने घरेलू बाजार में बिक्री कर रहे हैं। अत: पाटनरोधी शुल्क लागू होने के बाद भी भारतीय बाजार में ईसीएच की कीमतें संबद्ध देशों की कीमतों से कम होंगी। इससे भारत में इपोक्सी उत्पादकों को उनके वैश्विक समकक्षों की तुलना में एक प्रतिस्पर्धी लाभ मिलेगा।

ठ. <u>प्रकटन पश्चात की टिप्पणियां</u>

147. प्राधिकारी ने केंद्र सरकार को अंतिम सिफारिशें करने के लिए विचाराधीन सभी अनिवार्य तथ्यों वाले प्रकटन विवरण को 12 जुलाई 2024 को सभी हितबद्ध पक्षकारों को परिचालित किया। प्राधिकारी ने इन जांच परिणामों में हितबद्ध पक्षकारों द्वारा की गई सभी प्रकटन पश्चात टिप्पणियों पर उनके संगत समझे जाने की सीमा तक जांच की है। कोई अनुरोध जो केवल पूर्ववर्ती अनुरोध का पुन: प्रस्तुतीकरण था और जिसकी प्राधिकारी ने पर्याप्त रूप से जांच कर ली थी, को संक्षिप्तता के लिए यहां दोहराया नहीं गया है।

ठ.1 <u>अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध</u>

148. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रकटन पश्चात निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

i. याचिकाकर्ता द्वारा प्रस्तुत आयात मात्राओं और लाभों में विसंगतियां है और उन पर प्रकटन विवरण में भरोसा किया गया है।

ii. यद्यपि मात्रात्मक प्रभाव पर वार्षिक आधार पर जांच की गई है। तथापि, कीमत प्रभाव के तिमाही आधार पर विश्लेषित किया गया है। आयातों में तिमाही 1 के बाद गिरावट आई है।

iii. जांच अवधि के दौरान कीमतों में थोड़ी बहुत वृद्धि हुई है जो उसे अप्रतिनिधि बनाती है, जो सामान्य बाजार अस्थिरता से अलग है।

iv. प्राधिकारी को केवल जांच की अवधि की तिमाही 2 और तिमाही 3 में की गई घरेलू बिक्री के लिए व्यापार परीक्षण के सामान्य पाठ्यक्रम को करने के लिए POI के उत्पादन की समग्र लागत पर विचार करना चाहिए, न कि जांच की अवधि के दौरान की गई सभी बिक्री के लिए। यह विनम्रतापूर्वक प्रस्तुत किया जाता है कि यदि माननीय प्राधिकरण पीओआई की तिमाही 2 और तिमाही 3 में की गई घरेलू बिक्री के लिए केवल समग्र लागत लागू करने के लिए असंगत पाता है, तो हम संबंधित तिमाही के लिए उत्पादन की लागत पर विचार करने का अनुरोध करते हैं। यदि ऐसी बिक्रियों पर विचार नहीं किया जाता तो सामान्य मूल्य उत्पादन लागत जमा लाभ के रूप में 5 प्रतिशत पर आधारित होना चाहिए।

v. कारखानाद्वार निर्यात कीमत में जियांग्सू रुईजियांग केमिकल कंपनी लिमिटेड द्वारा यथा प्रस्तुत और प्राधिकारी द्वारा यथा स्वीकृत रूप में विसंगति प्रतीत होती है।

vi प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग के निष्पादन का चुनिंदा रूप से विश्लेषण किया है जिसमें ऐसे मापदंड मुख्य रूप से दर्शाए गए हैं, जहां निष्पादन पर नकारात्मक प्रभाव है। जबकि अन्य न्यूनकारी कारकों की अनेदखी की गई है।

vii. वास्तविक मंदी की जांच में अनुमानित निष्पादन की तुलना शामिल नहीं होनी चाहिए।

viii. प्राधिकारी ने इस निष्कर्ष के लिए मोरक्को मामले में विभिन्न निर्धारित मापदंडों की जांच नहीं की है कि घरेलू उद्योग वास्तविक रूप से बाधित था।

ix. कच्ची सामग्री को स्थिर संविदागत करारों के अंतर्गत खरीदा गया है और इस प्रकार निर्यातकों की लागत को विचाराधीन उत्पाद की कीमतों में परिवर्तन दर्शाने में थोड़ा समय लगेगा।

x. घरेलू उद्योग ने सार्वजनिक विवरण में स्वीकार किया है कि वह मौजूदा दीर्घावधिक संविदाओं के कारण बिक्री में वृद्धि करने में असमर्थ है।

xi. अंतर्राष्ट्रीय बाजार कीमत में उतार-चढ़ाव पर क्षतिरहित कीमत की गणना के लिए विचार करना चाहिए। इसके अलावा, 22 प्रतिशत की आय पर विचार नहीं करना चाहिए।

xii. प्राधिकारी को तिमाहीवार क्षतिरहित कीमत की गणना करनी चाहिए और उसके बाद भारित औसत क्षतिरहित कीमत और पहुंच कीमत की तुलना भारित औसत कुल आयात मात्रा के साथ करनी चाहिए जिसके परिणामस्वरूप क्षति मार्जिन घट जाएगा।

xiii. संबद्ध देशों पर शुल्क लगाने से ईसीएच की कीमत कम हो जाएगी और गैर संबद्ध देशों से निर्यातक प्रतिस्पर्धी कीमतें देकर ऐसे लाभ से वंचित कर सकते हैं।

xiv. प्राधिकारी की समुक्तियों के विपरीत पीएपीएल ने अपने प्रचालन बंद कर दिए थे, क्योंकि उसके डाउनस्ट्रीम खरीददार पीएपीएल ने खराब निष्पादन के कारण उत्पादन बंद कर दिया था।

xv. घरेलू उद्योग की लाभप्रदता में गिरावट अस्थायी है क्योंकि बायो ग्लीसरीन की आपूर्ति आगामी वर्षों में बढ़ने की उम्मीद है जिसके फलस्वरूप घरेलू उद्योग की लागत में कमी आएगी।

xvi. घरेलू उद्योग के निष्पादन में पीओआई के बाद की अवधि में काफी सुधार हुआ है जिसमें क्षति का अभाव है।

xvii. घरेलू उद्योग को कच्चे ग्लीसरीन के आयातों पर प्रदत्त शुल्क और कीमतों तथा कच्चे ग्लीसरीन के आयात के कारण ब्यौरे उपलब्ध कराने चाहिए।

xviii. प्रयोक्ता अन्य देशों में उच्च उत्पादन लागत, उच्च परिवहन लागत, लंबी पारगमन अवधि, सीमा शुल्क के कारण उच्चतर पहुंच लागत और उच्च मालसूची लागत के कारण निर्बाध उत्पादन सुनिश्चित करने के लिए प्रयोक्ताओं के साथ अपने स्रोतों को नहीं बदल सकते हैं।

xix. शुल्क लागू होने से चीन के साथ व्यापारिक तनाव बढ़ जाएगा।

xx. कम विनियमित माहौल में घरेलू उत्पादन में वृद्धि सतत पोषणीयता के प्रयासों को नुकसान पहुंचा सकती है।

ठ.2 घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

149. घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित प्रकटन पश्चात अनुरोध किए गए हैं:

i. चीन से असहयोगी निर्यातकों के लिए निर्धारित पाटन मार्जिन और क्षति मार्जिन को कम से कम असहयोगी से अन्य संबद्ध देशों के स्तर पर परिकलित किया जाना चाहिए ताकि ऐसे निर्यातकों द्वारा भागीदारी नहीं करने को पुरस्कृत नहीं किया जाए।

ii. क्षतिरहित कीमत की गणना के प्रयोजनार्थ कच्ची सामग्री की लागत के निर्धारण का तरीके पर पुनर्विचार और उसकी समीक्षा की जाए।

ठ.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

150. प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग और अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए प्रकटन प्रश्चात अनुरोधों की जांच की है और यह नोट करते हैं कि कुछ टिप्पणियां ऐसे अनुरोधों का दोहराव है जिनकी पहले ही अंतिम जांच परिणाम के संगत पैराओं में उपयुक्त जांच और पर्याप्त समाधान किया गया है। हितबद्ध पक्षकारों और घरेलू उद्योग द्वारा प्रकटन पश्चात टिप्पणियां / अनुरोधों में पहली बार उठाए गए मुद्दों और प्राधिकारी द्वारा संगत समझे गए मुद्दों की नीचे जांच की गई है।

151. घरेलू उद्योग द्वारा चीन के असहयोगी निर्यातकों के लिए पाटन मार्जिन और क्षति मार्जिन की पुन: गणना से संबंधित अनुरोध के बारे में प्राधिकारी ने उपलब्ध तथ्यों के आधार पर मार्जिनों का निर्धारण किया है। यह भी नोट किया गया है कि चीन से आयातों की कीमत थाईलैंड और कोरिया गणराज्य से आयातों की कीमतों से भी अधिक है। इसके मद्देनजर यह तर्कसंगत है कि चीन के लिए पाटन मार्जिन और क्षति मार्जिन थाईलैंड और कोरिया गणराज्य में उत्पादकों से कमतर होगा।

152. इस अनुरोध के संबंध में कि घरेलू उद्योग की कच्ची सामग्री की लागत की क्षतिरहित कीमत की गणना के लिए पुनर्विचार और पुन: समीक्षा की जाए। प्राधिकारी नोट करते हैं कि कच्ची सामग्री की लागत नियमावली के अनुबंध-III के अनुसार निर्धारित की गई है।

153. प्राधिकारी ने डीजी सिस्टम्स के आयातों के ब्यौरे प्राप्त किए और उन पर भरोसा किया जिनमें आवेदक के दावे से अलग मात्राएं दर्शाई जा सकती हैं। इसके अलावा, निर्दिष्ट प्राधिकारी ने आर्थिक मापदंडों की जांच में सत्यापित सूचना पर भरोसा किया है। आवेदकों के दावे के अनुसार और प्राधिकारी द्वारा यथा विचारित आर्थिक मापदंडों में कोई वास्तविक बदलाव नहीं हुआ है।

154. इस दलील के संबंध में कि आयातों की मात्रा वर्षवार आधार पर विश्लेषित की गई है जबकि कीमत प्रभाव तिमाही आधार पर विश्लेषित किया गया है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू कीमतों पर आयातों के कीमत प्रभाव की जांच करने के लिए एक तिमाहीवार विश्लेषण किया गया था क्योंकि घरेलू उद्योग केवल जांच अवधि के दौरान प्रचालन में था। दूसरी ओर संबद्ध आयात संपूर्ण क्षति अवधि में देश में प्रवेश कर रहे थे।

155. निर्यातक के लिए सामान्य मूल्य के निर्धारण के संबंध में एवीटी द्वारा तर्कों के संबंध में, प्राधिकरण नोट करता है कि निर्यातक के लिए सामान्य मूल्य के निर्धारण के लिए अवहेलना की गई बिक्री समझौते के अनुच्छेद 2.2.1 के प्रावधानों के अनुरूप है। यह ध्यान दिया जाता है कि घाटे में चल रही बिक्री जिसकी अवहेलना की गई थी, एक विस्तारित अवधि में की गई थी। इसके अलावा, अनुच्छेद 2.2.1 के फुटनोट 5 में यह प्रावधान है कि प्रति यूनिट लागत से नीचे की बिक्री पर्याप्त मात्रा में की जाती है जब अधिकारी यह स्थापित करते हैं कि सामान्य मूल्य के निर्धारण के लिए विचाराधीन लेनदेन का भारित औसत बिक्री मूल्य प्रति यूनिट लागत भारित औसत से नीचे है, या प्रति यूनिट लागत से नीचे बिक्री की मात्रा विचाराधीन लेनदेन में बेची गई मात्रा के 20 प्रतिशत से कम नहीं का प्रतिनिधित्व करती है सामान्य मूल्य का निर्धारण। वर्तमान मामले में, घाटे में चल रही बिक्री तिमाहियों के दौरान बिक्री की कुल मात्रा के 20% से कम नहीं है। इस प्रकार, ऐसी बिक्री व्यापार के सामान्य पाठ्यक्रम में नहीं पाई गई और इसकी अवहेलना की गई।

156. इसके अलावा, प्राधिकरण ने निर्यातक के इस तर्क की भी जांच की है कि पीओआई के उत्पादन की समग्र लागत पर केवल जांच की अवधि की तिमाही 2 और तिमाही 3 में की

गई घरेलू बिक्री के लिए व्यापार परीक्षण के सामान्य पाठ्यक्रम के निष्पादन के लिए विचार किया जाना चाहिए न कि जांच की अवधि के दौरान की गई सभी बिक्री के लिए। प्राधिकरण नोट करता है कि इस तरह का दृष्टिकोण प्रकृति में चयनात्मक होने के कारण अनुचित होगा। प्राधिकरण आगे नोट करता है कि कीमतों में गिरावट के साथ-साथ इस अवधि में कच्चे माल की लागत में उल्लेखनीय गिरावट आई है। इसलिए, दृष्टिकोण की निरंतरता सुनिश्चित करने के मद्देनजर, प्राधिकरण ने प्रत्येक तिमाही में कीमतों की तुलना सभी निर्यातकों के लिए उसी तिमाही की लागत से की है, ताकि यह जांच की जा सके कि क्या बिक्री व्यापार के सामान्य क्रम में की गई थी। प्राधिकरण पहले से निर्धारित पाटन मार्जन में कोई संशोधन करना उपयुक्त नहीं समळाता है।

157. इस दलील के संबंध में कि एवीटी के लिए क्यू2 और क्यू3 के लिए सामान्य मूल्य को 5 प्रतिशत के तर्कसंगत लाभ मार्जिन को जोड़कर उत्पादन लागत के आधार पर परिकलित किया जाना चाहिए, यह देखा गया है कि निर्यातक ने 5 प्रतिशत लाभ मार्जिन पर विचार करने की तर्कसंगतता के संबंध में कोई कारण या औचित्य प्रस्तुत नहीं किया है। सामान्य मूल्य के निर्धारण के लिए प्राधिकारी ने इसी समय अवधि में की गई संबद्ध वस्तु की बिक्री के संबंध में स्वयं निर्यातक द्वारा अर्जित लाभ पर विचार किया है जिसे अतर्कसंगत नहीं माना जा सकता है। इस संबंध में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि अधिनियम की धारा 9क(1)(ग) क प्रावधानों में व्यवस्था है कि जब निर्यातक देश के घरेलू बाजार में व्यापार की सामान्य प्रक्रिया में समान वस्तु की कोई बिक्रियां न हों तो सामान्य मूल्य को उद्गम के देश में उक्त वस्तु की उत्पादन लागत तथा प्रशासनिक, बिक्री और सामान्य लागत तथा लाभ के लिए तर्कसंगत योग्य जोड़ करके उसके आधार पर निर्धारित किया जा सकता है। तथापि, नियमावली की धारा 9क(1)(ग) के प्रावधान यह परिभाषित नहीं करते कि इस संबंध में, कितने लाभ मार्जिन को तर्कसंगत माना जाए। प्राधिकारी नोट करते हैं कि ऐसी स्थिति में जहां लाभप्रद बिक्रियों की मात्रा 80 प्रतिशत से कम होगी, परंतु 20 प्रतिशत से अधिक होगी, वहां सामान्य मूल्य प्राधिकारी की संगत प्रक्रिया के अनुसार केवल लाभप्रद बिक्रियों की कीमत पर आधारित होगा। लाभप्रद बिक्रियों की कीमत अनिवार्य रूप से उत्पादन लागत जमा लाभप्रद बिक्रियों पर लाभ मार्जिन के बराबर होनी चाहिए। तथापि, केवल इसलिए कि लाभप्रद बिक्रियों की मात्रा 20 प्रतिशत से कम है। यह नहीं माना जा सकता है कि लाभप्रद बिक्रियों का लाभ मार्जिन सामान्य मूल्य के निर्धारण के लिए अब उचित बेंचमार्क नहीं है। ऐसी स्थिति में 5 प्रतिशत के बेंचमार्क पर विचार करने का कारगर अर्थ ऐसे उत्पादक के साथ और अधिक अनुकूल व्यवहार करना होगा जिसकी लाभप्रद बिक्रियों की मात्रा (अर्थात कुल मात्रा का 20 प्रतिशत से कम) की तुलना में लाभप्रद बिक्रियों

की उच्चतर मात्रा वाले उत्पादक (अर्थात कुल बिक्री के 20 प्रतिशत से अधिक) से अधिक अनुकूल होगा। प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि निर्यातक ने ऐसा कोई कारण नहीं बताया है कि इन दो तिमाहियों में लाभप्रद बिक्रियों पर अर्जित लाभ मार्जिन को क्यों अतर्कसंगत माना जाना चाहिए। इसके विपरीत प्राधिकारी नोट करते हैं कि जांच अवधि की शेष तिमाही में अर्जित लाभ मार्जिन जहां बिक्री कीमत के आधार पर सामान्य मूल्य निर्धारित किया गया है, क्यू1 में *** प्रतिशत और क्यू4 में *** प्रतिशत से भी अधिक था। दो तिमाहियों में अर्जित उच्चतर लाभ मार्जिन के मद्देनजर जहां सामान्य मूल्य बिक्री कीमत के आधार पर निर्धारित किया गया है, यह नहीं माना जा सकता है कि क्यू3 में *** प्रतिशत और क्यू4 में *** प्रतिशत मात्र का लाभ मार्जिन, तर्कसंगत है।

158. प्राधिकारी ने कच्ची सामग्री की लागत में उतार-चढ़ाव के लिए आवश्यक समायोजन के बाद घरेलू उद्योग के अनुमानों पर विचार किया है। इसके अलावा, प्राधिकारी की प्रक्रिया वास्तविक बाधा के मामलों में अनुमानित निष्पादन के साथ घरेलू उद्योग के वास्तविक निष्पादन पर विचार करने और उससे तुलना की रही है। ऐसी कोई तुलना प्राधिकारी की जांच के दायरे से बाहर नहीं जाती है।

159. इस दलील के संबंध में कि प्राधिकारी ने केवल चुनिंदा रूप से क्षति मापदंडों का विश्लेषण किया है। यह नोट किया जाता है कि प्राधिकारी ने अपनी क्षति जांच में पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध-II के पैरा (iv) के प्रावधानों के अंतर्गत सूचीबद्ध प्रत्येक मापदंड की जांच की है। अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने ऐसे किसी विशिष्ट मापदंड की पहचान नहीं की है, जिसका प्रकटन विवरण में विश्लेषण नहीं किया गया है।

160. इन दावों के संबंध में कि आयातों की मात्रा तिमाही आधार पर तुलना के समय घट गई है। प्राधिकारी पाते हैं कि यह स्पष्ट है कि आयातों की मात्रा किसी नए उत्पादक के बाजार में प्रवेश करने पर नियंत्रित होती है। इसके अलावा, कतिपय तिमाही में आयातों में गिरावट के बावजूद जांच अवधि के दौरान आयातों की मात्रा फिर भी पूर्ववर्ती वर्ष से अधिक थी जबकि आयातों की पहुंच कीमत में गिरावट आई। इस प्रकार, यद्यपि घरेलू बिक्री की मात्रा में वृद्धि हुई है, परंतु घरेलू उद्योग की वृद्धि बाजार में आयातों की भारी मात्रा की मौजूदगी के कारण बाधित हुई थी।

161. इस दलील के संबंध में वैश्विक बाजार कीमतें घरेलू उद्योग की क्षतरहित कीमत से कम हैं जो उच्चतर लागत पर रिफाइन ग्लीसरीन का आयात करता है। यह नोट किया जाता है कि

थाईलैंड से निर्यातक भी अपनी उत्पादन प्रक्रिया में कच्ची ग्लीसरीन से रिफाइंड ग्लीसरीन निकालने के बजाय रिफाइंड ग्लीसरीन का प्रयोग करते हैं। इस प्रकार उत्पादन की उच्चतर लागत का निर्यातक की लागत और कीमत पर भी समतुल्य प्रभाव पड़ना चाहिए। इसके अलावा, नियमावली के अनुबंध-III के अनुसार एनआईपी निर्धारित की गई है।

162. प्राधिकारी नोट करते हैं कि पहुंच कीमत के साथ कच्चे ग्लीसरीन के उपयोग पर विचार करते हुए उत्पादन लागत की तुलना के तर्क के बारे में निर्यातक ने दावा किया है कि चूंकि उन्होंने संविदागत दायित्वों के अंतर्गत उच्च लागत पर कच्ची सामग्री खरीदी है। इसलिए उनकी उत्पादन लागत और परिणामी कीमत समय के साथ कम होगी और इसका प्रभाव तत्काल दिखाई नहीं देगा। तथापि, दूसरी ओर निर्यातक ने यह भी दावा किया है कि घरेलू उद्योग को उच्च लागत पर ग्लीसरीन खरीदने के कारण क्षति हुई है जिसकी वजह से उत्पादन की लागत अधिक हो गई है। अत: दूसरी ओर यद्यपि निर्यातक व्यावसायिक वास्तविकता का उल्लेख कर रहा है परंतु दूसरी ओर वह ऐसी स्थिति के घरेलू उद्योग की ओर से गलत खरीद के निर्णय के रूप में दावा कर रहा है। जहां मार्जिन को कीमतों की तुलना के आधार पर निर्धारित किया गया था। प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि निर्यातक ने क्यू1 और क्यू4 में भी पाटन दर्शाया है। यदि कीमतों में कच्ची सामग्री की कीमत में बदलाव को दिखने में समय लगता है तो यह बात घरेलू बाजार और निर्यात बाजार दोनों के लिए सही होनी चाहिए। तथापि, वर्तमान मामले में यह सही नहीं है।

163. इस दावे के संबंध में कि बाजार में किसी नए उत्पादक को स्थिर होने में पर्याप्त समय लगता है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग अपने प्रचालन के पहली तिमाही के दौरान उच्च क्षमता उपयोग पर कार्य कर रहा था। तथापि, उसके बाद घरेलू उद्योग की क्षमता उपयोग में गिरावट आई, जो यह दर्शाता है कि उसे पाटित आयातों की भारी मात्रा की मौजूदगी के कारण अपने प्रचालनों को कम करने के लिए बाध्य होना पड़ा और आरंभिक प्रचालनात्मक अक्षमताएं इसका कारण नहीं हैं।

164. इस तर्क के संबंध में कि घरेलू उद्योग को मौजूदा संविदाओं और सैंपलिंग / गुणवत्ता अनुमोदनों में समय लगने के कारण कम बिक्री और क्षमता उपयोग का सामना करना पड़ा। प्राधिकारी नोट करते हैं कि अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने यह दर्शाने के लिए कोई साक्ष्य नहीं दिया है कि घरेलू उद्योग का खराब निष्पादन ऐसे अन्य कारकों की वजह से था।

165. प्राधिकारी नोट करते हैं कि एक निर्यातक ने यह दावा किया है कि प्राधिकारी ने गलत ढंग से यह माना है कि तमिलनाडु पेट्रोप्रोडक्ट्स लिमिटेड ने सस्ते आयातों के कारण प्रचालन बंद कर दिये हैं और ऐसा त्रुटिपूर्ण अवलोकन जांच को संदिग्ध बना देता है। यह नोट किया जाता है कि निर्यातक ने अपने इस दावे को सिद्ध करने के लिए कोई साक्ष्य नहीं दिया है कि ईसीएच के पूर्ववर्ती उत्पादक ने सस्ते आयातों से इतर कारणों से प्रचालन बंद किए थे। दूसरी ओर तमिलनाडु पेट्रोप्रोडक्ट्स लिमिटेड की वार्षिक रिपोर्ट यह दर्शाती है कि ईसीएच के प्रचालन सस्ते आयातों के मौजूदगी के कारण बंद हुए थे।

166. इस तर्क के संबंध में कि वास्तविक बाधा विश्लेषण के संबंध में घरेलू उद्योग के अनुमानित निष्पादन मापदंडों पर भरोसा किया गया है और उसका प्रकटन नहीं हुआ है, यह नोट किया गया है कि ऐसी सूचना गोपनीय प्रकृति की है और उसका प्रकटन सार्वजनिक रूप से नहीं किया जा सकता है जो अनुरोध करने वाले पक्षकार के लिए हानिकारक है।

167. इस दावे के संबंध में इपोक्सी उद्योग को शुल्क लगने के कारण नुकसान हुआ। चूंकि संबद्ध देशों से ईसीएच के कम कीमत के आयातों के कारण प्राप्त कोई लाभ गैर संबद्ध देशों से निर्यातकों द्वारा शून्य किया जा सकता है जो प्रतिस्पर्धी कीमतें प्रस्तुत कर सकते हैं, यह नोट किया जाता है कि वर्तमान जांच में संबद्ध देश वैश्विक रूप से ईसीएच के प्रमुख निर्यातक हैं। आवेदक द्वारा प्रस्तुत सूचना यह दर्शाती है कि संबद्ध देशों ने भारत की तुलना में तीसरे देशों को उच्चतम कीमतों पर ईसीएच का निर्यात किया है और इसके विपरीत कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया है। अत: तीसरे देशों में इपोक्सी के उत्पादक भी उच्चतर कीमतों पर ईसीएच प्राप्त कर रहे हैं। इसके अलावा, संबद्ध देशों में भी भारत को इपोक्सी के प्रमुख निर्यातक हैं और ऐसे देशों में इपोक्सी के उत्पादक भारत को ईसीएच के निर्यात की कीमत से उच्चतर कीमत पर ईसीएच प्राप्त कर रहे हैं। यह बात इस तथ्य से स्पष्ट है कि पाटन मार्जिन सकारात्मक पाया गया है जो यह दर्शाता है कि संबद्ध देशों में ईसीएच की कीमतें उन कीमतों से अधिक हैं जिन पर इनका भारत को निर्यात किया गया है। चूंकि शुल्क की राशि पाटन के मार्जिन से अधिक नहीं होती है। इसलिए शुल्क लगने के बाद भी भारत में ईसीएच की कीमतें संबद्ध देशों की तुलना में उच्चतर होंगी। इस प्रकार, भारत में इपोक्सी उद्योग के लिए उपलब्ध लाभ गैर संबद्ध देशों में निर्यातकों द्वारा शून्य किए जाने की संभावना नहीं है।

168. इस दावे के संबंध में कि प्राधिकारी ने तुर्की से कतिपय हॉट रोल्ड स्टील संबंधी मोरक्को - पाटनरोधी उपायों में डब्ल्यूटीओ पैनल द्वारा निर्धारित मापदंडों की जांच नहीं की है। यह

नोट किया जाता है कि इस पैनल ने ऐसे मापदंडों के लिए केवल दिशानिर्देश निर्धारित किए जिन पर जांचकर्ता प्राधिकारी वास्तविक बाधा की जांच करते समय विचार कर सकते हैं। तथापि, पैनल ने यह समुक्ति की थी कि अनुच्छेद 3.1 यह निर्धारित करने के लिए कोई विशिष्ट पद्धति विहित नहीं करता है कि क्या कोई उद्योग स्थापित हो गया है और प्राधिकारी के लिए किसी तर्कसंगत पद्धति का प्रयोग करने की अनुमति है। इसके अलावा, अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने ऐसे कोई मापदंड मुख्य रूप से नहीं दर्शाए हैं जो यह संकेत करते हो कि घरेलू उद्योग स्थापित था और इस प्रकार उसे वास्तविक बाधा नहीं हुई।

169. इस दावे के संबंध में कि जियांग्सू रुईजियांग केमिकल कंपनी लिमिटेड के लिए निर्धारित कारखानाद्वार निर्यात कीमत निर्यातक द्वारा प्रस्तुत सूचना से अलग है। प्राधिकारी ने निर्यातक के लिए निर्धारित निर्यात कीमत संशोधित की है। अद्यतन निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन को यहां नीचे तालिका में शामिल किया गया है।

170. घरेलू उद्योग के लिए क्षतिरहित कीमत के निर्धारण से संबंधित तर्कों और ऐसे निर्धारण के लिए 22 प्रतिशत की आय पर विचार करने के संबंध में प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग के लिए क्षतिरहित कीमत प्राधिकारी की स्थापित प्रक्रिया के आधार पर निर्धारित की गई है और तदनुसार, क्षति मार्जिन निर्धारित किया गया है।

171. इस तर्क के संबंध में कि शुल्क लागू होने से चीन के साथ व्यापारिक तनाव में वृद्धि होने की संभावना है। यह नोट किया गया है कि भारत और चीन दोनों डब्ल्यूटीओ के सदस्य हैं और सीएटी के हस्ताक्षरकर्ता हैं और जीएटी तथा संबंधित करारों के हस्ताक्षरकर्ता हैं जिनमें पाटनरोधी करार भी शामिल है। इस प्रकार, पाटनरोधी करार के प्रावधान के अनुपालन में की गई किसी कार्रवाई से किसी व्यापार तनाव की शुरूआत होने पर विचार नहीं किया जा सकता है।

ड. <u>निष्कर्ष और सिफारिशें</u>

172. सभी हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोधों और उनमें उठाए गए मुद्दों की जांच करने और रिकार्ड में उपलब्ध तथ्यों पर विचार करने के बाद प्राधिकारी का निष्कर्ष निम्नानुसार है:

i. चीन जन. गण., कोरिया गणराज्य और थाईलैंड के मूल के अथवा वहां से निर्यातित एपिक्लोरोहाइड्रिन ("ईसीएच") के आयातों के संबंध में पाटनरोधी जांच की शुरूआत के लिए आवेदन एपिग्रल लिमिटेड (जिसे पहले मेघमनि फाइनकेम लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) द्वारा दायर किया गया है।

ii. विचाराधीन उत्पाद एपिक्लोरोहाइड्रिन है जो एक रंगहीन तरल होता है जिसमें 99 प्रतिशत की अधिक की शुद्धता होती है। इसका प्रयोग मुख्यत: इपोक्सी रेजिन बनाने में होता है और इसका प्रयोग भेषज एपीओ, जल उपचार, पेपर रसायन, सिंथेटिक रबड़, सर्फेक्टेंट, अधेसिव, इलास्टोमर्स, प्लास्टिक और रबड़ और कागज में एक मजबूतीवर्धक के रूप में भी किया जाता है।

iii. आवेदक ने आयातित विचाराधीन वस्तु के समान वस्तु का उत्पादन किया है।

iv. आवेदक देश में समान वस्तु का एकमात्र उत्पादक है और उसने जांच अवधि के दौरान वाणिज्यिक उत्पादन शुरू किया है। आवेदक ने संबद्ध वस्तु के लिए एक नया विनिर्माण संयंत्र स्थापित किया है और उसके प्रचालन जांच अवधि के दौरान स्थिर नहीं हुए हैं। इस प्रकार आवेदक एक स्थापित उद्योग है और नियमावली के नियम 2(ख) के प्रयोजनार्थ घरेलू उद्योग है।

v. अन्य उत्पादक डीसीएम श्रीराम लिमिटेड और ग्रासिम लिमिटेड संबद्ध वस्तु के लिए उत्पादन क्षमताओं की स्थापना की प्रक्रिया में है।

vi संबद्ध देश के उत्पादक भारतीय बाजार में विचाराधीन उत्पाद का पाटन कर रहे हैं।

vii. संबद्ध वस्तु की मांग में क्षति अवधि के दौरान वृद्धि हुई है।

viii. आयातों की मात्रा में क्षति अवधि के दौरान वृद्धि हुई है और जांच अवधि के दौरान घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादन शुरू करने के बावजूद ये अधिकतम रहे हैं। आयातों का देश में कुल आयातों में 94 प्रतिशत हिस्सा है और ये मांग - आपूर्ति के अंतर से अधिक रहे थे।

ix. भारत थाइलैंड में निर्यातकों के सबसे बड़ा निर्यात बाजार है। चीन जन. गण. और कोरिया गणराज्य में निर्यातकों के लिए दूसरा सबसे बड़ा निर्यात बाजार था जो दर्शाता है कि भारत संबद्ध देशों में निर्यातकों के लिए एक प्रमुख बाजार है।

x. संबद्ध आयात जांच अवधि की प्रत्येक तिमाही में घरेलू उद्योग की कीमत में कटौती कर रहे हैं। वास्तव में संबद्ध आयात घरेलू उद्योग की अनुमानित बिक्री कीमत से भी कम कीमत पर हैं जिसने घरेलू उद्योग को अपनी लक्षित कीमत तक पहुंचने से रोका है।

xi. आयातों के कारण घरेलू उद्योग की कीमतों में न्यूनीकरण हुआ है।

xii. आयातों की पहुंच कीमत कच्ची सामग्री लागत से भी कम थी जिसमें निर्यात कीमत का अंकित मूल्य कच्ची सामग्री की तुलना में जांच अवधि के उत्तरार्ध में घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादन शुरू करने पर कटौती कर रहा था।

xiii. घरेलू उद्योग अपनी परिवर्तनशील लागत की वसूली करने में असमर्थ था जिसकी वजह से जांच अवधि के हिस्से के दौरान ऋणात्मक अंशदान हुआ।

xiv. घरेलू उद्योग के आर्थिक मापदंडों पर पाटित आयातों के प्रभाव के संबंध में संबद्ध आयातों की वजह से भारत में नए उद्योग की स्थापना में वास्तविक बाधा हुई है। इस संबंध में, निम्नलिखित बातें संगत हैं:

क. यद्यपि घरेलू उद्योग ने पहली तिमाही में उच्च क्षमता उपयोग हासिल किया है, उसके क्षमता उपयोग में गिरावट आई है और उसकी लगभग तीन चौथाई क्षमता बेकार पड़ी रही है।

ख. घरेलू उद्योग का उत्पादन और घरेलू बिक्रियां काफी कम रहीं और अनुमानित उत्पादन और बिक्रियों से कम रहीं।

ग. चूंकि घरेलू उद्योग अपने उत्पादन का निपटान करने में असमर्थ था। इसलिए उसे जांच अवधि के दौरान अपनी कुल प्रचालन अवधि के 50 प्रतिशत में अपने संयंत्र को बंद रखना पड़ा था।

घ. घरेलू उद्योग कुल मांग के 4 प्रतिशत के थोड़े के हिस्से को पूरा करने में समर्थ था जबकि उसके पास भारी अप्रयुक्त क्षमता थी और आयातों का बाजार हिस्सा 90 प्रतिशत रहा है।

ड. परिणामस्वरूप घरेलू उद्योग को मालसूची एकत्रित होने का सामना करना पड़ा, जो उसके उत्पादन का लगभग आधा थी और घरेलू बिक्रियों के 128 प्रतिशत के बराबर थी। इसके अलावा, उसके पास मालसूची प्रचालन के प्रत्येक महीने में मासिक बिक्री से अधिक थी।

च. घरेलू उद्योग की लाभप्रदता में संपूर्ण जांच अवधि में गिरावट आई और उसे भारी घाटा और नकद घाटा झेलना पड़ा। इसके अलावा, घरेलू उद्योग को दूसरी तिमाही से अपने निवेश पर ऋणात्मक आय प्राप्त हुई। यह घरेलू उद्योग द्वारा अनुमानित लाभों के विपरीत है।

छ. इसके अलावा, यदि घरेलू उद्योग वर्तमान कीमतों पर 80 प्रतिशत उपयोग पर कार्य करता तो भी उसे भारी घाटा उठाना पड़ता ।

ज. यद्यपि घरेलू उद्योग के मात्रात्मक मापदंडों में सुधार हुआ, परंतु उसके लाभप्रदता मापदंडों में प्रत्येक तिमाही में गिरावट आई।

झ. झेले गए भारी घाटों और अर्जित नकारात्मक आय के कारण संबद्ध आयातों में पूंजी निवेश जुटाने की घरेलू उद्योग की क्षमता को बुरी तरह प्रभावित किया है।

xv. उक्त पर विचार करते हुए यह स्पष्ट है कि घरेलू उद्योग को पाटित आयातों के कारण उसकी स्थापना में वास्तविक बाधा का सामना करना पड़ा है।

xvi. संबद्ध आयातों की पहुंच कीमत के साथ प्राधिकारी द्वारा निर्धारित क्षतिरहित कीमत की तुलना से पता चलता है कि क्षति मार्जिन एक को छोड़कर शेष सभी प्रतिवादी निर्यातकों के लिए काफी अधिक और सकारात्मक है।

xvii. जांच से ऐसे किसी अन्य कारक का पता नहीं चला है जिससे घरेलू उद्योग को क्षति हो सकती हो।

xviii. पाटनरोधी शुल्क व्यापक जनहित में होते हैं जैसा कि निम्नलिखित से स्पष्ट है:-

क. भारतीय उद्योग ने भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए संबद्ध वस्तु के विनिर्माण हेतु भारी निवेश किया है।

ख. भारतीय उद्योग द्वारा किए गए भारी निवेश के संरक्षण की आवश्यकता है।

ग. शुल्क लागू होने से डाउनस्ट्रीम प्रयोक्ताओं पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।

घ. शुल्क लागू होना प्रयोक्ताओं के लिए लाभकारी होगा, क्योंकि शुल्क लागू होने के बाद आयात कीमत में वृद्धि फिर भी संबद्ध देशों के घरेलू बाजार में सामान्य मूल्य से कम होगी।

ड. ईसीएच के उत्पादक को पहले ही सस्ते आयातों के कारण अपने प्रचालनों को बंद करना पड़ा था।

च. एक बार अन्य भारतीय उत्पादकों द्वारा उत्पादन शुरू करने पर संबद्ध वस्तु के लिए देश में मांग - आपूर्ति का कोई अंतर नहीं होगा।

छ. संबद्ध वस्तु अन्य देशों से प्रतिस्पर्धी कीमत पर आयातित की जा सकती है।

ज. बाजार में 3 उत्पादकों की मौजूदगी से यह सुनिश्चित होगा कि उद्योग के लिए एकाधिकार न बने।

झ. शुल्क लागू होने से देश में विदेशी मुद्रा की बचत होगी।

173. प्राधिकारी नोट करते हैं कि जांच शुरू की गई थी और सभी हितबद्ध पक्षकारों को अधिसूचित की गई थी और घरेलू उद्योग, निर्यातकों, आयातकों और अन्य हितबद्ध पक्षकारों को पाटन, क्षति और कारणात्मक संबंध के पहलू के संबंध में सकारात्मक जानकारी देने का पर्याप्त अवसर दिया गया था। पाटनरोधी नियमावली के अंतर्गत प्रावधानों के अनुसार पाटन, क्षति और कारणात्मक संबंध की जांच शुरू करने और संचालित करने के बाद प्राधिकारी का यह विचार है कि पाटन तथा क्षति की भरपाई के लिए पाटनरोधी शुल्क

लगाना अपेक्षित है। अत: प्राधिकारी संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तु के आयातों पर पाटनरोधी शुल्क लगाने की सिफारिश करते हैं।

174. अपनाए जाने वाले कमतर शुल्क के नियम को ध्यान में रखते हुए प्राधिकारी पाटन मार्जिन और क्षति मार्जिन में से कमतर के बराबर पाटनरोधी शुल्क लगाने की सिफारिश करते हैं ताकि घरेलू उद्योग की क्षति समाप्त की जा सके। तदनुसार, प्राधिकारी संबद्ध देशों के मूल के अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध वस्तु के आयातों पर केंद्र सरकार द्वारा इस संबंध में जारी की जाने वाली अधिसूचना की तारीख से नीचे दी गई शुल्क तालिका के कॉलम 7 में उल्लिखित राशि के बराबर पाटनरोधी शुल्क को 5 वर्ष की अवधि के लिए लगाने की सिफारिश करते हैं।

शुल्क तालिका

क्र. सं.	शीर्ष	विवरण	मूलता का देश	निर्यात का देश	उत्पादक	राशि	यूनिट	मुद्रा
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
1	2910 30 00	एपिक्लोरोहाइड्रिन	थाईलैंड	थाईलैंड	एजीसी विनीथाई पब्लिक कंपनी लिमिटेड (एवीटी) (पूर्व में एडवांस्ड बायोकेमिकल्स (थाईलैंड) कंपनी लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)	298	एमटी	यूएसडी
2	-वही-	-वही-	थाईलैंड	थाईलैंड सहित कोई देश	(1) के इतर कोई उत्पादक	327	एमटी	यूएसडी
3	-वही-	-वही-	थाईलैंड, चीन जन.गण. और कोरिया गणराज्य से इतर कोई देश	थाईलैंड	कोई	327	एमटी	यूएसडी

4	-वही-	-वही-	कोरिया गणराज्य	कोरिया गणराज्य	हनव्हा सॉल्यूशंस कॉर्पोरेशन	274	एमटी	यूएसडी
5	-वही-	-वही-	कोरिया गणराज्य	कोरिया गणराज्य	लोट्टे फाइन केमिकल कंपनी लिमिटेड	506	एमटी	यूएसडी
6	-वही-	-वही-	कोरिया गणराज्य	कोरिया गणराज्य सहित कोई देश	(4) और (5) से इतर कोई उत्पादक	557	एमटी	यूएसडी
7	-वही-	-वही-	थाईलैंड, चीन जन.गण. और कोरिया गणराज्य से इतर कोई देश	कोरिया गणराज्य	कोई	557	एमटी	यूएसडी
8	-वही-	-वही-	चीन जन.गण.	चीन जन.गण.	जियांग्सू रुईजियांग केमिकल कंपनी लिमिटेड	108	एमटी	यूएसडी
9	-वही-	-वही-	चीन जन.गण.	चीन जन.गण.	निंग्बो हुआयांग न्यू मटेरियल कंपनी लि०	शून्य	एमटी	यूएसडी
10	-वही-	-वही-	चीन जन.गण.	चीन जन.गण. सहित कोई देश	(8) और (9) से इतर कोई उत्पादक	216	एमटी	यूएसडी
11	-वही-	-वही-	थाईलैंड, चीन जन.गण. और कोरिया गणराज्य से इतर कोई देश	चीन जन.गण.	कोई	216	एमटी	यूएसडी

ढ. <u>आगे की प्रक्रिया</u>

175. इस अंतिम जांच परिणाम में निर्दिष्ट प्राधिकारी के इस निर्धारण के विरुद्ध कोई अपील अधिनियम/नियमावली के संगत प्रावधानों के अनुसार सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण के समक्ष की जाएगी।

अनु

(अनन्त स्वरूप)
निर्दिष्ट प्राधिकारी